3 राजधानी
इमारत की पार्किंग में लगी आग

6 अभिमत
स्थानीय संस्कृति और परम्पराओं का सम्मान

9 राष्ट्रीय
राकेश टिकैत पर फेंकी काली स्याही

10 विदेश
क्रोएशिया में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 202
नई दिल्ली, मंगलवार, 31 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





फुटबॉल खिलाड़ियों को सही मौका देने की जरूरत
स्पोर्ट्स-12


# दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन गिरफ्तार

- आठ साल पुराने धनशोधन मामले में ईडी ने की कार्रवाई, भड़की आम आदमी पार्टी
- हिमाचल चुनाव में भाजपा को हार का डर, इसीलिए कार्रवाई: मनीष

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सत्येंद्र जैन की फाइल फोटो

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन को धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया, वहीं आम आदमी पार्टी (आप) ने इसे हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक कदम करार दिया। ईडी अधिकारियों ने कहा कि कुछ घंटों की पूछताछ के बाद उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री जवाब देने में टालमटोल कर रहे थे। मंत्री को मंगलवार को अदालत के समक्ष पेश किए जाने की उम्मीद है।

संघीय एजेंसी ने कथित हवाला सौदे के सिलसिले में यह गिरफ्तारी की है। गिरफ्तारी पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि जैन को आठ साल पुराने फर्जी मामले में गिरफ्तार किया गया है, क्योंकि वह हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी के प्रभारी हैं और भाजपा को चुनावों में हार का डर है। सिसोदिया ने हिंदी में किए गए एक ट्वीट में कहा, सत्येंद्र जैन के खिलाफ आठ साल से एक फर्जी मामला चलाया जा रहा है। अभी तक कई बार ईडी उन्हें तलब कर चुकी है। बीच में कई साल ईडी ने उन्हें बुलाना भी बंद कर दिया था, क्योंकि उसे कुछ मिला ही नहीं। अब फिर शुरू कर दिया क्योंकि सत्येंद्र जैन हिमाचल के चुनाव प्रभारी हैं। सिसोदिया ने कहा, हिमाचल में भाजपा बुरी तरह से हार रही है। इसीलिए सत्एंद्र जैन को आज गिरफ्तार किया गया है ताकि वो हिमाचल न जा सकें। वह जल्द ही छूट जाएंगे क्योंकि उन्हें फर्जी मामले में गिरफ्तार किया गया है।

बाद में संवाददाता सम्मेलन में आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि जैन को पूर्व में ईडी ने सात बार तलब किया था लेकिन उन्हें कभी गिरफ्तार नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले आप को बदनाम करने के लिए जैन को गिरफ्तार किया गया है। राज्यसभा सदस्य सिंह ने कहा, आय से अधिक संपत्ति के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा क्लीन चिट मिलने के बाद जैन को अब ईडी ने आप को बदनाम करने के लिए एक बेबुनियाद मामले में गिरफ्तार किया है। सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, सिसोदिया और अन्य मंत्रियों के खिलाफ छापे का हवाला देते हुए कहा कि यह पहली बार नहीं है जब केंद्रीय एजेंसियों ने आप और उसके नेताओं को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश चुनाव मजबूती से लड़ेगी। जैन सभी आरोपों से मुक्त कर दिए जाएंगे जैसा कि आप के अन्य मंत्रियों और विधायकों के साथ हुआ है, जिनके खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए थे। जैन (57) अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य, उद्योग, बिजली, गृह, शहरी विकास और जल मंत्री हैं। हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में होने हैं और आम आदमी पार्टी (आप) इस साल की शुरुआत में पंजाब में अपनी शानदार जीत के बाद राज्य में पैठ बनाने की कोशिश कर रही है। एजेंसी ने पिछले महीने कहा था कि जैन के परिवार और जैन से संबंधित कंपनियों की 4.81 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति को उनके खिलाफ एक धनशोधन मामले की जांच के तहत अस्थाई रूप से कुर्क कर लिया गया है। तब ईडी ने एक बयान में कहा था कि लगभग 4.81 करोड़ रुपए मूल्य की अचल संपत्तियां अकिंचन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, इंडो मेटल इंपेक्स प्राइवेट लिमिटेड, पर्यास इंफोसॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, जेजे आइडियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड, वैभव जैन की पत्नी स्वाति जैन, अजीत प्रसाद जैन की पत्नी सुशीला जैन और सुनील जैन की पत्नी इंदु जैन से संबंधित हैं।

# तेज आंधी-बारिश से उखड़े पेड़-खंभे, छज्जा गिरने से एक मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में सोमवार को तेज आंधी-पानी से उखड़ा पड़ा एक पेड़

**तेज** अंधड़ और बारिश थोड़ी राहत के साथ बड़ी आफत लेकर आई। पुरानी स्थित दरियागंज एक जर्जर मकान का छज्जा गिरने से बुजुर्ग की मौत हो गई, वहीं कई इलाकों में पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए। करीब आधे घंटे की आंधी-बारिश से सड़क और हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। दिन भर तपिश के बाद सोमवार को एकाएक दिल्ली के मौसम ने करवट बदली और तेज आंधी और बारिश की दस्तक से सड़कों पर आवाजाही रुक गई। राजधानी में करीब 100 किमी/ घंटा की गति से आंधी चली। इस दौरान लगभग अंधेरा छा गया।

पुरानी दिल्ली स्थित जामा मस्जिद के वकीलपुरा इलाके में एक जर्जर हो चुका छज्जा गिर गया, मलबे की चपेट में आए कैलाश चंद (55) की मौत हो गई। मामले की पुष्टि मध्य जिला डीसीपी श्वेता चौहान ने की है। पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने जानकारी दी कि अंधड़ के दौरान अपने घर के नीचे कैलाश चंद खड़े थे, इसी दौरान पड़ोस के मकान का छज्जा उनके सिर पर गिर गया। कैलाश चंद का बेटा उसे संजीवन अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषत कर दिया। रविवार को आए अंधड़ में भी एक मकान का छज्जा गिर गया था जिसमें दो लोग बाल-बाल बचे थे। वहीं लक्ष्मी नगर की एक इमारत में भी हिस्सा गिर गया और सड़क पर खड़े कई गाड़ियां इसकी चपेट में आ गई। तेज बारिश के दौरान हवा इतनी तेज थी राजधानी में बड़े पैमाने पर पेड़ जमींदोज हो गए। बहादुर शाह जफर मार्ग पर सड़क किनारे खड़े पुराने पेड़ों में कई ढह गए। इस दौरान यहां पर यातायात रुक गया और वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई।

कई स्थानों पर सिविल डिफेंस और स्थानीय लोगों ने सड़कों से पेड़ हटाकर यातायात को फिर से शुरू कराया। राजधानी के कई इलाकों में जलभराव की खबर है। झमाझम बारिश के बाद जलभराव से केंद्रीय सचिवालय स्थित रफी मार्ग पर पानी भर गया, यहां पर भी यातायात प्रभावित रहा। आंधी से उड़ानें भी प्रभावित हुई (शेष पेज 8)

## जामा मस्जिद का गुंबद बुरी तरह क्षतिग्रस्त

**नई दिल्ली।** जामा मस्जिद के शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने कहा कि मस्जिद की एक मीनार और अन्य हिस्सों से पत्थर टूटकर गिरने से दो लोग घायल हो गए। बुखारी ने कहा कि मुख्य गुंबद का कलश टूटकर गिर गया। और नुकसान से बचने के लिए इसे तत्काल ठीक करने की जरूरत है। मस्जिद के ढांचे के कुछ और पत्थर भी गिर गए। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की मदद से मस्जिद की तत्काल मरम्मत करने के लिए प्रधानमंत्री को पत्र लिखूंगा। दिल्ली वक्फ बोर्ड के अधिकारियों ने कहा कि एक टीम को जामा मस्जिद के निरीक्षण और नुकसान के आकलन के लिए भेजा गया है।



# नेपाल में विमान दुर्घटनास्थल से 21 शव मिले

- मृतकों में चार भारतीय भी शामिल, खराब मौसम के कारण हादसे का संदेह

**भाषा।** काठमांडू



नेपाल में दुर्घनाग्रस्त विमान का बिखरा पड़ा मलवा

**नेपाल** के पर्वतीय मुस्तांग जिले में रविवार को तारा एअर का विमान जिस जगह दुर्घटनाग्रस्त हुआ था वहां से 21 शव बरामद किए जा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि विमान में चार भारतीयों समेत कुल 22 लोग सवार थे और यह पोखरा से उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। तारा एअर का टर्बोप्रॉप ट्विन ओट्टर 9एन-एईटी विमान रविवार की सुबह नेपाल के पर्वतीय इलाके में लापता हो गया था। कनाडा निर्मित विमान में चार भारतीय, दो जर्मन और 13 नेपाली नागरिकों सहित कुल 22 लोग सवार थे।

इसमें चालक दल के तीन नेपाली सदस्य भी सवार थे। यह विमान पोखरा से मध्य नेपाल स्थित मशहूर पर्यटक शहर जोमसोम की ओर जा रहा था। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक बचाव कर्मियों ने दुर्घटनास्थल से 21 शवों को बरामद कर लिया है। बयान में कहा गया कि एक व्यक्ति अब भी लापता है। बयान में कहा गया कि 10 शवों को काठमांडू लाया गया है जबकि 11 शव आधार शिविर ले जाए गए हैं जहां से राहत कार्य का समन्वय हो रहा है। तारा एअर के प्रवक्ता सुदर्शन बर्तोला ने कहा कि खोज एवं बचाव दल बचे हुए एक व्यक्ति की तलाश में इलाके में छानबीन कर रहे हैं। राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी और प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने विमान हादसे में चालक दल के सदस्यों और यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त किया है।

सरकार ने तारा एअर विमान दुर्घटना की वजह का पता लगाने के लिए वरिष्ठ वैमानिक इंजीनियर रतीश चंद्र लाल सुमन की अध्यक्षता में पांच सदस्ईय जांच आयोग का गठन किया है। सीएएएन के महानिदेशक प्रदीप अधिकारी ने सोमवार को संसद की अंतरराष्ट्रीय समिति की बैठक में कहा कि प्रारंभिक (शेष पेज 8)

# प्रधानमंत्री ने बताए पीएम केयर्स फंड के फायदे

- कहा, देश भ्रष्टाचार, घोटालों, भाई-भतीजावाद, आतंकवादी संगठनों और क्षेत्रीय भेदभाव के दुष्चक्र से निकल रहा है बाहर

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत ने कोविड-19 वैश्विक महामारी से निपटने के लिए अपनी क्षमताओं, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों, युवाओं पर भरोसा दिखाया और हमारा देश दुनिया के लिए कोई समस्या नहीं बल्कि समाधान देने वाला बना।

उन्होंने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के नकारात्मक प्रभाव से उबर कर भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन के तहत बच्चों के लिए कई सुविधाएं शुरू करते हुए एक कार्यक्रम में ये बातें कहीं। उन्होंने स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए छात्रवृत्ति भी जारी की। बच्चों को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना के तहत पासबुक और आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य कार्ड भी दिए गए।

प्रधानमंत्री ने पीएम केयर्स के लाभ बताते हुए कहा कि अगर किसी को पेशेवर पाठ्यक्रम या उच्च शिक्षा के लिए एजुकेशन लोन (शिक्षा ऋण) चाहिए तो, पीएम केयर्स उसमें भी मदद करेगा। वैश्विक महामारी के दौरान अपने अभिभावकों को गंवा चुके बच्चों को हर महीने 4000 रुपए दिए जाएंगे, जिससे उनकी दैनिक जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन बच्चों के 23 साल (शेष पेज 8)

# सिद्धू मूसेवाला की हत्या के आरोप में छह गिरफ्तार

- देहरादून में पंजाब पुलिस और उत्तराखंड एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता
- मुख्यमंत्री मान ने कहा, न्यायिक आयोग से कराई हत्याकांड की जांच के गठन की घोषणा की

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून/चंडीगढ़




सिद्धू मूसेवाला की हत्या के विरोध में नई दिल्ली में प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता

**पंजाबी** रैपर और कांग्रेस नेता सिद्धू मूसेवाला की हत्या के सिलसिले में पंजाब पुलिस और उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स ने सोमवार को देहरादून के एक उपनगर से छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।

नृशंस हत्या के कारण पंजाब सरकार के खिलाफ भारी विरोध और राजनीतिक हमलों के बीच मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हाईकोर्ट से हत्या की जांच के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के एक मौजूदा न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक न्यायिक आयोग से कराने की मांग की है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक ने मूसेवाला के हत्यारों को कथित तौर पर बंदूकें और वाहनों की आपूर्ति की थी।

लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य बताया जाने वाला आरोपी अपने दोस्तों के साथ हेमकुंड साहिब की तीर्थ यात्रा के लिए उत्तराखंड आया था। पुलिस ने संदिग्धों को शिमला बाईपास इलाके से उस समय पकड़ा जब वे तीर्थयात्रा से लौट रहे थे। पुलिस ने नयागांव पुलिस चौकी में संदिग्धों से करीब एक घंटे तक पूछताछ की जिसके बाद पंजाब पुलिस उन्हें अपने साथ ले गई। सूत्रों के मुताबिक, मूसेवाला की हत्या के बाद पंजाब पुलिस की टीम मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस करते हुए देहरादून पहुंची।

जहां टीम ने उत्तराखंड एसटीएफ से मदद मांगी। एसटीएफ के मुताबिक, पंजाब पुलिस को सुराग मिला था कि मानसा जिला निवासी मनप्रीत सिंह ने हत्या के लिए बंदूकें और वाहन मुहैया कराए थे। पुलिस मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रैक कर ऋषिकेश से देहरादून आने वाले ट्रैफिक पर (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 55,925 | ↑ 1041 | |
| निफ्टी | 16,661 | ↑ 308 | |
| सोना | 51,052 | ↑ 75 | /10g |
| चांदी | 62,143 | ↑ 120 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पुलवामा में मुठभेड़ दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षाबलों के साथ रात भर चली मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस महीने की शुरूआत में पुलिस कांस्टेबल रियाज अहमद की हत्या में शामिल एक आतंकवादी भी इस मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलवामा के गुंडीपुर में रविवार रात सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों का पता लगाने के लिए इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था। उन्होंने कहा कि तलाशी अभियान के दौरान जब सुरक्षा बलों का दल संदिग्ध स्थान की ओर बढ़ा, तो नजीर अहमद मीर नामक व्यक्ति के घर में छिपे आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

# राज्यसभा प्रत्याशियों के चयन को लेकर कांग्रेस में असंतोष

- पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा अभिनेत्री नगमा, आचार्य प्रमोद कृष्णम सहित कई नेताओं ने उठाए सवाल

**भाषा।** नई दिल्ली

**राज्यसभा** चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन को लेकर कांग्रेस में उभरे असंतोष के बीच सोमवार को पार्टी के प्रत्याशियों पी चिदंबरम, जयराम रमेश, विवेक तन्खा और इमरान प्रतापगढ़ी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उम्मीदवारों के चयन को लेकर सवाल खड़े करने में सबसे मुखर आवाज अभिनेत्री और महिला कांग्रेस की महासचिव नगमा मोरारजी की सामने आई है।

उन्होंने मुख्य रूप से इमरान प्रतापगढ़ी की उम्मीदवारी पर सवाल खड़े किए और दावा किया कि उनसे उच्च सदन में भेजे जाने का वादा 18 साल पहले किया गया था, लेकिन यह आज तक पूरा नहीं हुआ। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा, पार्टी नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम और कुछ अन्य नेताओं ने भी राज्यसभा के लिए पार्टी के उम्मीदवारों के चयन के संदर्भ में दबी जुबान या फिर खुलकर अपनी नाखुशी जाहिर की।

उम्मीदवारों के चयन को लेकर पार्टी में उभरे इस असंतोष के बीच, चिदंबरम ने तमिलनाडु, रमेश और मंसूर अली खान ने कर्नाटक, तन्खा ने मध्य प्रदेश और प्रतापगढ़ी ने महाराष्ट्र से अपना नामांकन पत्र भरा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चिदंबरम ने नामांकन पत्र भरने के बाद उम्मीदवारों के चयन पर अपनी पार्टी के भीतर चल रहे असंतोष पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। तमिलनाडु से राज्यसभा चुनाव के (शेष पेज 8)

# सिविल सेवा परीक्षा में पहले तीन स्थानों पर लड़कियों का कब्जा

- जेएनयू की श्रुति शर्मा प्रथम, अंकिता अग्रवाल द्वितीय और गामिनी सिंगला तीसरे स्थान पर रहीं
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर दी सफल अभ्यर्थियों को बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में अपने परिवार के साथ प्रसन्नचित्त श्रुति शर्मा

**सिविल** सेवा परीक्षा 2021 के शीर्ष तीन स्थानों पर कब्जा कर महिलाओं ने इतिहास रच दिया है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा सोमवार को घोषित परिणामों जेएनयू की छात्रा श्रुति शर्मा ने आईएएस परीक्षा में टॉप करते हुए प्रथम स्थान पर रहीं, दूसरे स्थान पर अंकिता अग्रवाल और तीसरे स्थान पर गामिनी सिंगला रहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अन्य कैबिनेट सहयोगियों, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सभी सफल उम्मीदवारों को सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई संदेश दिए।

यूपीएससी के अनुसार कुल सफल 685 उम्मीदवारों में 508 पुरुषों और 177 महिलाएं हैं। इन सफल अभ्यर्थियों के नामों की सिफारिश आयोग ने विभिन्न केंद्रीय सेवाओं में नियुक्ति के लिए की है। शीर्ष 25 उम्मीदवारों में 15 पुरुष और 10 महिलाएं शामिल हैं। श्रुति शर्मा ने दिल्ली विश्वविद्यालय से इतिहास (ऑनर्स) में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) से स्नातकोत्तर किया है। श्रुति ने वैकल्पिक विषय के रूप में इतिहास के साथ परीक्षा में टॉप किया है। दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र (ऑनर्स) में स्नातक अंकिता ने वैकल्पिक विषयों के रूप में राजनीति विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। यूपीएससी ने बताया कि तीसरे स्थान पर रहने वाली गामिनी कंप्यूटर साइंस में बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बीटेक) हैं और समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में लिया था। ऐश्वर्या वर्मा ने चौथा स्थान और उत्कर्ष द्विवेदी ने पांचवां स्थान हासिल किया। अपनी सफलता पर श्रुति ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनकी इस सफलता में माता-पिता और दोस्तों ने बहुत मदद की, जिसमें बहुत मेहनत और धैर्य की आवश्यकता थी। वह पिछले चार वर्षों से सिविल की तैयारी कर रही थी। वह जामिया मिलिया इस्लामिया की आवासीय कोचिंग अकादमी की छात्रा थीं। जामिया के एक अधिकारी ने दावा किया कि कोचिंग अकादमी के 23 छात्रों ने परीक्षा पास की है। अंकिता ने कहा कि वह आईएएस में शामिल होने के बाद महिला सशक्तिकरण और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के लिए काम करना चाहेंगी।

2020 बैच की भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क) अधिकारी अंकिता वर्तमान में हरियाणा के फरीदाबाद में राष्टीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी (एनएसीआईएन) में परिवीक्षा पर हैं। अपने चयन से उत्साहित तीसरे स्थान पर रहने वाली भटिंडा पंजाब की गामिनी सिंगला ने कहा कि महिलाएं अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण के माध्यम से कुछ भी हासिल करने में सक्षम हैं। प्रधानमंत्री ने अपने ट्वीट में लिखा, उन सभी को बधाई जिन्होंने सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा, 2021 (शेष पेज 8)

# ग्रेटर नोएडा में दादरी-मुंबई वेस्टर्न कॉरिडोर बनकर तैयार

## आज रेल इंजन दौड़ाकर किया जाएगा ट्रायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



गौतमबुद्धनगर जिले के लोगों के लिए आज का दिन बेहद ही महत्वपूर्ण दिन होगा। जिले में डायरेक्ट फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन (डीएफसीसी) के मुंबई से दादरी तक बन रहे वेस्टर्न कॉरिडोर का कार्य पूरा हो चुका है। अब मंगलवार को यहां पर रेल का इंजन दौड़ाकर ट्रायल किया जाएगा। अगर ट्रायल सफल रहा तो जल्द ही इस पर मालगाड़ियों का संचालन शुरू करने का फैसला लिया जाएगा।

वहीं, वेस्टर्न कॉरिडोर पर कई अंडरपास और ओवरब्रिज बनाए गई ताकि आसपास रहने वाले लोगों को कोई दिक्कत न हो। वेस्टर्न कॉरिडोर पर मालगाड़ियों के आवागमन शुरू हो जाने से जिले के उद्यमियों को अधिक फायदा होगा। इससे उनके सम्मान को लेने और ले जाने के खर्चे में बचत होगी। इसके अलावा स्थानीय लोगों के लिए आमदनी और रोजगार के अवसर पैदा होंगे। जिससे क्षेत्र तेजी के साथ विकास की ओर आगे बढ़ेगा।

आपको बता दें कि मुंबई से दादरी तक बन रहे वेस्टर्न फ्रंट कॉरिडोर का 17 किलोमीटर का हिस्सा गौतमबुद्धनगर जिले से होकर गुजर रहा है। जिस के कार्य को 30 जून तक पूरा करने का दावा अधिकारियों ने किया है। ऐसे में अब कॉरिडोर पर पटरी बिछाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। अब आज वेस्टर्न कॉरिडोर पर रेल गाड़ी दौड़ा कर ट्रायल किया जाएगा। वेस्टर्न कॉरिडोर को बनाने का कार्य कई सालों से चल रहा है। इस कॉरिडोर को पूरा करने की अंतिम तिथि पिछले साल दिसंबर की थी, लेकिन कोविड-19 के कारण कार्य को रोक पड़ा। दोबारा कार्य शुरू होने के बाद तेजी के साथ आगे बढ़ाया गया। अब यह कॉरिडोर बनकर तैयार हो गया है।

डीएफसीसी के अधिकारियों ने बताया कि यमुना से पाली गांव तक कॉरिडोर पर इंजन को दौड़ा का ट्रायल किया जाएगा। ट्रायल के समय डीएफसीसी के उच्च स्तर के सभी अधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही ट्रायल के समय यह देखा जाएगा कि कहीं कोई खामियां तो नहीं है। अगर कोई खामी पाई जाती है तो उसको ठीक किया जाएगा। अफसरों ने बताया कि 30 जून तक इस कॉरिडोर के हिस्से को पूरी तरह तैयार कर केंद्र सरकार को सौंप दिया जाएगा। साथ ही अगर ट्रायल सफल होता है तो जल्द ही पर मालगाड़ी के संचालन को शुरू करने का निर्णय लिया जाएगा।

जिले में वेस्टर्न कॉरिडोर की 17 किलोमीटर की लंबाई है। ऐसे में लोगों को कठिनाई न हो इसके लिए कॉरिडोर पर 5 ओवर ब्रिज और 13 अंडरपास बनाए गए हैं। इन सब में नोएडा एक्सप्रेसवे पर बना ओवरब्रिज खास है। यहां का ओवर ब्रिज मेट्रो लाइन और एक्सप्रेसवे के ऊपर से होकर गुजर रहा है। अंडरपास और ओवर ब्रिज के निर्माण से स्थानीय लोगों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। अगर किसी शहर में कोई भी परियोजना आती है तो वहां विकास और रोजगार के अवसर अपने आप ही पैदा हो जाते हैं।

जिले में वेस्टर्न फ्रंट कॉरिडोर के निर्माण कार्य के पूरा हो गया है। इस कॉरिडोर पर संचालन शुरू होने से स्थानीय लोगों को अधिक फायदा होगा। लोगों के लिए रोजगार और आमदनी के कई अवसर पैदा होंगे। जब कोई परियोजना एक शहर में शुरू की जाती है तो वहां पर काम करने के लिए बाहर के लोग आकर बसते हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों के लिए किराए के जरिए आमदनी का रास्ता खुल जाता है। साथ ही असपास का बाजार भी विकसित होता है। डीएफसीसी के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर राजेंद्र सिंह ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर जिले में वेस्टर्न कॉरिडोर बनकर तैयार हो गया है।

## फांसी पर लटका मिला 20 वर्षीय युवती का शव

**गाजियाबाद।** लोनी बार्डर थाना क्षेत्र के विकास कुंज आश्रम रोड कॉलोनी से एक आत्महत्या का मामला सामने आया है। जहां छत पर सो रही छोटी बहन जब रविवार सुबह उठकर नीचे आई, तो बड़ी बहन का शव फंदे से लटका हुआ देख दंग रह गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार शनिवार को कॉलोनी में लाइट नहीं आने पर गर्मी के चलते भारती ऊपर छत पर सोने चली गई थी। रविवार सुबह जब वह नीचे कमरे में पहुंची, तो आरती का शव दरवाजे के ऊपर लगी ग्रिल में चुन्नी के फंदे से लटका हुआ था। बहन को फंदे से लटका हुआ देख भारती की चीख निकल गई। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोगों वहां आ गए। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी।

एसएचओ सचिन कुमार ने बताया कि परिवार के अन्य सदस्यों को सूचना दे दी है। परिवार के लोगों ने घटना के कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है।

# अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को भा रहा नोएडा-ग्रेटर नोएडा

## *अमेरिका, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, जापान की कंपनियां जिले में निवेश को उत्सुक*

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

अंतरराष्ट्रीय कंपनियां सबसे अधिक नोएडा-ग्रेटर नोएडा में जमीन की मांग कर रही हैं और निवेश को लेकर उत्सुक नजर आ रही हैं। सरकार का दावा है कि प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित होने जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में गौतमबुद्धनगर जिले का जलवा होगा। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि अमेरिका, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, जापान की अनेक बड़ी कंपनियां गौतमबुद्धनगर जिले में निवेश करने के लिए आ रही हैं।

औद्योगिक विकास मंत्री के अनुसार, अमेरिका की माइक्रोसॉफ्ट कंपनी सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट परियोजना के तहत 18 सौ करोड़ और एमक्यू सॉफ्टवेयर नोएडा में 252 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। दक्षिण कोरिया की कंपनी समकवांग भी नोएडा में 300 करोड़ रुपये, ड्रीमटेक इलेक्ट्रानिक्स 265 करोड़ खर्च करने वाली हैं। स्टारियन इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण परियोजना की स्थापना के लिए 400 करोड़ रुपये, सिंगापुर की एस टीटी, जीडीसी कंपनी गौतमबुद्धनगर में डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए 900 करोड़ तो वहीं जापान की एनटीटी नेट मैजिक डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए 1500 करोड़ रुपये और एलाइड निप्पान ऑटो कम्पोनेंट्स निर्माण परियोजना की स्थापना के लिए 240 करोड़ रुपये का निवेश गौतमबुद्धनगर जिले में करने जा रही हैं।

इसके अलावा भी कुछ अन्य देशों की कंपनियों से शासन स्तर पर बातचीत चल रही है और उपलब्धता के आधार पर उन्हें यहां पर जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। औद्योगिक विकास मंत्री ने कहा कि तीन जून को लखनऊ में आयोजित होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-3 को भव्यतम बनाया जाएगा। विदेशी निवेश लाने के मामले में अभी तक देश में 11वें स्थान पर चल रहा उत्तर प्रदेश शीघ्र ही



फाइल फोटो

देश में पांचवें स्थान पर होगा। योगी सरकार में कानून व्यवस्था से लेकर कामकाज में पारदर्शिता के चलते चाहें जमीन का मामला हो, या तमाम विभागों से मिलने वाली एनओसी का मुद्दा, हर क्षेत्र में उद्यमियों को कई तरह की सहूलियतें दी जा रही हैं। इससे उद्यमियों में संदेश गया है कि उत्तर प्रदेश निवेश करने के लिए बेहतर है।

ऐसे में विदेशी निवेशक भी उत्तर प्रदेश में निवेश करने में रुचि दिखा रहे हैं। इससे यहां रोजगार के नए अवसर भी मिल रहे हैं। संभावना है कि सेरेमनी में यमुना विकास प्राधिकरण जनपद में सबसे ज्यादा निवेश की योजनाओं को गति देगा। प्राधिकरण ने कुल 10 हजार 138 करोड़ रुपये की निवेश योजनाओं को शामिल किया है। इनमें 3800 करोड़ रुपये की मेडिकल डिवाइस पार्क और 3500 करोड़ रुपये की अपैरल पार्क योजना है। इसके अलावा करीब 38 एकड़ जमीन पर 953.3 करोड़ रुपये निवेश वाली सूर्या ग्लोबल फ्लैक्सी फिल्म का नाम प्रमुख है।

# अवैध कब्जे पर कार्रवाई की हर माह देनी होगी रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- क्षेत्र को जीडीए ने आठ जोन में है बांटा

जीडीए की अवैध निर्माण के खिलाफ होने वाली कार्रवाई पर शासन की नजर रहेगी। प्राधिकरण को हर महीने अवैध निर्माण के खिलाफ करने वाली कार्रवाई की रिपोर्ट शासन को भेजनी होगी। इस रिपोर्ट में प्रत्येक जोन में होने वाली कार्रवाई की जानकारी देनी होगी। यह भी बताना होगा कि अवैध निर्माण करने वाले कितने लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

जीडीए क्षेत्र को आठ जोन में विभाजित किया हुआ है। इन सभी जोन में प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम अवैध व नक्शे के विपरीत निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करती है। अब शासन स्तर से अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश आए हैं।

इसके बाद जीडीए उपाध्यक्ष ने भी प्रवर्तन प्रभारियों को अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही रिपोर्ट भी तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस रिपोर्ट में हर महीने अवैध निर्माण के खिलाफ दिए गए नोटिस, ध्वस्तीकरण, सीलिंग आदि की विस्तृत जानकारी देनी होगी। ताकि इस रिपोर्ट को शासन स्तर पर भेजा जा सके।

## महंगाई के विरोध में निकाला जुलूस

**गाजियाबाद।** लगातार बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी के विरोध में सीटू नेताओं ने रविवार को जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।

सीटू नेता जे पी शुक्ला ने बताया कि वाम दलों के आह्वान पर महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ 25 से 31 मई तक देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी के क्रम में रविवार को सी पी आई (एम) के कार्यकर्ता आंबेडकर रोड स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर एकजुट हुए। वहां से कल्लूपुरा होकर मालीवाड़ा तक जलूस निकालकर कर विरोध जताया। जुलूस में सीटू पदाधिकारियों ने देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ नारेबाजी भी की।

# बालकनी से गिरा 3 साल का बच्चा, 8 दिन बाद हुई मौत


**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

नोएडा में एक दर्दनाक मामला सामने आया है। एक 3 साल का बच्चा खेलते हुए बालकनी से नीचे गिर गया। इस हादसे में बच्ची को गंभीर चोट आई और उसको इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया गया। जहां पर बीती रात को बच्चे ने दम तोड़ दिया है। इस मामले के बाद बच्चे के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा के सेक्टर-71 में स्थित शिव शक्ति अपार्टमेंट के तीसरे फ्लोर पर कानपुर निवासी दीपक सिंह का परिवार रहता है। दीपक सिंह नोएडा में जैकेट बनाने का व्यवसाय करते हैं।

पुलिस ने बताया कि बीते 20 मई को इनका 3 साल का बच्चा बालकनी में खेल रहा था। उसी दौरान बालकनी से अचानक वह नीचे गिर गया। जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय बच्चे की मां रसोई में खाना बना रही थी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# 34 आईएएस सहित 40 अफसरों का तबादला

## ● एलजी विनय सक्सेना ने किया प्रशासनिक फेरबदल



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली की नौकरशाही में अचानक बड़ा फेरबदल कर दिया गया है। उन्होंने सोमवार को 34 आईएएस अधिकारियों समेत 40 अफसरों को इधर से उधर कर दिया है।

सेवा विभाग ने स्थानांतरण आदेश जारी किया जो उपराज्यपाल के तहत आता है। स्टेडियम में कुत्ता टहलाने को लेकर चर्चा में आए आईएएस अधिकारी संजीव कुमार खिरवार के स्थान पर अब 1993 बैच के आईएएस अधिकारी खिल्ली राम मीणा को प्रधान सचिव (राजस्व) और संभागीय आयुक्त नियुक्त किया गया है। वह संजीव खिरवार की जगह लेंगे जिनका पिछले हफ्ते लद्दाख तबादला कर दिया गया था। इससे पूर्व मीणा सतर्कता विभाग में प्रधान सचिव एवं निदेशक के पद पर कार्यरत थे। इसके अलावा कई जिलाधिकारियों (डीएम) का भी तबादला कर दिया गया है।

नई दिल्ली जिले की डीएम और 2014 बैच की आईएएस अधिकारी मोनिका प्रियदर्शिनी को दक्षिण जिले में स्थानांतरित किया गया है। संतोष कुमार राय को नई दिल्ली जिले का नया डीएम नियुक्त किया गया है। डीएम (दक्षिण) सोनालिका जिवानी को शहरी विकास विभाग में विशेष सचिव नियुक्त किया गया है।

फिलहाल डीएम (दक्षिण पूर्व) के पद पर तैनात विश्वेंद्र को समाज कल्याण विभाग में विशेष निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सोनिका सिंह को डीएम (मध्य) पद पर तैनात किया गया है। वह डीएम (पूर्व) थीं और डीएम (मध्य) का अतिरिक्त प्रभार संभाल रही थीं। डीएम (दक्षिण पश्चिम) के पद पर तैनात विक्रम सिंह मलिक को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) में सचिव पद पर स्थानांतरित किया गया है। 2013 बैच के आईएएस अधिकारी हेमंत कुमार डीएम (दक्षिण पश्चिम) का पदभार ग्रहण करेंगे।




एनडीएमसी की सचिव ईशा खोसला को डीएम (दक्षिण पूर्व) नियुक्त किया गया है, जबकि अनिल बांका को डीएम (पूर्व) के पद पर तैनाती दी गई है। 2011 बैच के आईएएस अधिकारी तारिक थॉमस को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) का आयुक्त नियुक्त किया गया है। उदित प्रकाश राय से दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ की जिम्मेदारी वापस ले ली गई है और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग में विशेष सचिव पद पर उनकी तैनाती बरकरार रखी गई है। वह इस पद का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड के अध्यक्ष पी कृष्णमूर्ति को दिल्ली जल बोर्ड का सीईओ नियुक्त किया गया है। दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड की सीईओ गरिमा गुप्ता को समाज कल्याण विभाग में सचिव नियुक्त किया गया है और उन्हें महिला एवं बाल विकास विभाग में सचिव और शाहजहानाबाद पुनर्विकास परिषद के एमडी (प्रबंध निदेशक) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। 2009 बैच के आईएएस अधिकारी के. महेश दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड में उनकी जगह लेंगे। हाल में एकीकृत हुई दिल्ली नगर निगम को कई युवा अधिकारी मिले हैं।

## तेज बारिश से दिल्ली सरकार की खुली खोल : भाजपा

**नई दिल्ली।** आंधी और बारिश को लेकर भाजपा ने दिल्ली सरकार को घेरा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि



सोमवार को आंधी और बारिश के कारण जिस तरह की तस्वीर देखने को मिल रही है, वह बताती है कि केजरीवाल सरकार ने बारिश के बाद होने वाली तबाही को रोकने के लिए कोई उपाय नहीं किया है। अभी तो मानसून भी नहीं आया है तब दिल्ली का यह हाल है कि कहीं पेड़ गिरे तो कहीं जल जमाव हो गया। जब बारिश का मौसम आ जाएगा और केजरीवाल का कुप्रबंधन इसी तरह रहा तो दिल्ली पूरी तरह से जल मग्न हो जाएगी।

गुप्ता ने कहा कि पिछले कुछ सालों में देखा है कि पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर अधिकांश जगह जलजमाव होता है। इससे सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाती है लेकिन उसकी आज तक मरम्मत नहीं कराई गई। शायद केजरीवाल एक बार फिर से उन सड़कों को जलमग्न होने और लोगों को नाव से सड़कें पार करने का इंतजार कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार




दस दिवसीय जेन नेक्स्ट डेमोक्रेसी नेटवर्क कार्यक्रम में आए प्रतिनिधि।

### जेन नेक्स्ट डेमोक्रेसी कार्यक्रम आए 6 देशों के प्रतिनिधि

**नई दिल्ली।** भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के दस दिवसीय जेन नेक्स्ट डेमोक्रेसी नेटवर्क कार्यक्रम में 6 देशों के 27 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आईसीसीआर के महानिदेशक कुमार तुहिन ने रविवार को एक समारोह में कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान विदेशी प्रतिनिधियों का यह दूसरा दल भारत आया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत लोकतांत्रिक देशों के युवा जेन नेक्स्ट डेमोक्रेसी नेटवर्क कार्यक्रम के दौरान शिष्टमंडल के प्रतिनिधि भारत की विरासत, संस्कृति और लोकतंत्र की कार्यशैली से अवगत हुए। समापन कार्यक्रम में छह देशों के 27 प्रतिनिधियों ने भारत भ्रमण के अपने अनुभवों को साझा किया।

### थामस कप विजेता टीम के कोच विजयदीप का अभिनंदन

**नई दिल्ली।** थामस कप 2022 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के कोच विजयदीप सिंह और ब्राजील में आयोजित मूक एवं बधिर बैडमिंटन ओलंपिक में भारतीय टीम की कोच पूनम तिवारी का उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल एक समारोह में सोमवार को सम्मान व अभिनंदन किया। उत्तर रेलवे प्रधान कार्यालय बडौदा हाउस नई दिल्ली में समारोह का आयोजन किया गया था। उत्तर रेलवे के अम्बाला मंडल में मुख्य टिकट निरीक्षक के पद पर कार्यरत विजयदीप सिंह 14 वर्षों से सीनियर इंडियन बैडमिंटन टीम के कोच हैं। पूनम तिवारी वर्तमान में उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली में मुख्य कार्यालय अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। इस अवसर पर एके खंडेलवाल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/यूएसबीआरएल एवं अध्यक्ष/एनआरएसए व उत्तर रेलवे खेल-कूद संघ के सचिव, कौस्तुभ मणि भी इस अवसर पर उपस्थित थे ।

### उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने कार्य प्रगति की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने सोमवार को प्रधान कार्यालय, बडौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों की मौजूदगी में तथा मंडल रेल प्रबंधकों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की। बैठक में संरक्षा, दरारें और ज्वाइंट वैल्ड व बाहरी लोगों द्वारा सिग्नल केबल काटने के मामलों, रेलगाड़ियों की गतिसीमा बढ़ाने के प्रयास, रेलवे भूमि दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन, सामग्री प्रबंधन, स्क्रैप के निपटान जैसे मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया गया।

### कालिंदी कॉलेज की प्राचार्य के खिलाफ कानूनी नोटिस

**नई दिल्ली।** कालिंदी कॉलेज की प्राचार्य को कॉलेज के वरिष्ठ लेखा अधिकारी को कथित तौर पर परेशान और प्रताड़ित करने के आरोप में कानूनी नोटिस भेजा गया है। प्राचार्य नैना हसीजा ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इस कानूनी नोटिस को व्यक्तिगत रूप से बदला लेने के लिए की गई कार्रवाई करार दिया और आरोप लगाया कि लेखा अधिकारी अमित गुप्ता को 11 मई को अहम दस्तावेज चुराते हुए पकड़ा गया था। अमित गुप्ता की पत्नी ने अपने वकील के जरिए हसीजा, कॉलेज के सहायक सलाहकार अनिल कुमार बुटान और प्राचार्य की कार्यवाहक एसपीए भावना मुंजाल को नोटिस भेजा। नोटिस में तीनों पर गुप्ता के खिलाफ अवैध कार्वाई करने और उन्हें धमकी देने का आरोप लगाया। इसमें कॉलेज के वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी से बिना शर्त माफी मांगे जाने की मांग की।

→ मुख्यमंत्री आवास के बाहर तोड़फोड़ मामला ←

# सीलबंद रिपोर्ट सचिवालय को देने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने सोमवार को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर सुरक्षा इंतजाम के संबंध में दाखिल की गई दिल्ली पुलिस की स्थिति रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में मुख्यमंत्री सचिवालय को दी जाए। मुख्यमंत्री केजरीवाल के आधिकारिक आवास के बाहर मार्च में तोड़फोड़ की घटना हुई थी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति सचिन दत्त की पीठ ने कहा कि चूंकि स्थिति रिपोर्ट मुख्यमंत्री की सुरक्षा से संबंधित है, इसलिए वह पूरा विवरण सार्वजनिक नहीं करना चाहेगी। अदालत ने साथ ही इसे याचिकाकर्ता एवं आप विधायक सौरभ भारद्वाज से साझा करने से भी इनकार कर दिया। पीठ ने कहा, यह मुख्यमंत्री के आवास की सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित है। उसकी सुरक्षा के पहलुओं को देखते हुए, हम इसे याचिकाकर्ता के साथ साझा करने को इच्छुक नहीं हैं। हालांकि, हम स्थिति रिपोर्ट की एक प्रति सीलबंद लिफाफे में मुख्यमंत्री सचिवालय को देने का निर्देश देते हैं। पीठ ने रिपोर्ट को मुख्यमंत्री सचिवालय से साझा करने से पहले, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) संजय जैन के उस अनुरोध को भी स्वीकार करने से इनकार कर दिया, जिसमें रिपोर्ट के एक खास हिस्से को हटाने की मांग की गई थी। रिपोर्ट का यह हिस्सा दिल्ली पुलिस के उन अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच से संबद्ध है, जो सुरक्षा में चूक के लिए कथित तौर पर जिम्मेदार हैं। पीठ ने कहा, पूरा मुद्दा खामियों से संबंधित है।




# मानसून से पहले 11 सड़कों की होगी मरम्मत

## ● डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने 6.10 करोड़ की परियोजना को दी मंजूरी, सफर होगा आसान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

रोहिणी 11 सड़कों की दशा सुधरेगी। उपमुख्यमंत्री एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने इन सड़कों को बेहतर करने पर 6.10 करोड़ रुपए लागत की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। लोगों को आवाजाही में किसी तरह की परेशानी न हो और उन्हें सड़कों पर जाम से न जूझना पड़े इसके लिए समय-समय पर जरुरत के अनुसार लोक निर्माण विभाग सड़कों की मरम्मत करता है। जिन 11 सड़कों का निर्माण कियाजाना है। उनकी कुल लम्बाई 7.47 किलोमीटर है। इन सड़कों को आधुनिक तकनीक से बनाया जाएगा।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाली सड़कों को बेहतर बनाने का काम कर रहे है। उसी कड़ी में मानसून से पहले रोहिणी इलाके की 11 सड़कों के सुदृढ़ीकरण का काम शुरू किया जा रहा है। कई इलाकों में कॉलोनियों से मुख्य मार्ग तक पहुंच बेहतर हो जाएगी और लोगों की यात्रा में समय बचेगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि काम को समय पर पूरा किया जाए।

### प्रस्तावित सड़कें

रोहिणी सेक्टर-11, ब्लॉक एफ-3 से एच-4 तक की सड़क, ब्लॉक ए-1 से एफ-3 तक की सड़क, ब्लॉक एच-1 से एच-5 तक की सड़क, ब्लॉक एफ-1 से ॥-2 तक, ब्लॉक सी-4 से ए-3 तक, ब्लॉक एफ-1 से एफ-3 तक, ब्लॉक ए-1 से -3 तक, ब्लॉक सी-1 से सी-5 तक और कम्युनिटी सेंटर से एनडीएमसी कॉलोनी तक की सड़क, रोड न 41ए से रामा रोड तक की सड़क शामिल है।

## दिल्ली दंगा: कोर्ट ने नेताओं को दिया जवाब देने को दो हफ्ते का वक्त

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े मामलों में कई नेताओं और अन्य लोगों को पक्षकार बनाए जाने और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने संबंधी याचिकाओं पर जवाब देने के लिए सोमवार को उन्हें दो हफ्तों का समय दिया। याचिकाओं में इन नेताओं पर नफरती भाषण देकर दंगों के लिए माहौल बनाने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और जांच का अनुरोध किया गया है।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल की अध्यक्षता वाली पीठ ने निर्देश दिया कि प्रस्तावित उत्तरदाताओं को मामले में अन्य प्रासंगिक सामग्री के साथ पेपर बुक (पक्षकारों के बीच आदान-प्रदान हुई दलीलों और कागजात) की प्रतियां दी जाएं। इस साल की शुरुआत में, अदालत ने मामले में दो आवेदनों पर अनुराग ठाकुर (भारतीय जनजा पार्टी), सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा (कांग्रेस), मनीष सिसोदिया (आम आदमी पार्टी) सहित कई नेताओं को नोटिस जारी किया था। याचिकाकर्ता शेख मुजतबा फारूक ने एक आवेदन दायर किया है जिसमें भारतीय जनता पार्टी के नेताओं अनुराग ठाकुर, कपिल मिश्रा, प्रवेश वर्मा और अभय वर्मा के खिलाफ अभद्र भाषा के लिए प्राथमिकी दर्ज किए जाने का अनुरोध किया गया है।

# सेंट स्टीफंस कॉलेज को दाखिला नीति का पालन करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने सोमवार को सेंट स्टीफंस कॉलेज से प्रवेश प्रक्रिया में विश्वविद्यालय की नीति का पालन करने का आग्रह करते हुए कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) से सभी आवेदकों को समान अवसर मिलेंगे।

प्रवेश प्रक्रिया को लेकर विवि और कॉलेज आमने-सामने हैं। कॉलेज ने पहले कहा था कि वह सभी श्रेणियों में दाखिले के लिए सीयूईटी में प्राप्त अंकों को 85 प्रतिशत, जबकि साक्षात्कार को 15 प्रतिशत महत्व (वेटेज) देगा। दाखिले के लिए साक्षात्कार प्रक्रिया को समाप्त करने से कॉलेज के इनकार के बाद डीयू ने कहा है कि वह कॉलेज द्वारा सीयूईटी दिशानिर्देशों का उल्लंघन कर किए गए सभी दाखिलों को अमान्य घोषित करने के अपने निर्णय पर अडिग है। सोमवार को सेंट स्टीफंस के प्रिंसिपल जॉन वर्गीज को लिखे एक पत्र में, डीयू के रजिस्ट्रार विकास गुप्ता ने तर्क दिया कि कॉलेज की प्रक्रिया से भेदभाव पैदा होगा।

इस मामले को लंबा खींचने से दाखिला प्रक्रिया के सुचारू और समयबद्ध संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। गुप्ता ने कहा कि सीयूईटी से सभी आवेदकों को एक समान अवसर मिलेंगे और सभी आवेदकों के लिए मानकीकृत, न्यायसंगत, निष्पक्ष, पारदर्शी, राष्ट्रीयकृत सामान्य प्रवेश परीक्षा यानी सीयूईटी-यूजी के आधार पर योग्यता निर्धारित की जाएगी। रजिस्ट्रार ने पत्र में कहा, उम्मीद है कि कॉलेज अपनी दाखिला प्रक्रिया को विश्वविद्यालय की प्रवेश नीति के साथ संरेखित करके सर्वोच्च न्यायालय की वृहद पीठ के फैसले का सम्मान करेगा।

## इमारत की पार्किंग में लगी आग, 5 घायल

**नई दिल्ली।** द्वारका में एक इमारत के पार्किंग में आग लग जाने से पांच लोग मामूली रूप से जल गए। दमकल की चार गाड़ियों ने आग का काबू किया। शार्टसर्किट की आग लगने की आशंका है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। दिल्ली दमकल सेवा के निदेशक अतुल गर्ग के मुताबिक, दमकल की चार गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। आग सबसे पहले पार्किंग स्थल में रखे इलेक्ट्रिक मीटर बोर्ड में लगी, जिससे वहां मौजूद मोटरसाइकिल समेत 10 वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में मामूली रूप से जले पांच लोगों को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## किशोर का मिला शव हत्या की आशंका

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में सोमवार की सुबह 18 साल के एक युवक का शव मिला है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। आशंका है रंजिश में उसकी किसी धारदार हथियार से हमला कर हत्या की गई है। मरने वाले युवक की पहचान हरिशंकर के रूप में हुई है। वह मध्य प्रदेश का रहने वाला था। हरिशंकर यहां मजदूरी करता है। सभी कोणों से मामले की जांच की जा रही है लेकिन प्रथम दृष्टया यह आपसी दुश्मनी का मामला लगता है। वह जहां रहता था, उसी इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने घर के पास शव के पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस उपायुक्त मनोज सी ने बताया कि शव पर चोट के निशान पाए गए हैं, इसलिए हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

## डीआरआई ने की 11.70 करोड़ की लाल चंदन जब्त

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया अधिकारियों ने निर्यात के लिए तैयार एक खेप से 11.70 करोड़ रुपए मूल्य का लाल चंदन जब्त किया है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों को सूचना मिली थी कि एक मिश्रित प्रसाधान घोषित की गई निर्यात खेप में लाल चंदन छिपाकर रखा हुआ है, जिसकी देश से बाहर तस्करी की जानी थी। इस खेप को संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में निर्यात किया जाना था। डीआरआई द्वारा जांच में पता चला कि इसमें लाल रंग की लकड़ियां भरी हुई हैं, जो लाल चंदन दिखाई देती हैं।

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थीं जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनीष कुमार/ रेखा रानी/ हरीश कुमार/ LBDEL00005123296/ LBDEL00005332921 | डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर-27 डी, तीसरी मंज़िल, ब्लॉक बी-बी, टाइप ई, शालीमार बाग पूर्व, दिल्ली-110088/ 25 मई, 2022 | जनवरी 18, 2022 ₹ 33,95,515.00/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मई 31, 2022
स्थान: दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
कार्पोरेट पहचान संख्या : एल70109डीएल1980पीएलसी169318
फोन : 7303495374, ई-मेल : camaccommercial@gmail.com, वेबसाइट : www.camaccommercial.com

31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में, सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत | | | | समेकित | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | वर्ष समाप्त | | वर्ष समाप्त | |
| | | 31 मार्च, 2022 (लेखापरीक्षित) | 31 मार्च, 2021 (लेखापरीक्षित) | 31 मार्च, 2022 (लेखापरीक्षित) | 31 मार्च, 2021 (लेखापरीक्षित) | 31 मार्च, 2022 (लेखापरीक्षित) | 31 मार्च, 2021 (लेखापरीक्षित) |
| 1. | परिचालन से कुल आय | 438.12 | 63.99 | 637.07 | 428.14 | 637.07 | 428.14 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर तथा अपवाद मदों से पूर्व) | 385.30 | 17.68 | 555.88 | 343.01 | 555.88 | 343.01 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पूर्व (अपवाद मदों के बाद) | 385.30 | 17.68 | 555.88 | 343.01 | 555.88 | 343.01 |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर तथा अपवाद मदों के बाद | 321.59 | 14.79 | 464.77 | 286.98 | 770.07 | 453.45 |
| 5. | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 136.44 | 29.48 | 1,086.43 | 7,373.62 | (321.09) | 12,241.32 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 88.28 | 88.28 | 88.28 | 88.28 | 88.28 | 88.28 |
| 7. | अन्य इक्विटी | | | 158,185.70 | 157,099.28 | 309,294.43 | 309,615.53 |
| 8. | प्रति शेयर अर्जन, रू. 10/-प्रत्येक का | | | | | | |
| | (क) मूल (रू.) | 36.43 | 1.68 | 52.65 | 32.51 | 87.23 | 51.36 |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | 36.43 | 1.68 | 52.65 | 32.51 | 87.23 | 51.36 |

1. 31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु उपरोक्त लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पुनरीक्षण कार्य लेखापरीक्षा समिति द्वारा तथा अनुमोदन एवं अभिलेखबद्ध करने का कार्य निदेशक मंडल द्वारा 30 मई, 2022 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में किया गया है।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए 31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। कम्पनी के वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण कम्पनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा 30 मई, 2022 को दि कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड को भी भेजा गया है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड
हस्ता./-
(स्वाति श्रीवास्तव)
निदेशक
डीआईएन : 08529225

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकित : 30 मई, 2022

TECHNO ELECTRIC & ENGINEERING COMPANY LIMITED
(Formerly Simran Wind Project Limited)
CIN No :L40108UP2005PLC094368
Corporate Office : " Park Plaza " 71, Park Street, Kolkata - 700 016
Email : desk.investors@techno.co.in : Website: www.techno.co.in

Extract of Statement of Consolidated Audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March, 2022

(₹ in Lakhs)

| PARTICULARS | Quarter ended | | Year ended | |
|---|---|---|---|---|
| | 31st March 2022 Audited | 31st March 2021 Audited | 31st March 2022 Audited | 31st March 2021 Audited |
| Total income from operations (net) | 30755.33 | 21479.80 | 1,07,386.66 | 88,922.86 |
| Net Profit / (Loss) for the year (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 3069.56 | 1466.07 | 32,609.57 | 23,393.53 |
| Net Profit / (Loss) for the year before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 3069.56 | 1466.07 | 32,609.57 | 23,393.53 |
| Net Profit / (Loss) for the year after Tax (after Exceptional and /or Extraordinary items) | 3708.93 | 1273.16 | 26,025.20 | 18,361.93 |
| Total Comprehensive Income for the year | 3948.98 | 526.74 | 26,994.41 | 18,576.90 |
| Equity Share Capital | 2,200.00 | 2200.00 | 2,200.00 | 2,200.00 |
| Other Equity (excluding Revaluation Reserves) | | | 1,81,473.02 | 1,59,424.05 |
| Earnings Per Share (After tax and before Exceptional items) (of ₹2/- each) | | | | |
| Basic : | 3.37 | 0.85 | 23.99 | 16.53 |
| Diluted: | 3.37 | 0.85 | 23.99 | 16.53 |

Key numbers of Standalone Financial Results:

| PARTICULARS | Quarter ended | | Year ended | |
|---|---|---|---|---|
| | 31st March 2022 Audited | 31st March 2021 Audited | 31st March 2022 Audited | 31st March 2021 Audited |
| Total income from operations (net) | 30,755.33 | 21,479.80 | 1,07,386.66 | 88,922.86 |
| Profit before Tax | 3,104.50 | 1,494.83 | 32,634.78 | 25,078.45 |
| Net Profit after Tax | 3,726.63 | 1,292.78 | 26,034.35 | 20,045.08 |

Note : The above is an extract of the detailed format of Financial Results for the Quarter and year ended March, 2022 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results are available on the Stock Exchange websites, www.nseindia.com and www.bseindia.com and on the Company's website www.techno.co.in.

For and on behalf of the Board of Directors
( P. P. Gupta )
Managing Director

Date :- The 30th May, 2022

# गुरुग्राम को मिला दूसरा महिला कॉलेज, बस स्टैंड, मेडिकल कॉलेज भी जल्द : सुधीर सिंगला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा यहां 2711 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों की जो घोषणाएं की गई हैं, उनसे निश्चित ही गुरुग्राम का चहुंमुखी विकास होगा। उन्होंने कहा कि लम्बे अर्से बाद मुख्यमंत्री की इतनी बड़ी रैली जिला में आयोजित की गई है।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हरियाणा प्रगति रैली हकीकत में ही हरियाणा की प्रगति को पंख लगा रही है। जिलावार रैलियों की श्रृंखला में मुख्यमंत्री सौगात बांट रहे हैं। गुरुग्राम में अन्य जिलों में अब तक हुई रैलियों में सबसे अधिक राशि के विकास कार्यों की घोषणा मुख्यमंत्री ने की है। उन्होंने कहा कि आने वाले एक-दो महीने में ही गुरुग्राम में कई बड़े प्रोजेक्ट बनकर तैयार हो जाएंगे, जिन पर युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। इनके शुरू होने के बाद गुरुग्राम में कई और समस्याओं का समाधान हो जाएगा। सबसे ज्यादा समस्या यातायात जाम की रहती है। बस अड्डे के पास बनकर लगभग तैयार हो चुके अंडरपास से जाम की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी। रैली में ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा गुरुग्राम में दूसरे राजकीय महिला महाविद्यालय का भी उद्घाटन किया। अब गुरुग्राम की बेटियों को यहां से बाहर पढ़ाई के लिए नहीं जाना पड़ेगा। उनकी प्राथमिकता अगर गुरुग्राम होगा तो उन्हें यहां दाखिले मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में मुख्य बस स्टैंड के स्थान पर पांच एकड़ जमीन पर सिटी बस स्टैंड बनाने और गुरुग्राम का अंतरराज्यीय मुख्य बस अड्डा गांव सिही में 15 एकड़ भूमि पर बनवाए जाने की भी घोषणा की है। खेलों के लिए मुख्यमंत्री ने 68 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी। वहीं, लोक निर्माण विभाग की 458 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंजूर की। गुरुग्राम में श्रीमाता शीतला मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए टेंडर होने की बात भी मुख्यमंत्री ने जनता के बीच कही। सबसे बड़ी घोषणा गुरुग्राम की 60 अनाधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की है, इससे इन कालोनियों में हजारों निवासियों को लाभ मिलेगा।

उन्हें अधिक से अधिक मूलभूत सुविधाएं मिल सकेंगी। विधायक सुधीर सिंगला ने रैली में भी कहा कि हमें गर्व है कि गुरुग्राम जिला तेजी से विकास कर रहा है। आज प्रदेश में चारों ओर निरंतर विकास हो रहा है जिसके चलते दुनिया भर में भारत की तारीफ हो रही है। मुख्यमंत्री का नारा है कि-ना भ्रष्टाचार करूंगा, ना करने दूंगा। उन्होंने मंच से हमारा भारत-हमारा हरियाणा का नारा दिया।



विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम के लिए 2711 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की घोषणा से मुख्यमंत्री ने जीता दिल**

**हरियाणा प्रगति रैली में की गई घोषणाएं**

# गुरुग्राम की 60 अनाधिकृत कॉलोनियां होंगी नियमित : मनोहर लाल

**कहा, अब तक की रैलियों में सबसे अधिक राशि के विकास कार्य इस रैली में किए मंजूर**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में जिला स्तरीय प्रगति रैली में मुख्यमंत्री मनोहर लाल का स्वागत करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

यहां आयोजित हरियाणा प्रगति रैली में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गुरुग्राम जिला के लिए अब तक हुई रैलियों में सबसे अधिक राशि 2711 करोड़ रुपये की घोषणाएं इस रैली में की हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करोड़ों रुपये की घोषणाओं के साथ गुरुग्राम की 60 अनाधिकृत कॉलोनियों को भी नियमित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा की गई घोषणाओं में पेयजल आपूर्ति, सड़क निर्माण, सीवरेज व्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल आदि क्षेत्रों से संबंधित विकास कार्य शामिल हैं, जिनमें लगभग 1275 करोड़ रुपये के विकास कार्य गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के माध्यम से करवाए जाएंगे। इनमें गुरुग्राम नगर निगम को विकास कार्यों के लिए सरकार से दी जाने वाली 200 करोड़ रुपये की राशि शामिल है। उन्होंने अपनी घोषणाओं में गुरुग्राम के मुख्य बस स्टैंड के स्थान पर पांच एकड़ में सिटी बस स्टैंड बनाने और गुरुग्राम का अंतरराज्यीय मुख्य बस अड्डा गांव सिही में 15 एकड़ भूमि पर बनवाए जाने को शामिल किया। आज की घोषणाओं में उन्होंने खेलों से संबंधित 68 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मंजूर की हैं। इसी प्रकार, सड़क निर्माण से संबंधित लोक निर्माण विभाग की 458 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मुख्यमंत्री द्वारा मंजूर की गई। नजफगढ़ ड्रेन के साथ वाली हजारों एकड़ जमीन जलमग्न रहने के विषय पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उस जमीन में से 90-92 एकड़ पंचायती भूमि पर झील बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम को हरियाणा की आर्थिक राजधानी बताते हुए 30-32 साल पहले के गुरुग्राम और आज के गुरुग्राम की तुलना की।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से मुंबई और बैंगलुरु को हम देखते हैं, उसी प्रकार आज गुरुग्राम सभी के लिए सपनों का शहर बन गया है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम हमारा आइकोनिक सिटी है और इस शहर का अपना इतिहास है। महाभारत काल के गुरु द्रोणाचार्य ने कौरवों और पांडवों को यहां शिक्षा दी, हम भी उस गुरु-शिष्य परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। रैली में भारी भीड़ लाने के लिए जिला के चारों विधायकों की पीठ थपथपाई और उन्हें मैरिट से पास किया।

## इलेक्ट्रिक वाहनों की योजना भी दोहराई

एनसीआर में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि हरियाणा में जहां निकाय चुनाव हैं, उन क्षेत्रों को छोड़कर बाकी में 800 पुराने डीजल व पेट्रोल ऑटो को ई-ऑटों से बदलने की योजना लागू की जाएगी। ऐसी ही योजना गुरुग्राम जिला में पहले ही लागू की जा रही है। गुरुग्राम जिला शीतला माता मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए टेंडर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले 3 सालों में सभी मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हो जाएंगे। मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की सीट बढ़कर 2900 हो जाएंगी, जो कि वर्तमान में 1650 हैं। इससे पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने अपने संबोधन की शुरुआत में पंजाबी गायक सिद्धू मुसेवाला की सुरक्षा हटाने के बाद हुई उनकी हत्या पर उन्हें अपनी भावांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी जिन आदर्शों पर चल रही है उससे आने वाले समय में निश्चित ही समाज की हानि होगी।

# प्रगति रैली में मुख्यमंत्री ने विकास के नए रास्ते खोले: सुंदर लाल




गुरुग्राम में आयोजित प्रगति रैली में कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे सरपंच सुंदर लाल।

**रैली में कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे सुंदर लाल यादव**

गुरुग्राम। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की गुरुग्राम में जिला स्तरीय प्रगति रैली ने जिला में विकास के नए रास्ते खोले हैं। उन्होंने जिला के लिए 2711 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की घोषणा करके क्षेत्र के विकास के रथ को और तेजी से बढ़ाने का काम किया है। यह कहना है कार्यकर्ताओं के साथ इस प्रगति रैली में पहुंचे भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुंदर लाल यादव का।

इस रैली में सरपंच सुंदर लाल यादव ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का अन्य नेताओं के साथ मंच पर स्वागत किया। पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता के मार्गदर्शन, नेतृत्व में उनकी टीम इस रैली में पहुंची। रैली में विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का क्षेत्र में विकास के कार्यों के लिए धन्यवाद किया। उनकी इस बात के सब कार्यकर्ता कायल हो गए। उन्होंने कहा कि पटौदी की जनता के लिए पिछले 3 साल में शिक्षा, चिकित्सा क्षेत्र में कई काम हो चुके हैं। क्षेत्र के 33 गांवों में 66 करोड़ रुपये के खर्च से पीने की पानी की व्यवस्था मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कराई है। यह कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। इसके साथ ही पटौदी में बनने वाले डिग्री कॉलेज और मानेसर नगर निगम का गठन करना भी पटौदी के विकास में मील का पत्थर है। सुंदर लाल यादव ने कहा कि विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कुछ नया ना मांगकर पुराने कार्यों के लिए धन्यवाद करके जनता का भी दिल जीत लिया है। उन्होंने कहा कि पटौदी विधानसभा में लोगों की मांग से पहले ही विधायक सत्यप्रकाश जरावता स्वयं संज्ञान लेकर काम करते हैं।

# गुरुग्राम में शुरू किया 'गुड मॉर्निंग गुरुग्राम' अभियान




गुरुग्राम में डीपीएसजी एसएल व नगर निगम की ओर से आयोजित 'गुड मॉर्निंग गुरुग्राम' कार्यक्रम में जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

गुरुग्राम। नगर निगम गुरुग्राम के सहयोग से डीपीएसजी सुशांत लोक द्वारा स्थानीय मालिबु टाउन में स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत थीम पर आधारित गुड मॉर्निंग गुरुग्राम कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त-4 सुमित कुमार ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में निगम पार्षद कुलदीप यादव, बुलंद आवाज वेलफेयर सोसायटी, इकोग्रीन एनर्जी सहित मालिबु टाउन आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। इस प्रकार के कार्यक्रम गुरुग्राम के सभी वार्डों में अलग-अलग दिनों में आयोजित करने की योजना है। संयुक्त आयुक्त सुमित कुमार ने अपने संबोधन में गुरुग्राम के नागरिकों से आह्वान किया कि सभी लोग स्वच्छ, सुंदर, ग्रीन एवं बेहतर गुरुग्राम बनाने में अपना योगदान दें। अपने घरों में गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करें। गीले कचरे से खाद तैयार करके उसका उपयोग पौधों में करें तथा हरियाली बढ़ाने में अपना योगदान दें। इस मौके पर निगम पार्षद कुलदीप यादव, मालिबु टाउन आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी, हैप्पी सोल्स क्लब के सदस्य और नगर-निगम गुरुग्राम के ब्रांड एंबेसडर कुलदीप सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम में मन्निन्दर एंड ग्रुप द्वारा भंगड़ा प्रस्तुत किया गया, जबकि स्कूल योग प्रशिक्षक द्वारा योग करने के माध्यम से स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया।

# देश को आजाद कराने में हिंदी पत्रकारिता का बड़ा योगदान : मुकेश वशिष्ठ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मुख्यमंत्री हरियाणा के मीडिया समन्वयक पहुंचे गुरुग्राम विवि**

**विवि में हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर व्याख्यान का आयोजन हुआ**

मुख्यमंत्री हरियाणा के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ ने कहा कि 30 मई 1826 को कलकत्ता में भारत का पहला हिंदी अखबार उदन्त मार्तण्ड का प्रकाशन शुरू हुआ। तब से इस दिन को हिंदी पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान समय में पत्रकारिता चुनौती भरा कार्य हो गया है। यह बात उन्होंने सोमवार को यहां गुरुग्राम विश्वविद्यालय में हिंदी पत्रकारिता दिवस पर विशेष व्याख्यान में कही।

कार्यक्रम का आयोजन गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में कलाम कक्ष में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मीडिया अध्ययन विभाग के छात्रों एवं विवि. के शिक्षकों ने भाग लिया। इस विचार संगोष्ठी में पत्रकारिता के समक्ष उत्पन्न समस्याओं व चुनौतियों पर चर्चा की गई। मुकेश वशिष्ठ ने आगे कहा कि देश को आजाद कराने में हिंदी पत्रकारिता का बड़ा योगदान है। आजाद भारत में वर्तमान में हिंदी पत्रकारिता का बहुत अहम भूमिका है। उन्होंने कोरोना काल में पत्रकारों के कार्यों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि निर्धारित मापदंडों को स्थापित करते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप अपनी लेखनी का सामाजिक विकास की दिशा में सदुपयोग करना ही पत्रकारिता है।



गुरुग्राम विवि में हिंदी पत्रकारिता दिवस पर विशेष व्याख्यान में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ को स्मृति चिन्ह देते आयोजक।

इस अवसर पर मीडिया अध्ययन विभाग के डीन डॉ. राकेश कुमार योगी ने कहा कि निष्पक्ष पत्रकारिता ही लोक कल्याणकारी है। आगे डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है। उस समाज की सही दिशा देने वाली व रचनात्मक खबरों को बढ़ावा देना चाहिए। निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए शहीद होने वाले पत्रकारों गणेश शंकर विद्यार्थी, पराडकर, लाला जगत नारायण व रमेश चंद का स्मरण करते हुए कहा कि इन्होंने अपनी लेखनी से समझौता नहीं किया। गुरुग्राम विवि के मीडिया अध्ययन विभाग द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष व्याख्यान में प्रो. प्रताप, प्रो. नीरा वर्मा, डॉ. मीनाक्षी श्योराण, डॉ. श्वेता चौधरी, प्रो. विक्रम और डॉ. दीपिका उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर परिषद चुनाव के लिए शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया

गुरुग्राम। नगर परिषद सोहना के अध्यक्ष व सदस्यों के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया सोमवार 30 मई से आरंभ हो गई है। एसडीएम न्यायालय में आगामी चार जून तक चलने वाली नामांकन प्रक्रिया के लिए सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे का समय निर्धारित है। नगर परिषद सोहना के निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम जितेंद्र गर्ग ने नगर परिषद के आम चुनाव 2022 सुचारू रूप से कराने के लिए सोहना के तहसीलदार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी के रूप में नियुक्ति की है। वहीं एक अन्य सहायक रिटर्निंग अधिकारी की नियुक्ति के लिए उन्होंने उपायुक्त से निवेदन किया है। श्री गर्ग ने बताया कि 30 मई से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया चार जून को दोपहर तीन बजे तक जारी रहेगी। ये नामांकन इन दिनों के दौरान सुबह 11 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक ही भरे जा सकते हैं। इसके बाद 6 जून सोमवार को सुबह 11:30 बजे से नामांकन पत्रों की जांच होगी। प्रत्याशी 7 जून मंगलवार को सुबह 11 बजे से सांय 3 बजे तक अपना नामांकन वापिस ले सकते हैं। दो जून को सरकारी अवकाश होने के कारण नामांकन पत्र दाखिल नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि सोहना नगर परिषद में 21 वार्डों में 44 बूथ पर मतदान होना है। जिसमें 12 बूथ संवेदनशील श्रेणी व 11 बूथ अति संवेदनशील श्रेणी के हैं। वहीं इच्छुक उम्मीदवारों की सहायता के लिए उपमंडल कार्यालय परिसर में एक सहायता कक्ष (हेल्प डेस्क) भी बनाया गया है। हेल्प डेस्क से नामांकन पत्र के फार्म की प्रति प्राप्त कर सकते हैं और नामांकन पत्र भरने संबंधित जानकारी व पृछताछ कर सकते हैं। इसके बाद 7 जून को ही शाम 3 बजे के बाद चुनाव मैदान में रहने वाले उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। नगर परिषद सोहना के इस आम चुनाव के लिए मतदान 19 जून रविवार को होगा। यदि कहीं पुनर्मतदान की आवश्यकता पड़ी तो वह 21 जून को होगा। मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। मतगणना 22 जून को प्रातः 8 बजे से उपायुक्त द्वारा निर्धारित स्थान पर होगी और परिणाम घोषित होंगे।

### टोल कर्मियों ने युवक को पीटा, एसडीएम ने लगाई फटकार


सोहना। एलीवेटेड घामडौज टोल कर्मियों ने कादपुर निवासी युवक के साथ की मारपीट। युवक ने तीन नामजद समेत टोल एजेंसी के खिलाफ भोंडसी थाना में लिखित शिकायत दे दी है। जिस पर एसडीएम ने भोंडसी पुलिस को तुरन्त जांच करने के आदेश जारी कर दिए है। टोल विवाद में रविवार को हुई महापंचायत में प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम द्वारा दिए गए दोनों तरफ सर्विस लाइन 20 किलोमीटर दायरे में आने वाले ग्रामीणों को फ्री करने आदेश को अभी 6 घंटा भी नहीं हुए थे। टोल कर्मियों ने बादशाहपुर से लगता कादपुर निवासी युवक को पहले सर्विस लाइन पर टोल पार करने से रोक लिया। युवक द्वारा अपनी पहचान और निवास स्थान बताने पर भी टोल कर्मियों ने निकलने नहीं दिया और उसके साथ तीन युवकों ने मिलकर थप्पड़-मुक्के मारे। जिसकी शिकायत युवक ने टोल संघर्ष समिति को देर शाम में की। सोमवार की सुबह टोल संघर्ष समिति के सदस्य टोल पर पीडित युवक को लेकर भोंडसी थाना में पहुंची। टोल संघर्ष समिति के वरिष्ठ कार्यकर्ता सतबीर पहलवान ने बताया कि युवक के साथ मारपीट करने वाले तीन युवक रिठौज, बेरका और सांप की नंगली निवासी है। आरोपी तीनों युवक समेत टोल एजेंसी के खिलाफ लिखित में शिकायत दे दी गई है। महापंचायत में उच्चाधिकारियों के दिए गए आदेशों की अवहेलना करने वाले टोल एजेंसी के पदाधिकारियों को एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने सोमवार को अपने कार्यालय में बुलाया। इस अवसर पर पीडित युवक समेत टोल संघर्ष समिति से सतबीर पहलवान समेत अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। पूछताछ के बाद एसडीएम ने टोल एजेंसी के कर्मचारियों को फटकार लगाई हुए अगले तीन दिन तक सर्विस मार्ग को क्षेत्रवासियों के लिए फ्री किए जाने के आदेश दे दिए है।

### चुनाव : रुठों को मनाकर वोट बैंक बढ़ाने का प्रयास

सोहना। नगर परिषद आम चुनाव की प्रक्रिया शुरु होने के साथ ही मैदान में उतरने वाले प्रत्याशी अब रुठों को बनाते हुए कुनबा व बिरादरी स्तर पर अपने मतदाताओं को एकजुट करने में लगे है। जिससे राजनीति में एक बार फिर कुनबावाद व बिरादरीवाद हावी होने लगा है। जबकि प्रत्याशी के घर में रहने वाला मतदाता रुठकर चुनाव मैदान में टक्कर देने के लिए मैदान में उतरने के लिए लगौंट कसने लगे है। शहर में नगर परिषद चुनाव का बिगुल बज गया है। परिषद का आम चुनाव 19 जून को होगा। जिसके लिए संभावित उम्मीदवार 30 मई से 4 जून तक नामांकन दाखिल करा सकते हैं। किंतु नामांकन प्रक्रिया से पूर्व ही कस्बे में घमासान शुरू हो गया है। उम्मीदवार चुनाव लड़ने के लिए राजनीति की बिसात बिछाने लगे है। वोटर सूची हाथों में लेकर अपना-पराया मतदाता की पहचान करनी शुरु कर दी है। जिसके चलते प्रत्याशी पहले कुनबा और फिर बिरादरी को एकजुट करने के प्रयास करने में जुट गए है। नगर परिषद के कई वार्ड में ऐसे प्रत्याशी मैदान में उतर रहे है। चुनाव के माध्यम से एक दूसरे परखनी देने की चाल चलने लगे है। अभी तक तीन ऐसे परिवार खुले मैदान आ गए है। जिन्होंने अपने की घर में चुनाव लड़ने वाले को हराने के ठान ली है। ऐसे में मतदाता भी सही प्रत्याशी का चयन करने में संकोचने लगा है। वह एक ही परिवार में दो-दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरने से उलझन की स्थिति पैदा हो आ गया है। ऐसे मे मतदाता तीसरे प्रत्याशी को अपना मत दे कर जीता देगा। परिषद चुनावों में अपनी नइया पार लगाने के लिए संभावित उम्मीदवार नामांकन से पूर्व अपने गुरुओं की शरण में पहुंचने लगे हैं। उनका आशीर्वाद लेने में लगे हैं। इसके अलावा कई उम्मीदवार तो परिवार मुखियाओं व बिरादरी के चौधरियों की जी हजूरी करने में लगे है। ताकि जीत सुनिश्चित की जा सके।

# सोने में निवेश के लिए फोनपे ने लॉन्च की यूपीआई के जरिए एसआईपी की सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




फोनपे, भारत की मुख्य डिजिटल पेमेंट कंपनी ने आज यूपीआई एसआईपी के जरिए सोने में निवेश की सुविधा लॉन्च की है। यूजर्स अब हर महीने कुछ पैसा डालकर शुद्ध सोने में निवेश कर सकते हैं। यूजर्स इस सोने को इंश्योर्ड किए गए बैंक के लॉकर में रख सकते हैं। इन लॉकर्स को फोनपे के पार्टनर MMTC-PAMP और SafeGold प्रबंधित कर रहे हैं। फोनपे पर एसआईपी के ज़रिए सोना खरीदने की सबसे खास बात है यह है कि पेमेंट यूपीआई से की जा सकती है।

यूजर को बस गोल्ड प्रोवाइडर को चुनना है, हर महीने निवेश के लिए रकम तय करनी है, यूपीआई पिन का प्रमाणीकरण करना है। सोने की एसआईपी सेट करना सिर्फ एक बार का काम है। यूजर्स का अपने सोने के निवेश पर पूरा कंट्रोल होगा और वे जब चाहें, अपना सोना बेच सकते हैं। सोना बेचने के बाद पैसे सीधे उनके बैंक अकाउंट में आ जाएंगे। यूजर्स अगर चाहें, तो उनके पास सोने के सिक्के और बार के रूप में अपना सोना लेने का विकल्प है। यूजर्स का सोना उनके घर पर डिलीवर किया जाएगा। फोनपे पर यूपीआई एसआईपी के ज़रिए सोने में निवेश करने के ये फायदे हैं।

हर महीने सिर्फ 100 रुपये देकर खरीदें 24K सोना, सोने में एसआईपी के जरिए, यूजर्स हर महीने सिर्फ 100 रुपये से 24K शुद्ध सोने में निवेश की शुरुआत कर सकते हैं और हर महीने छोटी-छोटी रकम देकर सोने में निवेश को जारी रख सकते हैं।

कीमत में उतार-चढ़ाव से घबराने की ज़रूरत नहीं- सोने में एसआईपी के ज़रिए निवेश एक तय तारीख पर होने वाला निवेश है, तो ऐसे में यूजर्स को निवेश का सही समय ढूंढने के लिए हर वक्त सोने की कीमत में हो रहे उतार-चढ़ाव को देखने की जरूरत नहीं है। हर महीने एक तय रकम को सोने में निवेश करके, लंबी अवधि में यूजर्स अपने निवेश की औसत कॉस्ट को कम कर सकते हैं। भारतीय लोग सोने खरीदने के स्मार्ट तरीके ढूंढ रहे हैं और ऐसे में हमें खुशी है कि हम अपने यूजर्स को यूपीआई के ज़रिए सोने में एसआईपी सेट अप करने की सुविधा दे रहे हैं। फोनपे की सोने में एसआईपी की सुविधा की मदद से, यूजर्स छोटी-छोटी रकम हर महीने निवेश करके, शुद्ध सोना खरीद सकते हैं। ऐसा करने से, यूजर्स बिना किसी झंझट के लंबी अवधि के लिए सोने में निवेश कर सकते हैं।

# राजनीतिक दलों से वैश्य समाज के लिए टिकटों की मांग

**अग्रवाल वैश्य समाज ने दलों को भेजी सूची**

गुरुग्राम। अग्रवाल वैश्य समाज निकाय चुनाव में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों से वैश्य समाज के प्रतिनिधियों को टिकट देने की मांग की है। एवीएस की चुनाव समन्वय समिति के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि कांग्रेस, भाजपा और आप जैसे प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रदेश अध्यक्षों को पत्र लिखकर मजबूत दावेदारी पेश कर रहे वैश्यजनों को सूचीबद्ध कर टिकट देने की मांग की गई है।

भाजपा को टिकट पर प्रधान/चेयरमैन का चुनाव लड़ने के इच्छुक वैश्य समाज के मजबूत दावेदारों की सूची बताते हुए उन्होंने कहा कि दादरी से बलराम गुप्ता, हांसी से धर्मबीर रतेरिया, झज्जर से मनीष बंसल, कैथल से सुरभि गर्ग, नूंह से कमल गोयल, गोहाना से विनोद जैन, डबवाली से संदीप सिंघल, नारायणगढ़ से मोनिका अग्रवाल, सफीदों से अरूणा जैन, पिहोवा से अशोक सिंगला, महेन्द्रगढ़ से रामजीवन मित्तल, घरौंडा से हैपीलक गुप्ता, नारनौल से महेश गुप्ता, नरवाना से कनिका गुप्ता, शाहबाद से तिलकराज अग्रवाल, होडल से जगमोहन गोयल, टोहाना से नरेश बंसल, निसिंग से चमनलाल गोयल, समालखां से अशोक कुच्छल, फिरोजपुर झिरका से अनिल गोयल, ईस्माइलाबाद चिरंजीव गर्ग, पुन्हाना से बलराज सिंगला के नाम भाजपा हाईकमान को सौंपे गए है।

इसी कड़ी में कांग्रेस हाईकमान को भिवानी से मीनू अग्रवाल, जींद से पुष्पा गोयल, बहादुरगढ़ से मोनिका गर्ग, कैथल से ज्योति मित्तल, नूहं से विष्णु कुमार, डबवाली से विनोद बंसल, नरवाना से संतोष गर्ग, कालका से विजय बंसल, टोहाना से अनिल गोयल, लाडवा से शालू बंसल, सढ़ौरा से अंकित अग्रवाल तथा आम आदमी पार्टी के समक्ष जींद से डॉ. रजनीश जैन, कैथल से नीलम गुप्ता, गोहाना से शिवम गोयल, डबवाली से जीवन बंसल, सफीदों से संतोष बंसल, पिहोवा से अरूण गुप्ता, महेन्द्रगढ़ से भूपेन्द्र कुमार, नरवाना से अनीता गोयल, होडल से संजय मित्तल, टोहाना से पंकज बंसल व समालखां से निधि मित्तल के नाम सौंपे गए है।

# भारत में महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता क्यों देनी चाहिए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**स्वास्थ्य सेवा की सर्वोत्तम विधियों के माध्यम से महिलाओं द्वारा सुरक्षित प्रसव प्रक्रियाएं सुनिश्चित करने का संकल्प लें**

हर साल 28 मई को हम 'यौन और प्रजनन स्वास्थ्य एवं अधिकार आंदोलन' (सेक्सुअल एंड रीप्रोडक्टिव हेल्थ एंड राइट्स-एसआरएचआर) के विषय में जागरूकता बढ़ाने तथा इसका समर्थन करने के लिए इंटरनेशनल डे ऑफ एक्शन फॉर विमेन हेल्थ मनाते हैं। भारत के शहरों में विशेष रूप से टियर-2 और टियर-3 शहरों में महिलाओं के लिए उचित गुणवत्तापूर्ण हेल्थ केयर समाधानों की कमी है, इसलिए यह दिन विशेष रूप से हमें इस मुद्दे पर जरूरी कार्यवाही करने के लिए प्रेरित करता है। बच्चे को जन्म देने के दौरान महिलाओं को सर्जिकल साइट इन्फेक्शन (एसएसआई) विकसित होने का अत्यधिक खतरा रहता है जिसका मुख्य कारण है असुरक्षित तरीके से सर्जिकल ऑपरेशन करना।

डॉ. (प्रो) नूतन अग्रवाल, हेड ऑफ डिपार्टमेंट, ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, गाइनी-ऑंकोलॉजी यूनिट इंचार्ज, आर्टेमिस हॉस्पिटल, गुड़गांव ने बताया, सर्जिकल साइट इन्फेक्शन का खतरा काफी आम है लेकिन फिर भी इस पर खुलकर बात नहीं होती है। चीरा एकमात्र ऐसी जगह है जहां पर रोगी ध्यान देता है, इसलिए सर्जरी ठीक से हुई है या नहीं यह इस बात पर निर्भर करता है कि यह चीरा कितनी जल्दी से ठीक होता है। एसएसआई को रोकने के लिए कुछ सावधानियां और उपाय करने बहुत जरूरी हैं जैसे सर्जिकल क्षेत्र की सफाई, स्क्रबिंग, एसेप्टिक तकनीक, हेमोस्टेसिस, उचित टांके के साथ चीरे को बंद करना, स्वच्छता बनाए रखना आदि। प्रसव प्रक्रियाओं का माताओं के शरीर पर गहरा प्रभाव पड़ता है इसलिए मातृ रुग्णता और मृत्यु दर को कम करने के लिए एसएसआई को रोकने और इसका इलाज करने की रणनीतियाँ आवश्यक हैं। जॉनसन एंड जॉनसन जोकि प्रोफेशनल शिक्षा के क्षेत्र में एक वैश्विक लीडर है, मातृ रुग्णता और मृत्यु दर को कम करने के लिए लगातार सर्जिकल प्रक्रियाओं में सुधार करने का प्रयास कर रहा है। जॉनसन एंड जॉनसन मेडटेक इंडिया के प्रबंध निदेशक संदीप मक्कर ने विस्तार से बताया, भारत में एसएसआई की दर व्यापक रूप से 1.6 से 38 प्रतिशत तक होती है। एसएसआई डेटा आमतौर पर शहरी क्षेत्रों से एकत्र किया जाता है, जबकि ग्रामीण हॉस्पिटल से प्राप्त डेटा अपर्याप्त होता है। इस प्रकार, एसएसआई से पीड़ित लोगों का वास्तविक मूल्यांकन, अध्ययन और उसके निष्कर्ष से नहीं किया जा सकता है। एसएसआई मामलों की व्यापकता को कम करने के लिए, मेडटेक कंपनियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं, खासकर भारत के अंदरूनी इलाकों में जहां इस विषय में जागरूकता और प्रशिक्षण की आवश्यकता अधिक है। जॉनसन एंड जॉनसन में हम मां बनने वाली सभी महिलाओं को सर्वोत्तम परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# शहर की महक जैन और अर्चिता मित्तल ने यूपीएससी में मारी बाजी

कविता। फरीदाबाद

यूपीएससी 2022 की परीक्षा का परिणाम सोमवार को घोषित किया गया। सिविल सर्विस एग्जाम रिजल्ट में इस बार लड़कियों का दबदबा रहा है। टॉप फाइव में चार लड़कियां शामिल हैं। वहीं औद्योगिक नगरी की महक जैन और अर्चिता मित्तल ने अच्छी रैंक हासिल करके जिले का नाम रौशन किया है। दोनों के घर पूरे दिन बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। परिवार में खुशी का माहौल देखने को मिला।

## यूपीएचसी में जिले की महक ने 17वीं और अर्चिता मित्तल ने 188 वीं रैंक हासिल की

**महक की 17वीं रैंक :** सेक्टर-16 में महक जैन अपने पिता प्रदीप जैन, मां निलिमा जैन और अपनी बड़ी बहन बानी जैन के संग रहती है। महक के पिता प्रदीप जैन ने बताया कि महक के 17वीं रैंक आने पर उन्हें बेहद खुशी है। महक हंसराज कॉलेज, दिल्ली में कल्चर सेक्रेट्री के पद पर हैं। उसे शुरू से ही सेवा करने का शौक है। उन्होंने बताया कि महक ने 12वीं तक की पढ़ाई मॉडर्न विद्या निकेतन से की थी। डीयू से बीकॉम के बाद मास्टर डिग्री उसने जामिया से किया था। इसके बाद उसने यूपीएससी के एग्जाम की तैयारी की थी। बिना ट्यूशन के उसने यह रैंक हासिल किया है। जिसके कारण उन्हें अपनी बेटी पर गर्व है। उन्होंने बताया कि उनकी बड़ी बेटी सीए कर रही है। उनका कहना है बेटियों को आगे बढ़ने देना चाहिए।





**अर्चिता ने ली 188वीं रैंक :** सेक्टर-15 निवासी इंकम टैक्स कमिश्नर (आईआरएस) केके मित्तल की बेटी अर्चिता ने यूपीएससी में 188वीं रैंक हासिल की है। जब इस विषय में केके मित्तल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनके घर में उनकी पत्नी राधिका मित्तल के अलावा रिषिभा और अर्चिता दो बेटियां है। उन्होंने बताया कि अर्चिता ने लगातार 10 से 12 घंटे की पढ़ाई के बाद यह मुकाम हासिल किया है। अर्चिता के मन में शुरू से ही समाजसेवा का जज्बा रहा है। उसने एपीजे स्कूल से 12वीं की पढ़ाई के बाद श्रीराम कॉलेज से बीकॉम करके, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ से एमबीए किया। जिसके बाद वह एमएनसी कम्पनी में जॉब करने लगी। एक साल जॉब के बाद पढ़ाई शुरू कर दी। अर्चिता को समाजसेवा करना अच्छा लगता है। वह 12वीं कक्षा से ही प्रयास एनजीओ में सहयोग करती आ रही है। समाजसेवा के लिए उसने यूपीएससी की परीक्षा दी और सफल हो गई।

# व्यापार की आड़ में परोस रहे जहर, खाने पीने की चीजों के 25 सैम्पल फेल

## 96 में से 25 सैम्पल पाए गए हैं फेल, 11 की रिपोर्ट आनी शेष

कविता। फरीदाबाद

लोगों को मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचाने के लिए, कितने ही प्रयास क्यों न किए जा रहे हो। लेकिन इसके बावजूद भी मिलावटखोर घटिया अथवा मिलावटी खाद्य पदार्थ खुलेआम बेच रहे हैं। जिसको देखते हुए खाद्य प्राधिकरण अधिकारी ने जिले के आसपास व अन्य शहर में छापेमारी अभियान चला कर विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों के नमूने लिए थे। जिसके तहत गत जनवरी से मई माह तक कुल 96 सैम्पल लिए गए। जांच रिपोर्ट आने पर मात्र 60 सैम्पल ही पास आए। शेष 25 सैम्पल में 17 सबस्टैंडर्ड, सात मिसब्रांड और एक अनसेफ पाया। जिस पर विभाग ने कार्रवाही करने की तैयारियां शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक खाद्य सुरक्षा एवं प्राधिकरण विभाग की तरफ से लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान में रखते हुए दिन प्रतिदिन कठोर कदम उठाये जा रहे हैं। इसमें मुख्य तौर पर लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिला खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण विभाग की तरफ से निरंतर प्रयास किए जा रहे है। जिसे देखते हुए जिला खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण अधिकारी ने अपनी टीम के साथ गत जनवरी से मई माह में कई स्थानों पर छापेमारी कर सैम्पल भरे थे। जिन्हे जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा था। जांच रिपोर्ट आने पर एक बड़ा खुलासा यह हुआ कि 25 सैम्पल फेल आए हैं। जिसमें 17 सबस्टैंडर्ड, 7 मिसब्रांड और एक अनसेफ पाया गया है। विभाग ने अब इन खाद्य पदार्थ विक्रेताओं के खिलाफ नोटिस जारी किया है। नोटिस का जवाब नहीं देने पर विभाग की ओर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।





डॉ. पृथ्वी सिंह।

**अधिकारी का कथन :** इस बारे में जानकारी देते हुए जिला खाद्य एवं सुरक्षा निरीक्षण अधिकारी पृथ्वी सिंह ने बताया कि गत जनवरी से मई माह में लिये गए सभी सैंपलों को जांच के लिए चंडीगढ़ स्थित लैब में भेजा गया था। जिसमें जनवरी माह में 21 सैम्पल जांच किए थे, जिसमें 15 पास आए, शेष छह में चार सबस्टैंडर्ड, दो मिसब्रांड पाए गए। वहीं फरवरी माह में 26 सैम्पल लिए। 23 पास और दो मिसब्रांड और एक अनसेफ पाया गया। वहीं मार्च माह में 15 सैम्पल जांच किए, जिसमें सात पास आए हैं, वहीं पांच सबस्टैंडर्ड और तीन मिसब्रांड पाए गए। अप्रैल माह में 25 सैम्पल लिए। जिसमें दो की रिपोर्ट नहीं आई। इनमें 15 सैम्पल पास मिले। वहीं इसमें से आठ सबस्टैंडर्ड पाए गए। मई माह के अंत तक नौ सैम्पल लिए गए। जिसमें फिलहाल सभी की रिपोर्ट आनी शेष है।

# हॉमर्टन ग्रामर स्कूल के संस्थापक सम्मान से नवाजे गए



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सेक्टर- 21ए में स्थित हॉमर्टन ग्रामर स्कूल के संस्थापक, लब्ध प्रतिष्ठित शिक्षाविद कुलदीप सिंह को शिक्षा क्षेत्र में उनके अनवरत योगदान के लिए, विशेष सम्मान समारोह अभिनंदन में सीबीएसई के सचिव अनुराग त्रिपाठी एवं फरीदाबाद के उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने शाल एवम सम्मान- पत्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य 'राष्ट्र निर्माताओं को सम्मानित करना था। यह सम्मान शिक्षा क्षेत्र में निरंतर 58 वर्ष तक त्याग के लिए एवम राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए शिक्षाविदों को दिया गया था। अध्यक्षता जितेन्द्र यादव ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में अनुराग त्रिपाठी, सचिव सीबीएसई ने पदभार संभालकर आयोजन की शोभा बढ़ा दी। सम्मान प्राप्ति के बाद कुलदीप ने फरीदाबाद के सभी शिक्षा प्रेमियों, सहयोगियों तथा फरीदाबाद प्रोग्रेसिव स्कूल्स को हार्दिक धन्यवाद दिया। तथा हॉमर्टन परिवार के सभी सदस्यों को आशीर्वाद देते हुए आनंद व्यक्त किया। कुलदीप सिंह जो हॉमर्टन ग्रामर स्कूल के संस्थापक हैं और कई वर्षों तक प्रधानाचार्य के रूप में अपनी अमूल्य सेवाएं दे चुके हैं, फरीदाबाद में शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन के लिए प्रसिद्ध हैं।

# छुट्टी के समय स्कूलों के बाहर तैनात हो रही पुलिस



एनआईटी पांच के सरकारी स्कूल के बाहर तैनात पुलिस।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता की टीम ने एनआईटी-5 में स्थित राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छुट्टी के समय पुलिसकर्मियों की तैनाती करके छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा शहर में महिलाओं की सुरक्षा हेतु अहम कदम उठाए जा रहे हैं। पिछले वर्ष पुलिस आयुक्त द्वारा महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने वाले युवकों के खिलाफ अभियान चलाया था जिसके तहत छात्राओं तथा महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने वाले मनचलों को पुलिस द्वारा सबक सिखाया जा रहा है। इसी दिशा में आगे कदम बढ़ाते हुए पुलिस उपायुक्त एनआईटी के दिशा-निर्देश के तहत कार्य करते हुए पुलिस थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता ने छुट्टी के समय थानाक्षेत्र में स्थित विद्यालय में पुलिसकर्मियों की तैनाती करके महिला सुरक्षा को स्दृढ़ करने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि छुट्टी के समय छात्र-छात्राएं विद्यालय से छूटकर अपने घर की तरफ अग्रसर होती हैं। रास्ते में अराजक तत्वों की वजह से छात्राओं को असहज महसूस होता है। इसकी वजह से उनकी पढ़ाई पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है तथा वह घर से बाहर आने जाने में कतराने लगती है। थाना प्रभारी ने इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में छुट्टी के वक्त गेट के आसपास पुलिसकर्मियों की तैनाती करके छात्राओं के मन में सुरक्षा के डर को खत्म किया है।

## तीन साल से फरार चल रहा गौतस्कर गिरफ्तार

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने और अपराधियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी वसीम नहूं जिले के गांव फिरोजपुर का रहने वाला है। आरोपी वर्ष 2019 में दिल्ली से अपने साथियों के साथ गाड़ी में गाय लेकर जा रहा था।

फरीदाबाद के थाना सेक्टर 58 के एरिया नेशनल मथुरा हाईवे पर नाका लगा हुआ था। आरोपियों ने पुलिस के नाके पर लगे बेरी गेट में टक्कर मार कर बेरी गेट को गिरा कर और फायरिंग करते हुए वहां से फरार हो गए। पुलिस टीम ने गौ रक्षक दल के मिलकर आरोपियों का पीछा किया तो आरोपी गाड़ी को छपरोला मोड़ पर छोड़ कर भाग गए। गाड़ी और गायों को पुलिस टीम ने मौके से बरामद कर लिया गया था। गौ तस्करी के मुकदमे में पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है जिनसे दो देसी कट्टे बरामद किए जा चुके हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर नहूं से गिरफ्तार किया है। मामले में एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी बकाया है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# भारत में कैंसर का सबसे बड़ा कारण हैं तंबाकू सेवन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



लगातार जागरूकता के प्रयासों के बावजूद भारत में कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं और इसका सबसे बड़ा कारण तंबाकू का सेवन है। आवश्यकता है कि तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई जाए। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर नई दिल्ली स्थित राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी) ने यह बात कही। आरजीसीआईआरसी में थोरेसिक ऑन्कोसर्जरी के प्रमुख डॉ. एलएम डारलॉन्ग ने कहा कि भारत में कैंसर का सबसे बड़ा कारण तंबाकू है। पुरुषों में करीब 40 प्रतिशत और महिलाओं में 20 प्रतिशत कैंसर के मामले तंबाकू से संबंधित होते हैं। इनमें फैंफड़े का कैंसर , सिर व गले का कैंसर और मुंह के कैंसर सीधे तौर पर तंबाकू उत्पादों के सेवन से जुड़े हैं। फैंफड़े के कैंसर के मामलों में धूम्रपान सबसे बड़ा कारण है और लगभग दो तिहाई मामले इससे जुड़े होते हैं।

आरजीसीआईआरसी के डायरेक्टर सर्जीकल ऑन्कोलॉजी, डॉ. एके दीवान ने कहा कि धूम्रपान के कारण व्यक्ति को दिल की बीमारी, डायबिटीज, हाई बीपी, क्रॉनिक रेस्पिरेटरी डिजीज जैसी कुछ अन्य बीमारियों का भी खतरा बढ़ जाता है। यह भी देखा गया कि कोविड-19 महामारी के दौरान जिन मरीजों में सीधे तौर पर धूम्रपान से संबंधित कोई अन्य बीमारी थी, उनमें कोरोना संक्रमण से मौत का खतरा ज्यादा रहा। इसलिए स्वास्थ्य की दृष्टि से इस चुनौतीपूर्ण समय में धूम्रपान छोड़ना और भी महत्वपूर्ण हो गया है।

ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे (जीएटीएस): इंडिया 2016-17 के मुताबिक, 15 साल और उससे ज्यादा उम्र के करीब 26.7 करोड़ यानी लगभग 29 प्रतिशत भारतीय किसी न किसी रूप में तंबाकू उत्पादों का प्रयोग करते हैं। इस लिहाज से भारत सर्वाधिक तंबाकू उपभोग वाले देशों में से है।

आरजीसीआईआरसी के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. सुधीर रावल ने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली कैंसर से बचाव में सहायक है। अगर तंबाकू उत्पादों से परहेज किया जाए और स्वस्थ जीवन शैली अपनाई जाए तो कैंसर के काफी मामलों से बचा जा सकता है। आरजीसीआईआरसी के प्रिवेंटिव ऑन्कोलॉजी ओपीडी में बेहद कम दाम में तीन सबसे ज्यादा होने वाले कैंसर की स्क्रीनिंग की सुविधा मिलती है। ये तीनों प्रकार हैं स्तन कैंसर, सर्विक्स कैंसर और मुंह का कैंसर।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर आरजीसीआईआरसी में मुंह के कैंसर की नि: शुल्क स्क्रीनिंग की जा रही है। 23 मई से शुरू हुआ यह कैंप 11 जून तक चलेगा। इससे धूम्रपान करने वाले और तंबाकूचबाने वाले लोगों को शुरुआती स्टेज में ही कैंसर का पता लगाने में मदद मिलेगी। इससे समय पर इलाज भी संभव होगा।

फ्री स्क्रीनिंग के साथ ही तंबाकू छुड़ाने के लिए नि: शुल्क परामर्श शिविर भी आयोजित किया जा रहा है, जिससे लोगों को तंबाकू के सेवन से दूर किया जा सके। डॉ. रावल ने कहा कि तंबाकू में नशा होता है और इसीलिए खुद से इसे छोड़ पाना लोगों के लिए मुश्किल होता है। उन्हें प्रोत्साहन और सहयोग की जरूरत होती है।

# शहर में आज भी अंग्रेजी भाषा का बोलबाला

## राष्ट्रभाषा हिन्दी में शहर के नाम गलत और अंग्रेजी में सही

## शहर के मुख्य मार्गों पर लगे साइन बोर्ड में शहर का नाम लिखा है गलत

विवेक सिंह। बल्लभगढ़




बल्लभगढ़ में लगे गलत साइन बोर्ड।



प्रदेश सरकार ने साल 2020 जनवरी में हुई कैबिनेट की बैठक में कामकाज हिंदी में शुरू करने का फैसला लिया था। लेकिन आज भी राष्ट्र भाषा हिन्दी का अपमान पूरे प्रदेश में होता नजर आता है। शहर के मुख्य मार्गों पर लगे साइन बोर्ड में अंग्रेजी में तो नाम ठीक होते है। लेकिन राष्ट्रभाष हिन्दी में गलत है। ऐसा ही बल्लभगढ़ में देखने को मिला।

लोक निर्माण विभाग की चूक के चलते बल्लभगढ़ को बल्लबगढ़ कर दिया गया। जिससे लगता है कि अधिकारियों की रूची केवल दिए हुए कार्य को निपटाने में होती है। उसके सही और गलत से उन्हें फर्क नहीं पड़ता। अचंभित करने वाली बात यह है कि सभी से लगे नाम बोर्ड पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

सालों से लगे गलत साइन बोर्ड को शहर के अधिकांश लोग अब सही मानने लगे हैं। स्थानीय लोग तो पहले से ही आम बोल चाल की भाषा में बल्लबगढ़ या बल्लमगढ़ शब्द का प्रयोग करते रहे हैं। शर्म की बात है कि अब लिखा भी गलत जाने लगा है। अधिकारियों की चूक के चलते शहर की पहचान खतरे में पड़ गई है। क्योंकि बाहर से आने वाले लोग और नई पीढ़ी जो पढ़ेगें उसी को सच मानेगें और उम्र भर गलत उच्चारण करेंगे। पहले भी गुरूग्राम के नाम की दुर्गति गलत उच्चारण के चलते हो चुकी है।

लोगों ने गुरु शब्द को समय के साथ गुड बोलना शुरू कर दिया था। जिसे आधिकारिक नाम गुड़गांव के रूप में स्वीकार कर लिया गया। लेकिन बाद में सरकार जागी और शहर को उसके सही नाम गुरुग्राम से जोड़ा। बल्लभगढ़ के मामले में भी स्थानीय प्रशासन को ध्यान देने की आवश्यकता है।

ताकि शहर के सही नाम को अक्षुण्ण रखा जा सके। अगर गुरुग्राम वाली गलती यहां भी दोहराई गई और सालों बाद प्रशासन जागा तो नाम के बदलाव की प्रक्रिया में जनता के लाखों रूपये स्वाहा हो जाएगें। एक राहगीर सत्यप्रकाश का कहना था कि यह पीडब्ल्यू अधिकारियों द्वारा की गई यह भारी चूक है। ऐसे लोगों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई होनी चाहिए।

# स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है तम्बाकू : डॉ. विद्या नायर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सिगरेट, बीड़ी, गुटखा और हुक्का तंबाकू का ही एक प्रकार है जिनके सेवन से शरीर को अलग-अलग तरह से नुकसान पहुंचता है। यह बात मरेंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल से वरिष्ठ छाती एवं श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. विद्या नायर ने कही। उन्होंने बताया कि तंबाकू को गुटका या पान मसाला के रूप में चबाकर खाने से मुंह और गले का कैंसर होता है, वहीं तंबाकू का बीड़ी, हुक्का या सिगरेट के जरिये सेवन करने से फैंफड़ों का कैंसर, अस्थमा, सांस फूलने की परेशानी व अन्य सांस से जुडी समस्याएँ, लिवर कैंसर, कोलन कैंसर, इरेक्टाइल डिसफंक्शन (नपुंसकता), हृदय रोग की समस्या, स्ट्रोक, आंखों की रोशनी में कमी आना, दांतों का कमजोर पड़ना व समय से पहले से गिरना और गंभीर गैंग्रीन होने का जोखिम बढ़ जाता है। जो महिलाएं तंबाकू का सेवन करती हैं उन्हें गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर यानी सर्वाइकल कैंसर, स्तन कैंसर, गर्भधारण की समस्या, एक्टोपिक प्रेग्नेंसी का खतरा, प्रीमेच्योर मेनोपॉज (महिलाओं में समय से पहले पीरियड्स या मासिक धर्म का बंद हो जाना), टाइप-2 डायबिटीज और आंतों से जुडी समस्याएं हो सकती हैं।

धूम्रपान करने वाली गर्भवती महिलाओं में शुरू के तीन महीनों में बार-बार गर्भपात होने का खतरा, गर्भनाल की पोजीशन नीचे रह जाना, समय से पहले पानी की थैली फटने व प्रसव होने का खतरा ज्यादा होने जैसी कई समस्याएं आ सकती हैं। ऐसी महिलाओं के पैदा होने वाले बच्चों में कटा ओठ व तालु की समस्या, जन्म के समय बच्चे का वजन कम होना आदि की परेशानी हो सकती है।

# संक्षिप्त समाचार

## अटल सुहाग की कामना को पूजा-अर्चना



हार्डवेयर चौक पर बट वृक्ष की पूजा करतीं महिलाएं।

फरीदाबाद। प्राचीन शिव मंदिर राजीव कॉलोनी हार्डवेयर चौक पर शनि जयंती के अवसर पर सर्वार्थ सिद्धि योग में जेष्ठ महीना कृष्ण पक्ष अमावस्या तिथि पर सोमवती अमावस विशेष मुहूर्त में नगर बस्ती की माताओं ने अपने अटल सुहाग की कामना करते हुए सौभाग्य प्राप्ति के लिए 40 वर्ष पुराने वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। मां भगवती के चरणों में बैठकर अरदास लगाई भगवान शिव के सानिध्य में मंदिर परिसर में सैकड़ों माताओं ने बट सावित्री व्रत रखकर भगवान विष्णु की प्रतिमा का पूजन किया यथाशक्ति पूजन के बाद दानादि किया। इस अवसर पर मंदिर के महंत आचार्य सर्वेश पांडे जी ने सभी माताओं को सौभाग्य का आशीर्वाद प्रदान किया।

## अन्न दान है महादान : बबली



फरीदाबाद। सोमवती अमावस्या व शनि जयंती के उपलक्ष्य में किया गया। भण्डारा अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र सेक्टर-86, 87 भगवान परशुराम चौक ग्रेटर फरीदाबाद पर भण्डारे का आयोजन किया गया। पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया वट सावित्री व्रत सोमवती अमावस्या व शनि महाराज की जयंती है। विशेष महत्व है इसी पर्व पर पूरी सब्जी हलवा का प्रसाद वितरण किया। सभी ने प्रसाद का आनन्द लिया। सुख समृद्धि व विश्व कल्याण शान्ति की कामना की। इस अवसर पर राजू, कैलाश, पं हरीश पाराशर एडवोकेट, पं. कृष्ण पाराशर एडवोकेट, पं.कर्ण पाराशर इंजिनियर, पं.सुनील शर्मा, सूरज शर्मा, रामजीलाल, शंकर शर्मा, रंजन शर्मा, विनोद, लोकेश सहित अन्य उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आज करेंगे लाभार्थियों को सम्बोधित : डीसी

फरीदाबाद। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि प्रदेश में आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की गई है। जिसमें केंद्र सरकार की योजनाओं को भी जोड़ दिया जाए तो सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में लक्षित परिवारों की आर्थिक उन्नति सुनिश्चित है। देश के गरीब परिवारों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में तमाम योजनाओं की शुरुआत की गई है। उपायुक्त जितेन्द्र यादव यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में विडियो कान्फ्रेंस के जरिये लोगों से मन की बात कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक में यह दिशा-निर्देश अधिकारियों को दे रहे थे। जिन्हें प्रदेश सरकार द्वारा पूरी ईमानदारी के साथ धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने बताया कि योजनाओं के उद्देश्यों की गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री समय समय पर स्वयं इनकी समीक्षा करते रहे है। इसी क्रम में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रधानमंत्री 31 मई मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए देशभर में 13 योजनाओं के विभिन्न लाभार्थियों के साथ सीधा संवाद करेंगे।

## जन कल्याण संस्था ने तीन सौ बच्चों को जूते बांटे

फरीदाबाद। एनआईटी तीन फरीदाबाद स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जन कल्याण संस्था द्वारा फाउंडर प्रेसिडेंट एससी गुप्ता, लक्ष्मण शर्मा तथा पीके त्रिपाठी द्वारा प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में तीन सौ बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म के अंतर्गत शूज बांटे। इन में से एनआई तीन फरीदाबाद के गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गवर्नमेंट ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल ओल्ड फरीदाबाद तथा गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल मेवला महाराजपुर के सौ-सौ बच्चों को शूज वितरित किए। जन कल्याण संस्था के अध्यक्ष एससी गुप्ता ने कहा कि सभी बच्चों, छात्र और छात्राओं को प्रेरणा लेनी चाहिए कि वे भी बड़े होकर दूसरों की सहायता करें और शिक्षा के महत्वपूर्ण क्षेत्र में सुविधाओं से वंचित बच्चों की सहायता करें।

## स्प्रिंगर नेचर ने मानव रचना में की लैब स्थापित



मानव रचना कॉलेज में स्प्रिंगर नेचर लैब का रिबन काट कर शुभारंभ करते मुख्य कार्यकारी फैंक व्रेनकेन पीटर।

फरीदाबाद। स्प्रिंगर नेचर ने मानव रचना शिक्षण संस्थान, फरीदाबाद में भारत की अपनी पहली अकादमिक रिसर्च लैब की शुरुवात की है। स्प्रिंगर नेचर एकेडमिक रिसर्च लैब फैकल्टी को नए क्षेत्रों में अनुसंधान करने की सुविधा प्रदान करेगी और साथ ही छात्रों को पारंपरिक कार्यक्रमों की सीमाओं से परे बहु-विषयक क्षेत्रों पर शोध करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगी। प्रयोगशाला के प्रमुख फोकस क्षेत्रों में वैज्ञानिक लेखन, प्रकाशन, और अनुसंधान में प्रभावी सहयोग शामिल होगा। यह छात्रों को तकनीकी कौशल विकसित करने, नेटवर्क बनाने, विचारों को विकसित करने और नवाचार प्रदर्शित करने के अवसर प्रदान करेगी। यह अनुसंधान समुदाय, फैकल्टी और छात्रों को उनकी विशेषज्ञता के क्षेत्र में प्रसिद्ध शोधकर्ताओं के साथ हर महीने दो बार बातचीत करने और तकनीकी खोजों के बारे में चर्चा करने और सीखने का मौका भी प्रदान करेगा। अपने संबोधन में, स्प्रिंगर नेचर के मुख्य कार्यकारी, फ्रैंक व्रेनकेन पीटर्स ने कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान एक राष्ट्र की रीढ़ हैं। हमें मानव रचना शिक्षण संस्थान में इस अकादमिक अनुसंधान प्रयोगशाला की स्थापना करते हुए खुशी हो रही है, जो न केवल छात्रों और फैकल्टी के लिए हमारी विभिन्न पत्रिकाओं की सामग्री को सुलभ बनाएगी, बल्कि ज्ञान साझा करने और विचारों के ऊष्मायन का केंद्र भी होगी। स्प्रिंगर नेचर में, हम खोज और ज्ञान के द्वार खोलने में विश्वास करते हैं, और मानव रचना शिक्षण संस्थान में स्प्रिंगर नेचर एकेडमिक रिसर्च लैब भारत में इसे हासिल करने में हमारी मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## भूपेंद्र हुड्डा किसानों के नए मसीहा हैं

फरीदाबाद। आंध्र प्रदेश की जनता और कांग्रेसियों की तरफ से दिए गए स्मृति चिन्ह व उपहारों को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय कौशिक ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को उनके दिल्ली आवास पर सौंप दिया। भूपेंद्र सिंह को सम्मानित करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय कौशिक ने कहा कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि हुड्डा आज देशभर के किसानों की आवाज बनकर उभरे हैं और मोदी सरकार से देश के किसानों के हित की लड़ाई लड़ रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री रहते हुए हुड्डा ने जो कार्य किए हैं उसके कारण देशभर के किसानों में उनके प्रति आज भी श्रद्धा और विश्वास बना हुआ है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय कौशिक ने कहा कि आंध्र प्रदेश में संगठन चुनाव की जिम्मेदारी निभाने के लिए, वहां जाने पर जब कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को पता चला कि मैं हरियाणा से हूं तो सभी लोग चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बारे में पूछने लगे और हरियाणा की राजनीति के बारे में चर्चा करने लगे।

# गंभीर समस्या

## लिंग परीक्षण

**अवैध** होने के बावजूद पूरे भारत में लिंग परीक्षण हो रहे हैं जिसके कारण लिंग अनुपात बिगड़ा हुआ है। लड़कियों के अधिकारों के लिए संघर्ष से पहले उनको जीवित रखना ज्यादा जरूरी है। लेकिन अनेक लोग सारे प्रयास कर रहे हैं कि महिलायें बच्चियों को जन्म न दें। नवीनतम पैटर्न से पता चलता है कि वे कन्या शिशु हत्या के बजाय गर्भ समापन पसंद कर रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि राज्य सरकारें तथा पुलिस कठोरता से लिंग परीक्षणों पर लगाम लगाने में विफल रही है। नवीनतम घटना ओडिशा से है जहां बरहामपुर में एक षडयंत्रकारी गठजोड़ का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने एक आवास व क्लीनिक पर छापा मारा जहां बताया जाता है कि सालों से एक अंतर-राज्यीय लिंग परीक्षण गठजोड़ काम कर रहा था। क्लीनिक पर छापा मारने के समय 11 गर्भवती महिलायें अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रही थीं। एक दर्जन से अधिक आरोपी गिरफ्तार किए गए जिनमें आश्चर्यजनक रूप से एक आशा कर्मी भी शामिल थी। यहां से एक संवेदनशील पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन तथा उससे जुड़ी चीजें बरामद हुईं जिन पर 2005 से प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह एक 'संदर्भ' क्लीनिक थी जहां चिकित्सक गर्भवती महिलाओं को भेजते थे। एक दिन पहले तमिलनाडु में धर्मापुरी पुलिस ने एक अवैध क्लीनिक से 6 गर्भवती महिलाओं को निकाला था तथा एक अल्ट्रासाउंड मशीन जब्त की थी। एक सप्ताह पहले हरियाणा में कुरुक्षेत्र पुलिस ने भी ऐसे ही अवैध क्लीनिक का खुलासा किया था। अप्रैल में भी हरिणाणा व दिल्ली में अधिकारियों ने गोपनीय रूप से इस गठजोड़ में शामिल दिल्ली के एक नर्सिंग होम पर छापा मारा था। मार्च में लुधियाना में



एक और अवैध क्लीनिक को बंद कराया गया था। गुजरात में राजकोट पुलिस ने एक नर्सिंग होम में ऐसे ही गठजोड़ के प्रमुख लोगों को पकड़ा था। ऐसी लिंग परीक्षण कार्रवाइयां देश के सभी राज्यों में हो रही हैं। अमीर लोगों के पास अन्य विकल्प भी हैं, जैसे वे विदेश चले जाते हैं जहां ऐसे परीक्षण वैध हैं। कुछ साल पहले पता चला था कि लिंग परीक्षण किटें विदेशों से स्मगलिंग कर देश में लाई जा रही हैं। लगभग 20,000 रुपये लागत की इन किटों को आसानी से लाया ले जाया जा सकता है और वे ज्यादा जटिल भी नहीं हैं। भारत में नान-इन्वेज़िव प्रीनेटल टेस्ट-एनआईपीटी तकनीक भी आ गई है। यह अत्यधिक सटीक है और इससे गर्भावस्था के बिल्कुल प्रारम्भ में ही गर्भ का लिंग पता लगाया जा सकता है। आधिकारिक रूप से इस परीक्षण की अनुमति गर्भ में जेनेटिक विकृतियों का पता लगाने के लिए दी गई है, लेकिन इसका दुरुपयोग भी हो रहा है। अगस्त में गुरुग्राम की एक निजी प्रयोगशाला पर छापे में इस टेस्ट का खुलासा हुआ था। अत: यह पूरी तरह स्पष्ट है कि अनेक राज्यों में विकृत लिंगानुपात का कारण कन्या शिशु हत्या या बच्चे का लिंग पता करने के बाद उसका गर्भपात है। आधिकारिक रूप से स्वीकार किया गया है कि भारत में सांख्यिकीय रूप से लाखों लड़कियां गायब हैं तथा अन्य लाखों को 'अवांछित' बता कर छोड़ दिया गया है। सरकार को यह गठजोड़ समाप्त करने के लिए पहल करनी चाहिए। भारतीय चिकित्सा परिषद लिंग परीक्षणों में संलिप्त चिकित्सकों का लाइसेंस रद्द कर सकती है। सामुदायिक स्तर पर अभियानों व कौंसिलिंग से भी कन्या शिशुओं की रक्षा हो सकती है। गर्भवती महिलाओं को राज्य की ओर से भी सहायता की आवश्यकता है ताकि वे परीक्षण के लिए दबाव डालने पर 'नहीं' कह सकें।

# स्थानीय संस्कृति व परम्पराओं का सम्मान

स्थानीय संस्कृति व परंपराओं का सम्मान विकसित करें, उनको कहीं और से मिले बोझ के कारण खारिज न करें तथा उनमें न्यूनतम बाधा डालें।



**बालाकृष्णन सत्यम**
(लेखक निर्देशव विज्ञापन क्षेत्र से संबद्ध हैं)



परिवर्तन के साथ सामंजस्य बैठाना आसान नहीं है। हालांकि यह हर समय होता रहता है, पर पुराने और नए का टकराव भी जारी रहता है तथा पुराने के स्थान पर नया आता रहता है। सवाल है कि हमारी आंखें इसमें एक निरंतरता और सामंजस्य देखती हैं या हम उसे संघर्ष के रूप में देखते हैं? यदि टी.ए. एडिसन हमारे घर आएं तो वे फौरन बिजली के बल्बों पर गौर करेंगे जिनमें से लगभग अधिकांश इस समय एलईडी हैं। कुछ साल पहले सीएफएल व एलईडी बल्बों का मिश्रण था। उसके पहले कुछ जीएलएस व कुछ सीएफएल होते थे। जब सभी जनरल लाइट सोर्स-जीएलएस बल्ब होते थे जिनमें कुछ फ्लोरेसेंट थे, तब किसी ने घरेलू बिजली में ज्यादा खोज की उम्मीद नहीं की थी। अब यदि एडिसन मेरे घर में ग्रामोफोन से मिलने-जुलने वाली कोई चीज तलाश करना चाहें तो उनको कुछ नहीं मिलेगा क्योंकि आज संगीत का संरक्षण तथा उसका पुन: प्रसारण पूरी तरह बदल गया है। कभी-कभी किसी विज्ञान संग्रहालय में पुरानी चीजें समझदारी व प्रशंसा के दृष्टिकोण से रखी जाती हैं। कुछ प्रदर्शनियां ऐसी चीजों को 'पूर्वावलोकन' की श्रेणी में रखती हैं। आज आईटी उद्योग में 'पूर्वावलोकन' एक सुस्पष्ट व निर्धारित गतिविधि है। लोग एकत्र होकर अतीत की घटनाओं पर गौर करते हैं। वे परियोजनाओं पर विचार कर वस्तुनिष्ठ व विषयनिष्ठ आंकड़ों पर गौर कर अनुभवों का साझा करते हैं। उनको उम्मीद होती है कि इससे लाभ होगा जो टीम में बेहतर सहयोग, बेहतर उत्पादकता, गलतियां दुहराने से बचाव, भावी समस्याओं का पूर्वानुमान तथा बेहतर कार्य प्रक्रियाओं के रूप में सामने आ सकता है।

अतीत के मूल्यांकन का एक समुचित तरीका है क्योंकि इसे सतही तौर से देखने पर कोई खास लाभ नहीं होता है। अतीत की वर्तमान से सतही तुलना से भी कोई लाभ नहीं होता है और यह कहना आसान हो जाता है कि एक, दूसरे की तुलना में बेहतर है। लगभग चालीस साल पहले साइकिल और रेडियो को पुरानी तथा उपयोगिता खो चुकी चीजों के रूप में देखा जाता था। लेकिन इनमें से कोई गायब नहीं हुई। उनकी भूमिका पुन: परिभाषित हुई तथा उनको लाभदायक स्थान मिला। पहले की तुलना में ये अलग किस्म का अनुभव देती हैं। जब अलग संस्कृति का कोई व्यक्ति, खासकर यूरोप का कोई व्यक्ति अन्य महाद्वीपों की सभ्यताओं को देखता है तो उनको पिछड़ा तथा अपने पितामहों के युग का मानता है।

लेकिन ये स्वस्थ परंपरायें माओरी परंपराओं तथा एबो उत्सवों की तरह सम्मानित रहीं। देशी संस्कृति व भाषाओं के संरक्षण तथा उनकी जीवन्तता निर्धारित करने के लिए कानून भी बनाए गए। अनेक देशों में टेक्निकल खिलौनों की पसंद एवं तथाकथित 'लोकप्रिय पत्रिकाओं' के माध्यम से होने वाले सूचना विस्फोट के कारण मनोरंजन, फिटनेस व्यवस्थाओं, सौंदर्य प्रसाधनों व हैंडीक्राफ्ट ज्वेलरी के परंपरागत रूपों में गिरावट आई है। व्यापक मुख्यधारा चैनलों के प्रसार के कारण क्षेत्रीय लोककथायें तथा भाषा-शैली अत्यधिक प्रभावित हुई है। इस दृष्टिकोण से वर्तमान एलसीडी व एलईडी टेलीविजन की पूर्वज पुरानी पिक्चर ट्यूब आज भले ही 'आदिम' लगे, पर इसने टीवी सामने आने पर ज्ञान और क्षमता में भारी वृद्धि की थी। इस प्रकार जब हम अपने समुदायों में व्यवहारों को अति सरल या अनोखा मानते हैं तो हमें समझना चाहिए कि वे अनेक चरणों से गुजरे हैं। इस प्रकार कोई नई चीज पुरानी को खारिज नहीं कर सकती है। इसी प्रकार पुराना भी किसी उभरती नई चीज के लिए लौह सांचा नहीं बन सकता है। आमतौर से हम 65 साल से अधिक आयु वाले किसी व्यक्ति से पुराने अच्छे दिनों, प्राचीन धुनों, ऐतिहासिक संबंधों, 1930 के दशक वाली फिल्मों तथा अपने पितामहों के बारे में बातें सुनने की उम्मीद कर सकते हैं। समान रूप से कोई मिलीनियल इस बात से पूरी तरह अनजान हो सकता है कि प्लेस्टेशन कंसोल या 'नीड फार स्पीड' गेम आने के पहले से ही धरती सूर्य का चक्कर लगा रही है। शायद इस मामले में 'पीढ़ियों का अंतर' स्पष्ट हो जाता है। अब यह सामान्य रूप से दिखता है कि जहां 'लेटेस्ट' के प्रति झुकाव है, वहीं 'एंटीक' का बिजनेस बहुत बड़ा है। लेकिन इसमें व्यावहारिक दृष्टिकोण ज्यादा नजर नहीं आता है।

महीनों और सालों में परिवर्तन में निरंतरता एवं बदलाव दिखते हैं। हमें यह विचार करने की जरूरत है कि हमारी पुरानी पीढ़ियां कैसे रहती थीं तथा हमारा अपना जीवन इस स्थिति में कैसे आया है। यह सच है कि प्रगति एक चीज है। हम 'स्वर्ण युगों' की बात करते हैं जब ज्यादातर शांति रहती थी। उस समय कला फलती-फूलती थी, नई खोजें होती थीं तथा आम जनता की जीवनशैली में सुधार होता था। ऐसे अनेक दशक और शताब्दियां बीतीं जब महान इमारतों, संगीत रचनाओं, बाग-बगीचों, जल भंडारों, थियेटर प्रदर्शनों व कविता आयोजनों का बोलबाला था। जब एशिया की प्राचीन शिक्षायें यूरोपीय समाजों में पहुंचीं तो उनके पूर्वाग्रह दूर हुए तथा ज्ञान व कला में पुनर्जागरण आया। उनके जहाज तब अन्य महाद्वीपों में भौतिक सामग्री तथा सांस्कृतिक संसाधनों के लिए पहुंचे। इस प्रकार दुनिया के अनेक समुदायों ने एक दूसरे तथा दूसरी नस्लों के संपर्क में आना सीखा। इनमें से कुछ लेनदेन व अतिथि सत्कार के माध्यम से हुआ, जबकि अनेक मामलों में हिंसा और गुलामी भी सामने आई। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि सहयोग के बजाय टकराव की संभावना अधिक थी। थोड़ा बाद के युग में चिकित्सा, परिवहन व संचार में वैज्ञानिक आविष्कार पूरब की ओर गए जिन्होंने तुलनात्मक रूप से स्थिर सभ्यताओं में जागरूकता व परिवर्तन की गति तेज की।

इस प्रकार हम देखते हैं कि इस सूरज के नीचे सभी चीजों का अपना स्थान है और किसी का स्थाई एकाधिकार नहीं है। केवल पिछले 150 साल में विशाल तेल भंडारों का महत्व सामने आया। वेब के माध्यम से दूरस्थ शिक्षा विभिन्न क्षेत्रों के पाठ्यक्रमों व शिक्षण में गुणवत्ता की खाई पाटने का काम कर रही है। जिस प्रकार आर्थिक लाभ की संभावनायें आपके दरवाजे पर पहुंच सकती हैं, उसी प्रकार जूनोटिक वायरस भी आ सकते हैं।

सवाल उठता है कि इस सारे वैश्वीकरण के बीच 'स्थानीय' की क्या भूमिका है? अब इस शब्द के क्या अर्थ हैं? हालांकि, बहुत लंबे जुड़ाव के बाद अब भाषा तथा उसकी बोलियों, अनेक प्रकार की उप-राष्ट्रीयताओं तथा व्यापक समाज को एक निश्चित भूगोल के रूप में पहचाना जा सकता है। यह स्वाभाविक लगता है कि उसके सदस्यों के बीच 'स्थान' से बाहर वाले लोगों की तुलना में ज्यादा जुड़ाव संभव है। इसका वैश्विकता से कोई टकराव नहीं है। इस प्रकार हम अपने पड़ोसियों से संपर्क का विस्तार करते हैं, हम अपनी भाषा बोलने वाले कबीलों के साथ ही अन्य यात्रियों से संपर्क करते हैं। हमारी संसद के प्रवेशद्वार पर 'वसुधैव कुटुंबकम' लिखा है जो हमारे भीतर व्याप्त प्राकृतिक प्रवृत्ति का विस्तार है। न्यूजीलैंड से कैरीबियन व पोलीनेशिया से अलास्का तक से मिले सबक हमें स्थानीय संस्कृतियों व परंपराओं का सम्मान करना सिखाते हैं, हमें बाहर से आने वाली किसी चीज के मुकाबले इनका न छोड़ने का आह्वान करते हैं तथा इनमें आने वाली बाधाओं को न्यूनतम करते हैं। यह नया दृष्टिकोण सामुदायिक संबंधों में नए अध्याय लिख रहा है।

अतीत में जहां व्यापक व जानबूझ कर की गई तोड़फोड़ सामने आती है, वहीं भविष्य के प्रति ईमानदार प्रतिबद्धता भी स्पष्ट होती है। आखिर जागरूक दृष्टिकोण के लिए आपको जीएलएस या एलईडी युग में रहने की जरूरत क्यों है? आज जब अनेक कंपनियां अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए पुनरावलोकन कर रही हैं तब कुछ ही समय में व्यापक समाज समुदायों तथा वर्गीय हितों के बीच सामंजस्य स्थापित करना सीख लेगा। खासतौर से इस दृष्टिकोण से स्पष्ट होगा कि वे क्या रोकना चाहते हैं, क्या जारी रखना चाहते हैं तथा क्या नया शुरू करना चाहते हैं। सर्वाधिक जिद्दी लोगों को छोड़ कर अधिकांश लोग इस बात पर सहमत हैं कि कुछ चीजों को बंद करना या उनको न्यूनतम करना संभव है। प्रमुख बात लोगों को सुधार शुरू करने के प्रति उन्मुख करना होगा ताकि वे परिवर्तन का विरोध न करें। हमें परिवर्तन का स्वागत करना चाहिए।

# कोनासीमा का हिंसक सामाजिक आधार उजागर

**रामचंद्र मूर्ति कोंडुभाटला**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



यह हिंसा डॉ अंबेडकर के प्रति विरोध का नहीं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही सामुदायिक प्रतिद्वंद्विता और सरकार के प्रति असंतोष का परिणाम थी। विगत 24 मई को आंध्र प्रदेश के कोनसीमा जिले में जो कुछ हुआ वह अभूतपूर्व और पूर्णतया अप्रत्याशित था। अमलापुरम कस्बे में एक भीड़ ने परिवहन मंत्री पिनिपे विश्वरूप और एक मछुआरे विधायक पी. सतीश के घरों में आग लगा दी। हिंसा तब भड़क उठी जब पुलिस ने जिला कलेक्टर से मिलने के लिए संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) द्वारा निकाले गए जुलूस 'चलो अमलापुरम' को रोकने का प्रयास किया। अगर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने की इजाजत दी होती तो हालात कुछ और होते।

जेएसी का गठन कोनासीमा जिले का नाम डा अंबेडकर कोनासीमा करने के विरोध में किया गया था। कोनासीमा के लोग अपने जिले के नाम को लेकर भावुक हैं। कोनासीमा के अलग जिला बनाने के लिए आंदोलन कई सालों से चल रहा था। कोनासीमा जिले के साथ अंबेडकर का नाम जोड़ने के सरकार के फैसले ने लोगों के गुस्से को भड़का दिया। प्रमुख पार्टियों के शीर्ष नेताओं ने प्रस्ताव का समर्थन किया हालांकि कई अन्य ने पार्टी मतभेदों से आगे बढ़कर, निजी स्तर पर इस बदलाव का विरोध किया। तेदेपा के नारा चंद्रबाबू नायडू और जन सेना पार्टी के पवन कल्याण ने अपनी सहमति तब दी जब वाईएसआरसीपी सरकार ने उनकी मंजूरी मांगी।

कोनसीमा जिले की एक अजीबोगरीब जनसंख्यात्मक तस्वीर है। कापू, सेतिबालिज और दलित तीन प्रमुख समुदाय हैं जो समान रूप से बड़े, मुखर व दबंग हैं। 1993 तक कापू और सेतिबालिज के बीच अक्सर झड़पें होती थीं, जब गुडीपुडी प्रभाकर राव जैसे कुछ नेताओं ने दो युद्धरत समुदायों के बीच शांति कायम की। कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें तो दोनों समुदायों के बीच कभी झगड़ा नहीं हुआ। हालांकि, दलितों का कापू और सेतिबालिज दोनों के साथ टकराव रहा है, जो पिछड़े वर्गों का हिस्सा हैं। कोनसीमा जिले में एक



लोकसभा सीट (अमलापुरम) और तीन (कुल सात में से) विधानसभा सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। अनुराधा, अनुसूचित जाति , लोकसभा में अमलापुरम निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रही है। जिले के मंत्री, विश्वरूप वाईएसआर के परिवार के काफी करीबी माने जाते हैं। जिले में दलितों की कमान है और यह कापू और बलिजा को बिलकुल नापसंद है। जब आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने पिछले हफ्ते अमलापुरम के पास मरुमल्ला गांव का दौरा किया, तो विश्वरूप दलितों के एक प्रतिनिधिमंडल को उनके पास ले गए थे। उन्होंने मुख्यमंत्री से बाबा साहब अंबेडकर के नाम पर कोनसीमा जिले का नाम रखने का अनुरोध करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। जगन मोहन रेड्डी ने अनुरोध स्वीकार कर लिया लेकिन चाहते थे कि विपक्षी दल प्रस्ताव को मंजूरी दें। टीडीपी और जेएसपी नेताओं ने इस विचार का स्वागत किया। पिछले सप्ताह एक सरकारी अधिसूचना जारी की गयी जिसमें जिले का नाम बदलकर डॉ. बी.आर. अंबेडकर कोनससीमा जिला बनने की सूचना दी गयी और लोगों से कहा गया कि अगर किसी को कोई आपत्ति है तो एक महीने के भीतर सरकार को बताए।

किसी प्रतिष्ठित राजनीतिक नेता द्वारा इस सरकारी आदेश का खुला विरोध नहीं हुआ। लेकिन आम लोगों द्वारा इस कदम के समर्थन या विरोध में हजारों संदेश भेजे गए। दलित पक्षकार भी कापु और सेतिबालिज की तरह आक्रामक थे। विश्वरूप ने कथित तौर पर पुलिस से कहा कि स्थिति से निपटने के लिए बल प्रयोग करें। पुलिस ने एहतियात के तौर पर धारा 144 और धारा 30 लगा दी थी। लेकिन कुछ ही घंटों में प्रदर्शनकारियों ने जिस ताकत का इस्तेमाल किया, उसका अंदाजा पुलिस को नहीं था, वो इसके लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठियों का इस्तेमाल किया और पांच बार हवा में फायरिंग की। रात आठ बजे तक पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच सड़क पर झड़पें होती रहीं। पुलिस देर रात तक स्थिति पर काबू पा सकी। डीआईजी पलराजू (एलुरु रेंज) और चार एसपी अमलापुरम में डेरा डाले हुए हैं, जो बुधवार को शांतिपूर्ण रहा। कस्बे में अतिरिक्त बलों को भेज दिया गया है। डीआईजी पलराजू के अनुसार, बुधवार दोपहर तक 46 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। डीआईजी ने समुदाय के नेताओं ने बात की। उन्होंने लोगों से शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील की।

अपनी हरियाली, नारियल के पेड़ों व अधिक उपज वाली फसलों के लिए मशहूर कोनसीमा में पुलिस अधिकारियों के सामने अचानक से धमाका हो गया है. पिछले चार दशकों में ऐसा कुछ नहीं हुआ था। 1989 में विजयवाड़ा में वांगवीती मोहन रंगा की हत्या के समय भी, पूरे तटीय आंध्र में दंगे हुए थे जबकि कोनसीमा में केवल कापू छिटपुट हिंसा में शामिल थे। इस बार यह अनुसूचित जातियों बनाम अन्य सभी जातियों का मसला था। यह ज्यादातर अम्बेडकर के प्रति शत्रुता के बजाय लंबे समय से चली आ रही सामुदायिक प्रतिद्वंद्विता व वर्तमान सरकार के साथ असंतोष का परिणाम था। दलित नेताओं के दबदबे वाले प्रोफाइल ने भी आग में घी का काम किया। लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष जीएमसी बालयोगी भी इसी जगह के रहने वाले थे।

## आप की बात

### बुद्ध की राह

**प्रधानमंत्री** मोदी ने दुनिया को हिंसा, अराजकता, आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से मानवता को बचाने के लिए बुद्ध के बताए रास्तों पर चलने की सलाह दी है। आज यह मार्ग दुनिया की हर चुनौतियों का सामना कर सकता है। हम प्रधानमंत्री की इन बातों से सहमत है आज विश्व में लगातार बढ़ते जा रहे हैं आतंकवाद के खात्मे के लिए यही मार्ग सर्वोपरि है । गौतम बुद्ध ने विश्व को मानवता का, प्रेम का, सहिष्णुता का, जो संदेश दिया था आज उनके इस संदेश को सभी ने भुला दिया है इसी कारण आज सभी दूर से आपसी भाईचारा एक तरह से खत्म हो गया है हर देश एक दूसरे की काट करने में लगा हुआ है यही कारण है कि युद्ध का वातावरण भी हर तरफ बनता जा रहा है। अत: ऐसे समय में गौतम बुद्ध के भाईचारे, प्रेम, आपसी विश्वास, सहिष्णुता के संदेश ही कारगर हो सकते हैं। कोरोना के समय हमारे देश भारत ने गौतम बुद्ध के बताए इन्हीं मार्गों पर चलकर सभी को मानवता का संदेश देने का प्रयास किया है। यही कारण है कि महामारी से बचने के लिए हमने सभी को न केवल दवाइयां बल्कि टीकाकरण के लिए टीके अपने पास से अपने आसपास के देशों में भेजने का प्रयास किया था।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### आतंक के खिलाफ एकजुट हों!

**एनएसए** सम्मेलन के बाद जारी बयान में आठों देश अफगानिस्तान को आतंकमुक्त बनाने और वहां चल रहे टेरर कैंपों को बंद करने पर एकमत नजर आए। आतंकवाद एक वैश्विक सवाल जरूर है, लेकिन अफगानिस्तान की अस्थिरता का सबसे ज्यादा प्रभाव इसी क्षेत्र के देशों पर पड़ने वाला है। इस लिहाज से रीजनल सिक्यॉरिटी डायलॉग के रूप में एक ऐसी व्यवस्था बनती दिख रही है, जिसके जरिए इस क्षेत्र के सभी प्रमुख देश मिलकर आपसी सहमति से और राष्ट्रीय संप्रभुता का सम्मान करते हुए अफगानिस्तान के हालात की जटिलताओं को एक-एक कर सुलझाने का प्रयास जारी रख सकते हैं। एनएसए का संयुक्त बयान आतंक के विरुद्ध ठोस जमीन तैयार करने का आधार है! फिलहाल तो इसमें अफगानिस्तान को आतंकवाद से मुक्त करवाने पर सहमति बनी है! मगर इस को और अधिक व्यापक बनाते हुए विश्व भर के सभी आतंकवाद पर विश्व के सभी देशों को मिलजुल कर संयुक्त ठोस रणनीति आपसी सहयोग और सूचनाओं के आदान-प्रदान का एक मजबूत नेटवर्क बनाना होगा। सीमा पर हो रहे युद्ध से निपटना आसान है क्योंकि दुश्मन नजरों के सामने रहता है। मगर अंदरूनी दुश्मनों का सफाया करना बहुत ही मुश्किल काम है।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम


### बुझ गया दीप

पंजाब के जाने माने गायक शुभ दीप सिद्धु उर्फ सिद्धु मूसेवाला का गोलियों से छलनी मर्त शरीर पंजाब में पुन: फैलती अराजकता की दस्तक हे । 1988 में इसी प्रकार तब के जाने माने गायक अमर सिंह चमकीला भी इसी तरह मारे गये थे। इस प्रकरण की डरावनी बात यह है कि सिद्धु के हत्यारे अत्याधुनिक हथियारों से घटना को अंजाम देकर गये हे आँकड़ो के हिसाब से ऐसे हथियार पंजाब पुलिस के पास भी सीमित मात्रा में है। पंजाब का पाकिस्तान के साथ बॉर्डर लगता हे तो कही ये हथियार सीमा पार से तो नही आ रहे? समय का चक्र देखे सिद्धु मूसेवाला अपने गानो से जिन हथियारों का महिमा मण्डन करते थे वही उसके अन्त का कारण बने । पंजाबी युवा उनको गानो से प्रभावित हो हिंसक प्रवृति की हो रही थे यह आरोप मूसेवाला पर यदा कदा लगते थे। उनकी हत्या दु:खद है पर यह इशारा करती है पंजाबी फ़िल्म जगत में मुम्बई की भाँति अंडर वर्ल्ड के दख़ल की तरफ़ । फ़िल्म इंडस्ट्री से रातों रात पैसा कमाया जा सकता है यही कारण है की अपराधी इसकी तरफ आकर्षित होते हैं।

– **परमवीर केसरी**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**प्रधानमंत्री** की घोषणाओं के बावजूद उद्योग बंद हो रहे हैं व जीडीपी गिर रही है।

– **के. चंद्रशेखर राव**
तेलंगाना के मुख्यमंत्री



**मैं** बहुत दु:खी हूं। समय आ गया है कि हम हथियारों का बेलगाम विस्तार बंद करें।

– **पोप फ्रांसिस**
कैथोलिक चर्च प्रमुख



**भाजपा** सरकार ने अपने ही लोगों को फर्जी जुमलों से भ्रमित करने के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं।

– **रणदीप सुरजेवाला**
मुख्य कांग्रेस प्रवक्ता

# नर्सिंग कालेजों को नियम विरुद्ध मिली मान्यता होगी रद

## मेडिकल कॉलेज विहीन 27 में से 16 जिलों में शुरू हुई प्रक्रियाः स्वास्थ्य मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**चिकित्सा** एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा है कि नर्सिंग के 4000 पदों के लिए भर्ती निकाली गई लेकिन पास सिर्फ 3000 ही हो सके। सपा-बसपा के कार्यकाल में पढ़ाई का स्तर था ही ऐसा कि बच्चे पास नहीं हो पाए। अब हम सख्ती करेंगे और भर्तियां करेंगे। ऐसे सभी नर्सिंग कालेजों की मान्यता रद्द की जाएगी, जिन्होंने गलत ढंग से मान्यता हासिल कर ली थी।

स्वास्थ्य मंत्री विधान सभा में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मेडिकल कालेजों में डाक्टरों और अन्य कर्मचारियों, अधिकारियों के खाली पदों पर जल्द भर्तियां की जाएंगी। साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में गलत ढंग से मान्यता हासिल करने वाले नर्सिंग ट्रेनिंग कालेजों की मान्यता रद्द की जाएगी। ब्रजेश पाठक ने सपा के लालजी वर्मा के सवाल के जवाब में कहा कि जो भी पद खाली हैं उन्हें जल्द भरा जाएगा। लालजी वर्मा ने जानना चाहा कि क्या प्रदेश के सभी मेडिकल कालेजों में जहां पद खाली हैं? उनके शिक्षकों को पीजीआई के समकक्ष वेतन व अनुय भत्ते सुविधाएं देने पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेजों में एमडी और एमएस की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। मेडिकल कालेजों में ऐसे शिक्षकों के वेतनमान कम हैं, अच्छे शिक्षक निजी क्षेत्र में काम कर उससे ज्यादा कमाई कर लेंगे तो वे दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में स्थित मेडिकल कालेजों में क्यों जाएंगे। ऐसे में वहां पद खाली ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि पीजीआई के समान वेतन केवल सुपर स्पेशिलिटी वाले संस्थानों को दिया जाता है। ऐसे में नियमों के मुताबिक ही वेतन दिया जा सकता है। यदि सदस्य का कोई सुझाव है तो उस पर विचार कर लेंगे और देखेंगे कि क्या हो सकता है।

वहीं डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने विधान सभा में प्रश्नकाल के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा कि पिछले साल एक साथ कई मेडिकल कॉलेजों का शुभारंभ पीएम मोदी ने सीएम योगी की मौजूदगी में किया था। यूपी के अभी 75 में से 27 जिलो में कोई मेडिकल कॉलेज नहीं है। इन 27 में से 16 जिलों में भी मेडिकल कॉलेज खोलने की शुरुआत हो चुकी है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि राज्य के 27 जिलों में कोई राजकीय या निजी मेडिकल कॉलेज नहीं हैं। इनमें से दो जिलों में मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए निजी क्षेत्र के साथ समझौता किया गया है और 14 जिलों में पीपीपी मोड पर कार्यवाही प्रक्रिया में है। विधानसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान बहुजन समाज पार्टी के नेता उमाशंकर सिंह ने यह जानना चाहा कि प्रदेश के जिन जिलों में राजकीय मेडिकल कालेज नहीं है, क्या वहां राजकीय मेडिकल कॉलेज स्थापित करने पर सरकार विचार करेगी। इस प्रश्न के उत्तर में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रदेश के 27 जिलों में राजकीय मेडिकल कालेज नहीं खोले जा सके है। पाठक ने बताया कि इनमें 16 असेवित जिलों में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज स्थापित किये जाने का निर्णय किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके सापेक्ष दो जिलों में प्राइवेट पार्टनर चिन्हित कर कन्सेशन एग्रीमेंट हस्ताक्षरित हो गये है तथा शेष 14 जिलों में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

## रिक्शा व ठेलिया चालकों के लिए बनेंगे आश्रय स्थलः अनिल राजभर

**लखनऊ।** श्रम मंत्री अनिल राजभर ने विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान बताया कि प्रदेश के हर जिले में रिक्शा व ठेलिया चालकों के लिए आश्रय स्थल बनाए जाएंगे। यहां उन्हें निशुल्क आवास के साथ ही भोजन भी उपलब्ध करवाया जाएगा। वहीं समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने बताया कि मुख्यमंत्री शादी अनुदान में सुविधा और पारदर्शिता के लिए उनका विभाग अब एक अलग पोर्टल विकसित कर रहा है जिसमें इस योजना के आवेदकों के आनलाइन पंजीकरण होंगे। दोपहर सवा तीन बजे से शाम सवा छह बजे के बीच पीठ पर अधिष्ठाता रवि वर्मा और उमाशंकर सिंह ने क्रमशः सदन की कार्यवाही का संचालन किया।

# दूध देना बंद करने पर गाय को छोड़ा तो होगी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रश्नकाल के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा कि जब गाय दूध देना बंद कर देते हैं तो उसे छुटटा छोड़ देते हैं जिससे यह गाय अन्य लोगों को नुकसान पहुंचाती है। अब अगर ऐसे गाय जिन्हे टैग किया गया है और टैग निकालकर छोड़ा गया तो ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सांड़ का पूरा प्रबंध सरकार करेगी ताकि वह आमजन को नुकसान न पहुंचाए। उन्होंने कहा कि गौशलाओं को आत्मनिर्भर बनाएंगे। पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि कसाई और किसान में अंतर है। हम किसानों का ध्यान रखेंगे, कसाइयों का नहीं। अपने पशुओं को छोड़ने वालों के खिलाफ पशु क्रूरता रोकथाम अधिनियम के तहत केस दर्ज किया जाएगा। प्रश्नकाल के दौरान सपा विधायक अवधेश प्रसाद सरकार से जानना चाहा कि प्रदेश के किसानों की फसलों को छुट्टा जानवरों से बचाने की सरकार की कोई कार्ययोजना है? उक्त का विवरण क्या है? जवाब देते हुए पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश के समस्त ग्रामीण, शहरी स्थानीय निकायों में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल की स्थापना व संचालन नीति का प्रख्यापन किया गया है। इच्छुक कृषक, पशुपालक अन्य व्यक्ति को गोवंश आश्रय स्थलों से गोवंश सुपुर्द किये जाने के लिए 8 अगस्त 2019 को मुख्यमंत्री निराश्रित बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना प्रारम्भ हुई है। इसके साथ ही कुपोषण से ग्रसित बच्चों के परिवारों को दुधारू गोवंश सुपुर्दगी में दिये जाने की व्यवस्था है। इस प्रश्न में रालोद के प्रसन्न कुमार, सपा के बृजेश कटेरिया और पंकज मलिक ने भी अनुपूरक सवाल किया जिस पर जवाब देते हुए पशुधन मंत्री ने कहा कि यह आवारा मवेशी नहीं हैं बल्कि उन्हें छोड़ा गया है। हर कोई जानता है कि उन्हें किसने छोड़ा है। जब एक गाय दूध देती है तो उसे रखा जाता है और जब दूध देना बंद करती है तो छोड़ दिया जाता है। मंत्री ने कहा कि 15 मई तक 6187 गौ आश्रय केंद्र प्रदेश के शहरी और ग्रामीण इलाकों में बनाए गए हैं। इनमें 838015 पशुओं को रखा गया है।

# फिलहाल विधानसभा उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं कराएगी योगी सरकार



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** में सपा सदस्य लालजी वर्मा ने नियम 300 के तहत विधानसभा उपाध्यक्ष के निर्वाचन का मुद्दा उठाया जिस पर संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार फिलहाल विधानसभा उपाध्यक्ष के पद पर चुनाव नहीं कराएगी।

सपा सदस्य ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि वह जानना चाहते हूं कि उपचुनाव चल रहा है और उपाध्यक्ष का पद खाली है तो सरकार उपाध्यक्ष के निर्वाचन पर गंभीरता से विचार करे। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि विधान सभा अध्यक्ष सदन चलाने में सक्षम है, सदन ठीक ढंग से चल रहा है और अधिष्ठाता मंडल की व्यवस्था बहुत माकूल है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के अलावा जितने भी अधिष्ठाता पीठ पर बैठे, उन सभी ने भी सदन ठीक ढंग से चलाया। अध्यक्ष खुद 16 से 17 घंटे काम करने में सक्षम हैं। जब चुनाव की आवश्यकता होगी तब विचार कर लेंगे। इसके पहले लालजी वर्मा ने कहा कि पिछली सरकार 2017-2022 में चार साल तक चुनाव नहीं हुआ और आखिरी समय में उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की पिछली भाजपा सरकार के दौरान अक्टूबर 2021 में विधानसभा उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ था और सपा के उस समय के बागी विधायक नितिन अग्रवाल भारी बहुमत से निर्वाचित हुये थे। अग्रवाल को 304 मत और सपा उम्मीदवार नरेंद्र वर्मा को 60 मत मिले थे। अग्रवाल 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव जीते और अब वह प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार के राज्य मंत्री हैं।

# सरकार बताए किसानों का गन्ना भुगतान कितना बकाया

## किसानों की आय दुगनी करने की बात भाजपा चुप क्यों हैः सपा प्रमुख



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने प्रदेश की योगी सरकार पर जबरदस्त हमला बोला। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ने जो काम किए थे भाजपा उनको अपना बताकर काम चला रही है। 2022-2023 का सरकार जो बजट लाई है वह उसे खर्च भी कर पाएगी इसमें संदेह है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था किसानों से जुड़ी है। किसानों की आय दुगनी करने की बात भाजपा ने अपने 2017 के संकल्प पत्र में कही थी। सन् 2022 तक संकल्प पूरा करने का वादा भी था पर इस पर सरकार चुप है। इस बार तो कृषि क्षेत्र में कम बजट दिया गया है। गेहूं-धान की फसल की एमएसपी दरों पर खरीद नहीं हुई। टमाटर आलू प्याज की फसलों को कोई मदद नहीं मिली। आलू किसानों को जेल भेजा गया है। आखिर बताएं कि किसान अपना आलू कहां लाकर बेचेंगा, समाजवादी सरकार में मंडियों की व्यवस्था पर ध्यान दिया गया था भाजपा राज में मंडियां कहां बची। श्री यादव ने कहा कि सरकार बताए किसानों का गन्ना बकाया कितना बाकी रह गया है। सरकार सहकारी मिलों का भुगतान बताती है किन्तु प्राइवेट मिलों का क्या होगा। उन्होंने कहा महंगाई रोकना सरकार के बस में नहीं है। सरिया, गिट्टी, बालू, मौरंग सभी निर्माण सामग्रियों के दाम बढ़ गए हैं। सरसों तेल, पेट्रोल डीजल, रसोई गैस, बिजली के दाम बढ़े हैं। कहा गया था नोटबंदी से भ्रष्टाचार मिटेगा। कालाधन समाप्त होगा। ऐसा कुछ तो हुआ नहीं।

# कोरोनाकाल में हुई मौत के आंकड़ों को लेकर सपा ने किया वाकआउट

**लखनऊ।** विधान सभा में सोमवार को कोरोना काल में हुई मृत्यु के जवाब से असंतुष्ट समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने विधान सभा से वाकआउट किया तो वहीं सपा सदस्य रविदास मेहरोत्रा ने कोरोना काल के दौरान हुई मौतों का आंकड़ा सरकार द्वारा छिपाए जाने पर अकेले की सदन का बहिष्कार किया। प्रश्नकाल के दौरान सपा के मनोज पारस ने जानना चाहा कि कोरोना काल में संक्रमण से अस्पतालों और अस्पतालों के बाहर कितने लोगों की मृत्यु हुईं। इसकी संख्या पटल पर रखेंगे। इस पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि कोरोना के दौरान बनाए गए पोर्टल पर मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश में 23512 मौतें हुईं। बाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ऐसे लोगों से आवेदन लिए गए जिनकी कोरोना से निगेटिव होने के 30 दिन के अंदर मौत हुई थीं।

# सपा का समाजवाद सिर्फ परिवारवाद व जातिवाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विधान परिषद में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर उनकी ओर इशारा करते हुए समाजवाद के मुद्दे पर जमकर आइना दिखाया। मौर्य ने कहा कि वह समाजवाद की बात करते हैं। समाजवादी पार्टी का समाजवाद तो सिर्फ परिवारवाद और जातिवाद है। असल समाजवाद तो सबका साथ, सबका विकास होता है। जो वह नहीं कर सकते। हमारी पार्टी की सरकार सबका साथ, सबका विकास के फार्मूले पर काम कर रही। मौर्य सोमवार को बजट पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए सदन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर बधाई भी दी।

वहीं उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने विधानसभा सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव को निशाने पर लिया। श्री पाठक ने नेता प्रतिपक्ष की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये सभी नकली समाजवाद फैला रहे है। उन्होंने कहा कि असली समाजवादी तो नरेन्द्र देव, लोहिया व राज नारायण थे जो कि स्वर्ग से देख रहे होंगे कि हमारे नाम को बेच कर ये लोग अपनी दुकान चला रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने कहा कि मैं राज्य सरकार को इस बात के लिए बधाई देता हूं कि यूपी के इतिहास का यह अब तक का सबसे बड़ा बजट है। इस बजट में यूपी की 25 करोड़ जनता के लिए लोककल्याणकारी योजनाओं को शामिल करते हुए उनके जीवन की चतुर्दिक प्रगति को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया है। मौर्य ने विपक्षी दलों को निशाने पर लेते हुए कहा कि जब भाजपा की सरकार होती है तो सबका साथ, सबका विकास होता है लेकिन जब विपक्षी दलों की सरकार होती है तो उनका एजेन्डा सिर्फ कुछ का विकास होता है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल के नेता (अखिलेश यादव)उस सदन (विधानसभा) में अभी समाजवाद की बात कर रहे थे। इस सदन में उनका नाम नहीं लूंगा लेकिन इतना कहना चाहता हूं कि सपा के समाजवाद का मतलब सिर्फ परिवार वाद और जातिवाद है जबकि भाजपा का समाजवाद सबका साथ, सबका विकास होता है। जो वह नहीं कर सकते। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे कांग्रेस हो, सपा हो, बसपा हो इन दलों का यही चरित्र है कि परमंपरागंज ढंग से एक ही परिवार का राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनता है। इसके विपरीत हमारी सरकार विजन साफ है। हम लोग सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास पर विश्वास करते हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष गऊवंश का मामला उठाता है। तो हम बताना चाहते हैं कि भाजपा सरकार में कोई भी गऊवंश की गर्दन पर खंजर नहीं चला सकता। उन्होंने कहा सपा की ओर इशारा करते हुए पूछा कि बताए गऊवंश के तस्करों के साथ क्या रिश्ता था। भाजपा सरकार ने गौवंश के लिए लाखों आश्रयस्थल बनाए हैं। जहां उनके रहने और चारा-पानी के सुचारू इंतजाम किए गए हैं। गऊवंश के तस्कर रहे हो चाहे भूमाफिया, खनन माफिया, नकल माफिया, पेपरलीक माफिया चाहे शराब तस्कर, इन सबकी भाजपा सरकार ने कमर तोड़कर रख दी है। उन्होंने कहा कि आज यूपी विकास के पथ पर है। जब हमारी सरकार माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करती है तो विपक्ष के साथियों के पेट में दर्द होता है और होना भी चाहिए उनके राजनीतिक रिश्ते जो उन माफियाओं से रहे हैं। हमारी सरकार चुस्त-दुरुस्त कानून-व्यवस्था बनाए रखने वाली सरकार है।

सदन में कांग्रेस सदस्य दीपक सिंह द्वारा भाजपा सरकार के दौरान परीक्षाओं के पेपरलीक और नकल होने के उठाए मामले का उल्लेख करते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कल्याण सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के दौरान आज के रक्षामंत्री उस वक्त शिक्षा मंत्री थे। उस वक्त वह नकल अध्यादेश जाए

# योगी सरकार में किसी का नहीं हो रहा उत्पीड़न

## विधान परिषद में गूंजा ईवीएम का मामला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** कार्यकर्ताओ का उत्पीड़न तथा उन्हे झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल में डाले जाने का मामला आज विधान परिषद मे जोरदार तरीके से उठा। सरकार पर बदले की भावना से काम करने का आरोप लगाते हुये सपा सदस्यों ने कार्यस्थन प्रस्ताव लाकर सदन में चर्चा कराये जाने की मांग की और विरोधस्वरूप सदन का वाकआउट किया।

शून्यकाल के दौरान समाजवादी पार्टी की तरफ से नियम 105 के तहत कार्यस्थन प्रस्ताव लाया गया। सपा के आशुतोष सिन्हा ने कहा कि विधानसभा चुनाव के मतदान के अगले दिन वाराणसी के पहाडिया मंडी में कुछ संदिग्ध गाडियां निकलती दिखी। सपा कार्यकर्ताओं के पूछने पर बताया गया कि मौरंग से लदी गाडिया है। लगातार कई गाडियों के निकलने संदेह और गहरा गया। जिस पर एक गाडी को वहां के सपा कार्यकर्ताओ ने रोका और देखा कि उनमें मशीनें है। सोशल मीडिया पर खबरों के आने पर मामला गरमाया था और मंडलायुक्त ने गल्ती को स्वीकारते हुये तत्कालीन एसडीएम को दोषी मानते हुये उनके खिलाफ निर्वाचन आयोग ने कार्रवाई की थी। इसके बाद सपा सदस्यों ने मतगणना के दिन वहां विरोध प्रदर्शन किया था। सपा का कहना था कि उक्त घटना को लेकर उस वक्त अग्यात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। सपा का आरोप था कि उक्त मामले में सरकार के इशारे पर सपा कार्यकर्ताओं को पकड़ कर उनका उत्पीडन किया जा रहा है। मामले पर सपा सदस्य नरेश उत्तम ने कहा कि लोकतन्त्र में विरोध करना विपक्षी दलों का अधिकार है और स्वथ्य परंपरा का परिचायक भी है लेकिन भाजपा सरकार लोकतन्त्र की इस परंपरा का खत्म करने पर आमादा है। सपा के आरोप का जवाब देते हुये नेता सदन स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि घटना को सोशल मीडिया पर वायरल करके मतगणनास्थल पर हंगाम किया गया था। पुलिस पर पथराव तथा बोतलें फेंकी गई थी। जिसमे कई पुलिसवालों को चोटें भी आयी थी।

# बीजेपी सरकार ने पेपरलीक का विश्व रिकार्ड बनायाः दीपक सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कांग्रेस नेता दीपक सिंह ने विधान परिषद में सोमवार को बजट पर चर्चा में जारी रखते हुए कहा कि भाजपा सरकार पर लोगों को मुख्यधारा से अलग करके उन्हें अराजकता फैलाने पर मजबूर करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा जिनकी बदौलत और जिनके बहुमत से सरकार में आई उनका भी ख्याल नहीं रखती। इससे पहले अपरान्ह तीन बजे भोजनावकाश के पश्चात सदन की बैठक अधिष्ठाता जयपाल सिंह 'व्यस्त' के सभापतित्व में प्रारम्भ हुई। तत्पश्चात कार्यसूची की मदों को निपटाया गया। याचिकाओं को याचिका समिति को संदर्भित किया गया। कांग्रेस के दीपक सिंह ने चर्चा को जारी रखते हुए कहा कि जिस जनता ने भाजपा को बहुमत दिया उसकी भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ मीडिया को भी अपमानित किया जा रहा है। बीजेपी ने अपनी पांच साल की सरकार में एक भी बिल्डिंग और भवन का निर्माण नहीं कराया। उन्होंने कहा कि नेता सदन एक भी ऐसी बिल्डिंग का नाम बता दें। उन्होंने सरकार को प्रस्ताव दिया कि वह बीडीसी सदस्यों की उस मांग पर विचार करे कि उन्हें मानदेय प्रदान किया जाए। तदर्थ शिक्षकों के रुके हुए वेतन का समस्त भुगतान किया जाए। उन्होंने मौजूदा शिक्षा नीति पर भी सरकार को घेरा और कई सवाल खड़े किए। दीपक सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने पेपरलीक का विश्व रिकार्ड बनाया है। बीते दिनों हुई दारोगा भर्ती की परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों को अभ्यर्थियों ने उजागर किया। अभ्यर्थियों ने जब कार्रवाई की मांग की तो उनके ऊपर लाठियां चलाई गईं।

# राजधानी सहित 17 शहरों में सबसे ज्यादा प्रदूषण

## प्रदूषित शहरों में पीएम मोदी का निर्वाचन क्षेत्र तथा सीएम योगी का गृह जनपद भी शामिल

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कुल 17 शहरों सबसे अधिक प्रदषण है। प्रदूषित शहरों में पीएम नरेन्द्र मोदी का निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी तथा सीएम योगी आदित्यनाथ का गृह जनपद गोरखपुर भी शामिल है। इन जिलों में प्रदूषण के खतरे से बचाने के लिये राज्य सरकार कार्ययोजना पर काम कर रही है। विधान परिषद में यह जानकारी पर्यावरण एवं जल वायु परिवर्तन मंत्री अरुण कुमार ने कांग्रेस सदस्य दीपक सिंह के सवाल पर दी। उन्होंने बताया कि वायु प्रदूषण की दृष्टि से केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने लखनऊ, कानपुर, आगरा, प्रयागराज, वाराणसी, गाजियाबाद, नोएडा, खुर्जा, फिरोजाबाद, अनपरा, गजरौला, झांसी, मुरादाबाद, रायबरेली, बरेली, मेरठ तथा गोरखपुर है। उन्होंने कहा कि इन जिलों को सबसे अधिक प्रदूषण से बचाने के लिये राज्य सरकार ने कार्ययोजना तैयार की है। जिस पर केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मंजूरी के बाद काम चल रहा है। मंत्री ने बताया कि प्रस्तावित योजना में वायु प्रदूषण के स्त्रोत्रों से जनित प्रदूषण नियंत्रण के लिये 20 विभागों को मिलाकर 59 बिन्दुओं पर काम किया जाना है। योजना के क्रियान्वयन का नियमित अनुश्रवण जिलास्तर पर डीएम की अध्यक्षता में बनी जिला पर्यावरण समिति तथा राज्य स्तर पर अपर मुख्य सचिव वन एवं जलवायु प्रदूषण की अध्यक्षता में गठित एयर क्वालिटी मांनीटरिंग कमेटी द्वारा किया जाता है। हालांकि मंत्री के जवाब से सवाल उठाने वाले कांग्रेस सदस्य दीपक सिंह संतुष्ट नही दिखे और उन्होने विरोधस्वरूप सदन का वाकआउट किया।

# कैग ने उठाए जल निगम के सेंटेज पर सवाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानमंडल** के दोनों पटलों पर आज रखी गयी नियंत्रक महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में जल निगम को वर्ष 2012-13 में सेंटेज के रूप में मिले 302.38 करोड़ रुपये पर सवाल खड़े किये है। महालेखा परीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आय-व्यय खाते में दिखाकर घालमेल किया है। कैग की रिपोर्ट के मुताबिक केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं पर सेंटेज अनुमन्य नहीं किया गया। इसके बाद भी जल निगम ने सेंटेज की प्रतिपूर्ति का अनुरोध करते हुए आय-व्यय खाते में जमा कर दिया। नियमता इसे लेखा टिप्पणियों में दिखाया जाना चाहिए था। जल संस्थान झांसी से वर्ष 1997-98 से 2010-11 अवधि के दौरान बकाया न वसूलने से ठेकेदारों के 148.46 करोड़ रुपये को बकाया दिखा दिया गया। बबीना झांसी परियोजना वर्ष 1996.97 में 48.29 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई। इसे ग्रामीण जल परियोजना में शामिल किया जाना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं किया गया। जल निगम की डिजाइन सेवा प्रभाग के 526.28 करोड़ डिपाजिट राशि को भी चालू देनदारियों में अधिक बताया गया।

## यूपी सड़क परिवहन दुर्घटना राहत निधि की स्थापना करने की सिफारिश

**लखनऊ।** भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक (कैग) ने राज्य सरकार के वित्त पर अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन दुर्घटना राहत निधि (यूपीआरटीएआरएफ) की स्थापना करने की सिफारिश की है। इस निधि की स्थापना न होने से 636.81 करोड़ रुपये की धनराशि जमा नहीं हो पाई। गत 31 मार्च 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए तैयार की गई रिपोर्ट में इसका उल्लेख है। किसी सार्वजनिक सेवा वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से पीड़ित यात्रियों या मृत्यु की दशा में उनके उत्ताधिकारियों को राहत देने के उद्देश्य से यूपीआरटीएआरएफ की स्थापना होनी है। वर्ष 2015-2021 की अवधि के दौरान इसमें कुल 636.81 करोड़ रुपये जमा किया जाना था। इसमें 100.43 करोड़ रुपये वर्ष 2020-21 से संबंधित हैं। हालांकि परिवहन आयुक्त ने सीएजी को बताया कि यूपीआरटीएआरएफ की स्थापना सरकार के स्तर पर प्रक्रियाधीन है। सीएजी को यह भी बताया गया कि वर्ष 2015-21 के बीच परिवहन विभाग के सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण से संबंधित अनुदान के मद से संबंधित पात्र व्यक्तियों को वित्तीय सहायता के रूप में 1.23 करोड़ रुपये प्रदान किए गए। हालांकि धनराशि में भारी अंतर होने के कारण सीएजी से यूपीआरटीएआरएफकी स्थापना को जरूरी बताया है।

# एसडीआरएफ के दिशा-निर्देशों के तहत निर्धारित तरीके से निवेश नहीं किया गया

**लखनऊ।** कैग की रिपोर्ट में कहा गया है कि यूपी में राहत का पैसा राज्य आपदा अनुक्रिया निधि (एसडीआरएफ) के दिशा-निर्देशों के तहत निर्धारित तरीके से निवेश नहीं किया गया।

कैग की रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्र सरकार के इस दिशा-निर्देश कि एसडीआरएफ का संचालन ब्याज सहित आरक्षित निधि के तहत किया जाना चाहिए। इसके बाद भी निर्धारित तरीके से निवेश नहीं किया गया। राज्य सरकार ने वर्ष 2020-21 के दौरान प्राप्त केंद्रीय अंश का 966.50 करोड़ रुपये एसडीआरएफ को हस्तांतरित नहीं किया। गैर निवेशित धनराशि पर वर्ष 2020-21 के लिए 91.91 करोड़ ब्याज नहीं जमा किया था।

# गन्ना किसानों का करीब 9 हजार करोड़ बकाया

**लखनऊ।** सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद राज्य में अभी गन्ना किसानों का 8917 करोड़ से ज्यादा की धनराशि बकाया है। सरकार ने यह जानकारी विधान परिषद में आज गन्ना विकास राज्यमंत्री ने सपा सदस्य नरेश उत्तम द्वारा पूछे गये सवाल पर दी। उन्होने बताय कि गन्ना किसानों को अब तक कुल बकाये का 74 फीसदी भुगतान किया जा चुका है। बाकी के भुगतान के लिये सरकार प्रयास कर रही है। कई चीनी मिलों को नोटिसें जारी करके उनसे वसूली की कार्रवाही की जा रही है। सरकार के जवाब से असन्तुष्ट सपा सदस्य ने आरोप लगाया कि योगी सरकार लगातार गन्ना किसानों के भुगतान को लेकर बडे-बडे दावे करती है और किसानों का हमदर्द होने की बात कहती है जबकि हकीकत यह है कि अपने बकाया भुगताम के लिये किसान दर-दर भटक रहे है और उनकी कोई सुनने वाला नही है। उन्होने दो दिन पहले कृषिमंत्री के विधान परिषद में दिये गये जवाब का जिक्र करते हुये कहा कि उस दिन वह गन्ना किसानों की बकाया धनराशि को बताने में आनाकानी करके हकीकत को छिपाने की कोशिश कर रहे थे।

जीआईसी मैदान में वितरित किए गए उपकरण

# दिव्यांगों के साथ खड़ी है सरकारः राजेश वर्मा

- पहली बार मिली मोटराइज्ड ट्राइसाईकिल
- एलिम्को कम्पनी से निर्मित उपकरण सीतापुर के दिव्यांगों को मिले
- मुख्य अतिथि सांसद और जिलाधिकारी ने की अध्यक्षता





संवाददाता। सीतापुर

**सोमवार को** शहर के जीआईसी मैदान पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एडिप योजनान्तर्गत एवं शारीरिक रूप से कमजोर दिव्यांगो को ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, बैशाखी, स्मार्ट केन, श्रवण यंत्र, कान की मशीन, कैलीपर्स, चस्मा, सरवाइकल कॉलर सहित अन्य उपकरण दिव्यांगो को सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने वितरित किए। यह उपकरण एलम्को कम्पनी द्वारा सीतापुर में वितरित किए गए। इस बार 80 प्रतिशत के दिव्यांगो को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल भी 143 दिव्यांगो को वितरित की गई जिसे पाकर दिव्यांग काफी खुश नजर आए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीतापुर सांसद राजेश वर्मा रहे, अध्यक्षता जिलाधिकारी अनुज सिंह ने की। कार्यक्रम में सीडीओ अक्षत वर्मा, एडीएम रामभरत तिवारी, सिटी मजिस्टेªट पूजा मिश्रा, एल्मिको कम्पनी के डिप्टी मैनेजर हरीश कुमार, अमित त्रिवेदी, जिला दिव्यांग अधिकारी मोनिका लाल, एडीएम सदर अनिल कुमार, डीडीओ राकेश पांडेय, ललित श्रीवास्त, आशीष कश्यप, संतोष सिंह, भगवती गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसके साथ ही कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स के जवानों ने दिव्यांगो को मंच तक पहुंचाने भी आगे बढ़कर हिस्सा लिया।

## ट्राई साइकिल मिली तो कहा-थैंक्यू!



**केन्द्र सरकार** हो या प्रदेश सरकार दिव्यांगो के लिए वह हर स्तर पर उनके साथ खड़ी है, हर जनप्रतिनिधि उनकी सुरक्षा के लिए खड़ा है। यह बात दिव्यांगो को उपकरण वितरित करते हुए सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने कही। सांसद ने पहली बार मोटराइज्ड ट्राई साईकिल पाने वाले दिव्यांगो से भी बात की व उनकी राय जानी तो सभी ने सांसद व सरकार को थैक्यू बोला। आपको बता दे कि सीतापुर के दिव्यांगो को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एडिप योजनान्तर्गत एवं शारीरिक रूप से कमजोर दिव्यांगो को ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, बैशाखी, स्मार्ट केन, श्रवण यंत्र, कान की मशीन, कैलीपर्स, चस्मा, सरवाइकल कॉलर सहित अन्य उपकरण वितरित किए गए। जिन्हें सांसद राजेश वर्मा व डीएम अनुज सिंह ने वितरित किए।

## क्विक न्यूज

### मृतक परिवार के साथ है समाजवादी पार्टीः छत्रपाल



**सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष विधानसभा अखिलेश यादव के निर्देश पर 5 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल ग्राम जैतनपुर मृतक रमेश यादव के घर पहुंचा, थाना कमलापुर के एसएचओ पुष्पराज कुशवाहा द्वारा पीड़ित को धमकाने के कारण हुई मौत पर घर जाकर मृतक के परिजनों से मुलाकात की और हर संभव मृतक के परिजनों को मदद दिलाने का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष क्षत्रपाल यादव, पूर्व विधायक डॉ हरगोविन्द भार्गव, विधानसभा सभा अध्यक्ष रमेश यादव, राष्ट्रीय सचिव समाजवादी छात्रसभा विद्या सागर यादव, जिला कार्यालय प्रभारी समाजवादी पार्टी जय सिंह यादव, वसीकुर रहमान, मनोज यादव सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नाले की सफाई के दौरान मजदूर की मौत

**बरेली ।**नगर निगम के गैंग के साथ नाले की सफाई करते समय एक मजदूर नाले के पानी में डूब गया और उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बारादरी थाना क्षेत्र के आजाद नगर निवासी सफाई कर्मचारी राजीव कि कल शाम सैटेलाइट बस स्टैंड के पास नाले की सफाई के दौरान नाले के पानी में डूब कर मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि राजीव नगर निगम के एक सफाई ठेकेदारके साथ काम करते थे और कल दिन में सैटेलाइट बस स्टैंड के पास एक नाले की सफाई करने के लिए अपने साथियों के साथ गए थे जहां उन्होंने नाले में घुसने से पहले ठेकेदार से सुरक्षा उपकरणों की मांग की लेकिन ठेकेदार ने उन्हें सुरक्षा उपकरण नहीं दिया और इधर-उधर की बातें करता रहा उसके बाद राजीव बिना सुरक्षा इंतजामों के ही नाले की सफाई करने के लिए नीचे उतर गए लेकिन इसी दौरान वह नाले के पानी में डूब गए साथ मैं काम कर रहे कर्मचारियों ने उन्हें बचाने की कोशिश की और कुछ देर बाद ही बाहर निकाल लिया लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी घटना की जानकारी ठेकेदार को दी गई लेकिन उस ने मामले को दबाने की कोशिश की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी घर वालों ने मृतक के घर के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी और 50 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की।

### घोड़ी ने महिला पर किया हमला, अस्पताल में दम तोड़ा

**बरेली ।** जरूरी सामान खरीदने के लिए बाजार जाने को घर से निकली एक बुजुर्ग महिला पर घोड़ी ने हमला कर दिया सिर में चोट से महिला घायल हो गई उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई घर वालों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार किया।कस्बा व थाना शाही निवासी 65 वर्षीय रईसन कि आज सुबह जिला अस्पताल में मौत हो गई उसे कल दिन में घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था।मृतका के घर वालों ने बताया कि वह कल सुबह घर की जरूरत का सामान खरीदने के लिए घर से बाहर गई थी लेकिन कुछ नहीं चलने के बाद अचानक एक घोड़ी ने उस पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे घरवाले घायल रईसन को पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए और फिर हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल लाए जहां आज सुबह इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया मृतका के घरवालों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया वो तीन बच्चों की मां थी उसके पति की कई साल पहले ही मौत हो चुकी है।

### सर्राफ की दुकान से जेवर का डिब्बा लेकर युवक फरार

**बरेली।** दुकान खोलने के बाद साफसफाई कर रहे सर्राफा कारोबारी को चकमा देकर एक युवक काउंटर पर रखा सोने के जेवर का डिब्बा लेकर फरार हो गया घटना की शिकायत सर्राफा कारोबारी पुलिस से कर दी। कैंट थाना क्षेत्र के सदर निवासी पुनीत मित्तल की गोल मार्केट स्थित पुनीत ज्वेलर्स नाम की दुकान के काउंटर पर रखा 180 ग्राम सोने के जेवर से भरा डिब्बा लेकर एक युवक आज सुबह फरार हो गया कारोबारी ने बताया कि आज सुबह लगभग 10 बजे वह दुकान खोलने के लिए गया था जहां दुकान खोलने के बाद वह साफसफाई कर रहा था इसी दौरान उसने काउंटर में रखा एक डिब्बा ऊपर रख दिया और साफसफाई करने लगा काम के दौरान ही उसका ध्यान बट गया इसी दौरान एक युवक उसकी दुकान में आने के बाद काउंटर पर रखा डिब्बा लेकर फरार हो गया उसने युवक को रोकने की कोशिश की लेकिन वह फरार हो चुका था उसने घटना की शिकायत पुलिस से कर दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर युवक को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।

# बोले सांसद, सरकार है अनाथ बच्चों की संरक्षक

संवाददाता। सीतापुर




**पी.एम. केयर्स** फॅार चिल्ड्रेन स्कीम के तहत बच्चों को स्नेह पत्र और प्रधानमंत्री के पत्र का वितरण के साथ-साथ ऑनलाइन सहायता राशि अन्तरित किये जाने के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सोमवार को कलेक्ट्रेट सभगाार में किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद में कोविड महामारी के संक्रमण से अपने माता-पिता को खोने वाले 06 बच्चों के खातों में सहायता राशि का ऑनलाइन अन्तरण प्रधानमंत्री द्वारा किया गया। बच्चों को 05 लाख रूपये का स्वास्थ्य बीमा कार्ड भी वितरित किया गया। सभी ने प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन के सजीव प्रसारण को सुना एवं लाभान्वित हुये। बच्चों के लिए 29 मई 2021 को भारत के प्रधानमंत्री द्वारा बच्चों के लिय पी0एम0 केयर्स योजना शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य उन बच्चों का सहयोग करना है जिन्होंने 11 मार्च 2020 से शुरू होने वाली अवधि के दौरान माता-पिता या कानूनी अभिभावक या दत्तक माता-पिता या जीवित माता-पिता दोनों को कोविड-19 महामारी से खो दिया है। योजना का उद्देश्य बच्चों की व्यापक देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से उनको सक्षम बनाना, उन्हें शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना और उन्हें 23 वर्ष की आयु तक वित्तीय सहायता के साथ आत्मनिर्भर अस्तित्व के लिए तैयार करना है। योजना के अन्तर्गत वित्तीय सहायता के रूप में 18 वर्ष की आयु पर 10 लाख रुपये की राशि की व्यवस्था की जायेगी। 18 से 23 वर्ष की आयु तक उन्हें इस धनराशि के निवेश से मिलने वाली राशि छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की जायेगी तथा 23 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 10 लाख रूपये की राशि प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें सरकार द्वारा दी जाने वाली अन्य सुविधाएं एवं छात्रवृत्ति भी प्रदान की जायेगी। इसके साथ ही बोर्डिंग और लॉजिंग के लिए सहायता, स्कूलों में प्रवेश, उच्च शिक्षा के लिए सहायता, उच्च शिक्षा के लिए शैक्षिक ऋण, 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा तथा स्कूल जाने वाले सभी बच्चों के लिए 20,000 रुपये की छात्रवृत्ति की व्यवस्था भी की जायेगी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सांसद सीतापुर राजेश वर्मा ने सभी बच्चों को आश्वस्त किया कि सरकार एवं प्रशासन सदैव उनके सहयोगार्थ तत्पर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी बच्चों के हितार्थ यह महत्वाकांक्षी योजना संचालित की है जिससे ऐसे जरूरतमंद बच्चों को सहयोग मिल सकेगा, जिन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान अपने माता-पिता को खो दिया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह बच्चें आगे चलकर देश का भविष्य उज्जवल करेंगे। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बच्चों से उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी लेते हुये उनके शीघ्र निस्तारण हेतु आश्वस्त किया। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोद लिए बच्चों को सुपोषित बनाने में जुटे अफसर

- घर-घर बांट रहे सुपोषण किट

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**डीएम महेंद्र** बहादुर सिंह की अनूठी पहल संपूर्ण सुपोषण अभियान अब परवान चढ़ने लगी है। तय रणनीति के मुताबिक गोद लिए गए सभी सैम श्रेणी के बच्चों के घर अफसरों के पहुंचने का सिलसिला जारी हैए जिसकी नियमित मॉनिटरिंग कई स्तर पर की जा रही है।

डीएम की पहल के तहत सोमवार को जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी वीरपाल लखीमपुर ब्लाक के ग्राम सलेमपुर पहुंचे जहां उन्होंने गोद लिए सैम श्रेणी के बच्चे का कुशल क्षेम जाना एवं सुपोषण किट प्रदान की। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्री को निर्देश दिए कि वह उनके गोद लिए बच्चे की सघन मॉनिटरिंग करें। यह सुनिश्चित कराए कि प्रदान की जा सुपोषित किट में उपलब्ध सामग्रियों का बच्चे के द्वारा नियमित सेवन किया जाए। मितौली ब्लाक की ग्राम पंचायत खानपुर ग्रंट के मजरा गुलरा ग्रट में तीन सैम के अति कुपोषित बच्चों को खंड विकास अधिकारी चंदन देव पांडेय ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मौजूदगी में सुपोषण किट उपलब्ध कराई। अति कुपोषित बच्चे प्रियंका को जल्द एनआरसी सेंटर भिजवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बच्चे की परिवारी जनों से बातचीत करके बच्चे को सुपोषण बनाए जाने सहयोग करने की अपील की।

इससे पहले एडीएम संजय कुमार सिंहए पीडी डीआरडीए केके पांडेय, डीडीओ अरविंद कुमार, कई एसडीएम व तहसीलदार समेत जिला स्तरीय अफसरों द्वारा गोद लिए बच्चों के घर पहुंचे और उन्हें सुपोषण किट प्रदान की। इस सूचना का संकलन डीपीओ सुनील कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया जा रहा है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर को आरबीएस के टीम के जरिए सैम एवं मैम श्रेणी के बच्चों का माह में एक बार अनिवार्य रूप से हेल्थ चेकअप कराने के निर्देश दिए।

# जिला अस्पताल की शिफ्टिंग के साथ एमसीएच विंग में बढ़ गई मरीजों की संख्याः सीएमओ

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**एमसीएच विंग** ओयल 200 शैय्या चिकित्सालय में जिला अस्पताल को शिफ्ट किए जाने के बाद व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए सोमवार को सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर व एसीएमओ डा. अनिल कुमार गुप्ता ने चिकित्सालय की व्यवस्थाओं व प्राथमिक सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएमएस डा. एसी श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। निरीक्षण के क्रम में सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर ने बताया कि जिला अस्पताल को 200 शैय्या चिकित्सालय में शिफ्ट किया गया है। इस दौरान कुछ अव्यवस्थाओं की शिकायत प्राप्त हुई थी जिसे लेकर उनके द्वारा एसीएमओ डा. अनिल अनिल कुमार गुप्ता के साथ निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में साइनेज लगवाने के निर्देश दिए गए। जिससे मरीजों को कमरों की सही जानकारी हो सके। साफ-सफाई व्यवस्था व टाइम डिस्प्ले के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने इस दौरान ओपीडी वार्डो व अन्य कक्षों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर ने जहां खुद का ब्लड प्रेशर चेक करवाया वहीं एसीएमओ डा. अनिल कुमार गुप्ता ने फिजियोथैरेपी वार्ड में एक्सरसाइज के लिए रखे उपकरणों को चला कर देखा। मुख्य द्वार पर अतिरिक्त एक स्ट्रेचर व वेलचेयर रखने के निर्देश दिए। वहीं कार्यदाई संस्था के इंजीनियर को पत्थरों की सफाई और अन्य छुटपुट व पानी की निकासी व्यवस्था सही करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सालय के चिकित्सकों के साथ एक बैठक की। जिसमें डा. एसके मिश्रा, आर्थोपेडिक सर्जन डा. सीएस सिंह, डा. आरएस भदौरिया, डा. सतीश वर्मा, डा. आईके चंदानी, डा. आरबी वर्मा, डा. राजेश कुमार, डा. अखिलेश शुक्ला, डा. भीमेन्द्र सहित अन्य डॉक्टर उपस्थित रहे। इस दौरान पता चला कि मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। वहीं उन्होंने एनआरसी को प्रथम व द्वितीय तल पर शिफ्ट करने सहित मानसिक ओपीडी को ग्राउंड फ्लोर पर करने के निर्देश दिए। पैथोलॉजी का निरीक्षण किया और मुख्य द्वार पर साइनेज लगाकर सभी कमरों और अन्य मिल रही सुविधाओं को डिस्प्ले करने के निर्देश दिए। चिकित्सालय में डस्टबिन व गमले सहित मरीजों के बैठने के लिए अतिरिक्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। 200 शैय्या चिकित्सालय के सीएमएस डा. एसी श्रीवास्तव ने इस दौरान जानकारी दी कि अस्पताल में 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए इंडो ईएमओ को शिफ्ट वॉइज तैनात कर दिया गया है। अल्ट्रासाउंड चिकित्सालय में शुरू हो गया है। एनआरसी भी शुरू हो गई है। शिफ्टिंग को लेकर जो छुटपुट टूट-फूट हो रही है उसे बाद में सही करा लिया जाएगा। इस दौरान उनके साथ स्टेनो कार्तिकेय मिश्रा व एमसीएच विंग के फार्मासिस्ट नीरज शुक्ला, अशोक सक्सेना व अमरेंद्र सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

## पीएम केयर्स फार चिल्ड्रन योजना को लेकर हुआ वर्चुअल कार्यक्रम



**लखीमपुर-खीरी।** सोमवार को पीएम केयर्स फार चिल्ड्रन योजना का वर्चुअल कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम को पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल संबोधित किया। पीएम ने योजना के लाभार्थी बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं, सेवाओं की जानकारी देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार की सुबह 9:45 पर एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग हाल में पीएम केयर फार चिल्ड्रन के अंतर्गत कोविड की वैश्विक महामारी में जनपद से चिन्हित तीन पात्र बच्चों को केंद्रीय गृह राज्यमंत्री भारत सरकार अजय मिश्र टेनी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने पीएम का स्नेह पत्र, पीएम केयर फार चिल्ड्रन की बैंक खाता पासबुक, हेल्थ कार्ड, एक डिक्शनरी व लैपटाप प्रदान किया। बताते चलें कि कोरोना काल में अनाथ हुए बच्चों को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पीएम केयर्स फार चिल्ड्रन योजना की शुरुआत की।

## पेज एक का शेष

### तेज आंधी...

हैं। कई यात्री विमान इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ऊपर चक्कर लगाते रहे, मौसम साफ होने के बाद ही विमानों को उड़ान और उतरने की इजाजत दी गई। हालांकि परिचालन में देरी की शिकायत ट्विटर पर वायरल हो रही है। वहीं अपनी कार से जा रहे भाजपा संसद प्रवेश वर्मा इस दौरान बाल-बाल बच गए। एकाएक उनकी कार पर पेड़ गिर गया।

### नेपाल में...

जांच में पता चला है कि विमान खराब मौसम के कारण बाईं ओर मुड़ने के बजाय दाईं ओर मुड़ने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इससे पहले अपराह्न में सीएएएन ने एक बयान में बताया कि मुस्तांग जिले के थसांग-2 में 14,500 फुट की ऊंचाई पर विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। माय रिपब्लिका समाचार पत्र की खबर के अनुसार, खराब मौसम के कारण अवरुद्ध एक मार्ग को साफ करने के लिए इलाके में पहुंचे इंदा सिंह ने पाया कि विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि विमान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। समाचार पत्र ने सिंह के हवाले से कहा, विमान में सवार सभी लोग मृत मिले हैं। शव शिनाख्त करने की स्थिति में हैं। सिंह ने बताया कि विमान में आग नहीं लगी थी। विमान संभवत: एक चट्टान से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हुआ। सीएएएन के अनुसार, दुर्घटनास्थल पर नेपाल की सेना, एयर डायनेस्टी, कैलाश हेलीकॉप्टर, फिशटेल एयर हेलीकॉप्टर के खोज एवं बचाव दल और अन्य बचाव कर्मी तैनात किए गए हैं। फिशटेल एयर का 9एन-एजेआर हेलीकॉप्टर दुर्घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचा और सोमवार को सुबह आठ बजकर 10 मिनट पर उसने विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि की। विमानन कंपनी की ओर से जारी यात्रियों की सूची के अनुसार, विमान में मौजूद भारतीयों की पहचान अशोक कुमार त्रिपाठी, उनकी पत्नी वैभवी बांडेकर (त्रिपाठी) और बच्चों-धनुष त्रिपाठी व ऋतिका त्रिपाठी के तौर पर हुई है।

### प्रधानमंत्री ने...

के होने पर उन्हें 10 लाख रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों को मनोवैज्ञानिक एवं भावनात्मक मदद के लिए आयुष्मान कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य बीमा और संवाद हेल्पलाइन के माध्यम से भावनात्मक परामर्श दिया जाएगा। पीएम केयर्स कोष के बारे में उन्होंने कहा कि इस कोष ने कोरोना वायरस संक्रमण के दौरान अस्पतालों को तैयार करने, वेंटिलेटर खरीदने, ऑक्सीजन संयंत्र लगाने में भी काफी मदद की। उन्होंने कहा कि इसके जरिए कई लोगों की जान बचाई जा सकती है और कई परिवारों का भविष्य बचाया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के नकारात्मक माहौल के दौरान भारत ने अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखा। उन्होंने कहा, हमने अपने वैज्ञानिकों, चिकित्सकों, युवाओं पर भरोसा दिखाया और हमारा देश दुनिया के लिए चिंता नहीं, बल्कि आशा की एक किरण बनकर उभरा। हम कोई समस्या नहीं बल्कि समाधान देने वाले बने। मोदी ने कहा कि इतने बड़े देश में भी, हमने सभी नागरिकों को टीके उपलब्ध कराए। अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की करीब 200 करोड़ खुराक लोगों को दी जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले आठ वर्ष में जो मुकाम हासिल किया है, उसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज, विश्व में भारत का गौरव बढ़ा है, वैश्विक मंचों पर भारत की ताकत बढ़ी है। उन्होंने युवा शक्ति के भारत की इस यात्रा का नेतृत्व करने को लेकर खुशी जाहिर की। मोदी ने कहा, अपना जीवन अपने सपनों के नाम कर दो, सपने पूरे होने के लिए ही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब उनकी सरकार अपने आठ साल पूरे कर रही है, तब देश का आत्मविश्वास, देशवासियों का खुद पर भरोसा अभूतपूर्व है।

### सिद्धू मूसेवाला...

नजर रख रही थी। पुलिस ने संदिग्धों के वाहन को आईएसबीटी के पास रोकने का प्रयास किया लेकिन वह शिमला बाईपास से पोंटा साहिब जाने वाले रास्ते की ओर मुड़ गया। जिसके बाद नयागांव पुलिस चौकी को सतर्क करने के बाद बैरिकेड्स लगा दिए। बैरिकेड्स लगने ट्रैफिक जाम हो गया और जाम में फंसने के बाद आरोपियों को कार से दबोच लिया गया। इस बीच, मुख्यमंत्री मान ने दिवंगत गायक के पिता बलकार सिंह सिद्धू के अनुरोध को स्वीकार करते हुए कहा कि राज्य सरकार पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से मामले की जांच मौजूदा न्यायाधीश से कराने का अनुरोध करेगी। मान ने कहा कि राज्य सरकार इस जांच आयोग के साथ पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करेगी, जो राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) जैसी किसी भी केंद्रीय एजेंसी को भी शामिल कर सकता है। मान ने इस भीषण हत्या की निंदा करते हुए कहा कि सरकार इस जघन्य अपराध के दोषियों को सलाखों के पीछे डालने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

### राज्यसभा प्रत्याशियों...

लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद चिदंबरम ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन और वाम दलों सहित द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक)-कांग्रेस गठबंधन के अन्य सहयोगियों को धन्यवाद दिया। चिदंबरम ने कहा कि उन्होंने सभी के समर्थन से नामांकन पत्र दाखिल किया है। कांग्रेस ने राज्यसभा के लिए 10 जून को होने वाले चुनाव के वास्ते रविवार को 10 उम्मीदवारों की घोषणा की थी। पी चिदंबरम को तमिलनाडु से, जयराम रमेश को कर्नाटक से, अजय माकन को हरियाणा से और रणदीप सुरजेवाला को राजस्थान से उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने मुकुल वासनिक और प्रमोद तिवारी को राजस्थान से, विवेक तन्खा को मध्य प्रदेश से, राजीव शुक्ला और रंजीत रंजन को छत्तीसगढ़ से तथा इमरान प्रतापगढ़ी को महाराष्ट्र से उम्मीदवार बनाया है। उम्मीदवारों की घोषणा के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने रविवार रात परोक्ष रूप से अपनी नाखुशी का इजहार किया। उन्होंने ट्वीट कर कहा, शायद मेरी तपस्या में कुछ कमी रह गई। खेड़ा के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए नगमा ने कहा, हमारी भी 18 साल की तपस्या कम पड़ गई, इमरान (प्रतापगढ़ी) भाई के आगे।कांग्रेस प्रवक्ता खेड़ा ने एक वीडियो जारी कर अपनी कथित नाराजगी की चर्चा को खारिज करने का प्रयास किया और कहा कि निजी महत्वाकांक्षा को अलग रखकर पार्टी की विचारधारा के लिए लड़ना है। उन्होंने कहा, हमारी महत्वाकांक्षा कांग्रेस की विचारधारा के अनुसार कतार के अंतिम व्यक्ति के हक की लड़ाई लड़ने और जहरीली विचाराधारा को परास्त करने की है। आप लोग (कार्यकर्ता एवं समर्थक) रोजाना बिना किसी पद के लड़ रहे हैं। आपका जज्बा मुझे सिखाता है। सोनिया जी ने एक पद (प्रधानमंत्री का पद) को ठुकराया था और हमारी विचारधारा को मजबूती दी थी। यह हमारे लिए मिसाल है। खेड़ा ने कहा, हम अपनी निजी महत्कांक्षा को लेकर अंधे नहीं हो सकते, भावुक नहीं हो सकते।

### सिविल सेवा...

को पास किया है। इन युवाओं को मेरी शुभकामनाएं जो भारत की विकास यात्रा के एक महत्वपूर्ण समय में अपने प्रशासनिक करियर की शुरुआत कर रहे हैं, जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग सिविल सेवा परीक्षा पास नहीं कर सके उनकी निराशा को पूरी तरह से समझते हैं, लेकिन मैं यह भी जानता हूं कि ये उत्कृष्ट युवा हैं जो किसी भी क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ेंगे और भारत को गौरवान्वित करेंगे। उन्हें मेरी शुभकामनाएं। राहुल गांधी ने उन सभी को बधाई दी जिन्होंने सिविल सेवा परीक्षा 2021 को पास किया और कहा कि अब उन पर ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ देश की सेवा करने की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने शीर्ष स्थान हासिल करने वाली महिला उम्मीदवारों की भी सराहना की। यूपीएससी ने कहा कि इंजीनियरिंग में स्नातक से लेकर, मानविकी की शैक्षिक योग्यता वाले शीर्ष 25 सफल उम्मीदवार देश के प्रमुख संस्थानों जैसे आईआईटी, एम्स, वीआईटी, पीईसी, मुंबई विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, जीबी पंत विश्वविद्यालय, आदि शिक्षा प्राप्त की है। यूपीएससी ने कहा कि शीर्ष 25 सफल उम्मीदवारों ने लिखित (मुख्य) परीक्षा में अपनी वैकल्पिक पसंद के रूप में नृविज्ञान, अर्थशास्त्र, भूगोल, हिंदी साहित्य, इतिहास, गणित, चिकित्सा विज्ञान, राजनीति विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय संबंध, लोक प्रशासन, समाजशास्त्र और प्राणीशास्त्र जैसे विषयों को चुना है। आयोग ने कहा कि अनुशंसित उम्मीदवारों में बेंचमार्क विकलांगता वाले 25 व्यक्ति (सात अस्थि विकलांग, पांच नेत्रहीन, आठ श्रवण बाधित और पांच बहु विकलांग) शामिल हैं। सफल उम्मीदवारों में से 244 सामान्य वर्ग से, 73 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से, 203 अन्य पिछड़ा वर्ग से, 105 अनुसूचित जाति से और 60 अनुसूचित जनजाति से हैं। यूपीएससी ने कहा कि इस परीक्षा के लिए कुल 10,93,984 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,08,619 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए थे।

# सभी को साथ लेकर चलने को तैयार है भाजपा: नड्डा



**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी सभी को साथ लेकर चलने के लिए तैयार है और वह एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण के सिद्धांत पर काम करती है। नड्डा ने यह बात इन आरोपों को खारिज करते हुए कही कि नरेंद्र मोदी सरकार में समाज का एक वर्ग अलग-थलग महसूस करता है। नड्डा ने केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के आठ साल पूरे होने पर यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब हम राजनीतिक रूप से काम करते हैं, तो हमारा प्रयास होता है कि हम सभी को साथ लेकर चलें। हमें इसके लिए तैयार रहना होगा। हम इसके लिए तैयार हैं।

उन्होंने कहा, किसी समाज में कई तरह के लोग होते हैं। कुछ पहले प्रतिक्रिया जताते हैं, कुछ बाद में, कुछ दशकों के बाद और कुछ बहुत समय बीत जाने के बाद प्रतिक्रिया जताते हैं। यह उन पर निर्भर करता है। हालांकि हमारा आचार-व्यवहार एक मजबूत राष्ट्र, एक राष्ट्र के सिद्धांत पर है। यह स्पष्ट है और सभी का समान हिस्सा होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद का मुद्दा भाजपा के एजेंडे में है, नड्डा ने कहा कि पार्टी ने हमेशा सांस्कृतिक विकास की बात की है और ऐसे मुद्दों पर संविधान और अदालतों के अनुसार फैसला किया जाता है। पार्टी प्रमुख ने कहा, अदालत और संविधान इस पर फैसला करेंगे तथा भाजपा इसका अक्षरशः पालन करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पालमपुर में अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान राम जन्मभूमि मुद्दे पर एक प्रस्ताव पारित किया था। काशी और मथुरा मंदिरों के मुद्दे के भाजपा के एजेंडे में होने के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में नड्डा ने कहा, उसके बाद कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया गया है।

नड्डा ने स्वीकार किया कि उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता पर एक समिति का गठन किया है, लेकिन यह स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा ने हमेशा सभी के लिए न्याय और किसी का तुष्टिकरण नहीं के सिद्धांत पर काम किया है।भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कहा, यह ठीक है। वे इस पर चर्चा कर रहे हैं। जहां तक हमारा संबंध है, हम कहते रहे हैं कि सभी के साथ समान व्यवहार होना चाहिए। हमारी व्यापक रूपरेखा सभी के लिए न्याय और किसी का तुष्टिकरण नहीं की रही है। यह हमारा मूल सिद्धांत है, हम इसके अनुसार काम कर रहे हैं। नड्डा ने यह भी कहा कि मोदी सरकार की उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाने के लिए भाजपा का हर कार्यकर्ता 10 दिनों के दौरान 75 घंटे बिताएगा।

## मोदी ने राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया: भाजपा अध्यक्ष

**भाषा।** नई दिल्ली

**भाजपा** अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक संस्कृति को बदलते हुए एक जवाबदेह एवं सक्रिय शासन की शुरुआत की है। मोदी सरकार के आठ साल पूरे होने पर यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण मोदी सरकार की आत्मा है। नड्डा ने मोदी सरकार की वर्षगांठ को चिह्नित करने के लिए एक थीम गीत जारी किया। गीत के जरिए मोदी सरकार को आधुनिक भारत का निर्माता करार दिया गया है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, धर्मेंद्र प्रधान और अनुराग ठाकुर भी उपस्थित रहे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि विभिन्न सरकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाना मोदी सरकार के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती रही है। नड्डा ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने खुद सरकारी योजनाओं का अंतिम छोर तक पहुंचना सुनिश्चित किया। नड्डा ने नमो ऐप के माध्यम से युवाओं और जनता तक पहुंचने के लिए 8 साल की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण नामक एक विशेष अभियान की भी शुरुआत की। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, नमो ऐप के इस विशेष मंच पर परस्पर संवाद समेत बहुत सारी सूचनाएं उपलब्ध हैं। इस मंच पर वीडियो, ग्राफिक्स और लेखों का संग्रह है जो मोदी सरकार द्वारा आठ वर्षों में किए गए कार्यों का विवरण पेश करता है।

## पिछले 8 वर्ष जन आकांक्षाओं को पूरा करने के रहे हैं: प्रधानमंत्री मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार के आठ साल जन आकांक्षाओं को पूरा करने वाले रहे हैं और इस दौरान हमारा संकल्प रहा है- सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण। उन्होंने ट्विटर पर नमो ऐप का एक लिंक साझा किया जो भाजपा नीत सरकार के 8 साल के शासन को नवोन्मेषी तरीकों- क्विज, शब्द सर्च, तस्वीरों का पता लगाना आदि के माध्यम से दिखाता है।मोदी ने ट्वीट किया, पिछले 8 वर्ष जन आकांक्षाओं को पूरा करने के रहे हैं। इस दौरान हमारा संकल्प रहा है- सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण। नमो ऐप के विकास यात्रा सेक्शन से आप प्रगति की इस पूरी यात्रा का अनुभव करेंगे। उन्होंने कहा, नमो ऐप पर 8 साल सेवा के से जुड़ा एक दिलचस्प सेक्शन है। इसमें आप क्विज, शब्द खोज, तस्वीरों को पता लगाना जैसे कई इनोवेटिव तरीके से देश की विकास यात्रा से जुड़ सकते हैं। मेरा आप सभी से, विशेषकर अपने युवा साथियों से अनुरोध है कि वे इसे एक बार जरूर देखें। मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में पहली बार 26 मई, 2014 को शपथ ली थी। दूसरे कार्यकाल के लिए उन्होंने 30 मई, 2019 को शपथ ली थी।

## बेटी को स्कूल भेजने के लिए अभिभावक ने लिया जाति नहीं, धर्म नहीं का प्रमाण पत्र

**कोयंबटूर (तमिलनाडु)।** कोयंबटूर के एक दंपति ने साढ़े तीन साल की अपनी बेटी के लिए कोई जाति नहीं, कोई धर्म नहीं का प्रमाण पत्र हासिल किया है। दंपति-नरेश कार्तिक और गायत्री अपनी बेटी विल्मा को स्कूल में दाखिला दिलाना चाहते थे, लेकिन सभी स्कूलों ने जाति और धर्म प्रमाण पत्र जमा करने पर जोर दिया। लेकिन, दंपति ने कहा कि वे प्रमाण पत्र प्राप्त करने के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी बेटी स्कूलों में प्यार और समानता सीखना चाहती है।

कार्तिक के एक करीबी दोस्त ने सोमवार को बताया कि ऐसे प्रमाण पत्र के लिए जोर नहीं देने वाले शैक्षणिक संस्था की तलाश करने के बाद नरेश कार्तिक ने विभिन्न अधिकारियों से संपर्क किया और जिलाधिकारी जी. एस. समीरन से मुलाकात की। जिलाधिकारी ने स्कूलों में दाखिले के लिए बच्चों की जाति और धर्म के प्रमाण पत्र के संबंध में तमिलनाडु सरकार के 1973 के एक आदेश का हवाला देते हुए कार्तिक को उत्तरी कोयंबटूर के तहसीलदार से संपर्क करने के लिए कहा।

इसके बाद दंपति ने तहसीलदार से मुलाकात की, जिन्होंने एक हलफनामा देने के लिए कहा, जिसमें यह बताने को कहा गया कि अभिभावक को पता है कि जाति नहीं, धर्म नहीं प्रमाण पत्र प्राप्त करने से उनका बच्चा जाति और धर्म के आधार पर किसी सरकारी आरक्षण या विशेषाधिकार प्राप्त करने के योग्य नहीं होगा। कार्तिक के दोस्त ने कहा कि दंपति को प्रमाण पत्र मिल गया और इसमें उल्लेख है कि उनकी बेटी किसी जाति या धर्म से संबंधित नहीं है। कार्तिक के मुताबिक, ज्यादातर लोगों को इस तरह के प्रमाणपत्र की जानकारी नहीं है।

## मुस्लिमों को भड़काने की कोशिश न करे जमीयत: विहिप

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश** में कथित रूप से बढ़ती सांप्रदायिकता पर चिंता व्यक्त करने को लेकर मुस्लिम संगठन जमीयत-उलेमा-ए-हिंद की आलोचना करते हुए विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने सोमवार को कहा कि मुस्लिम नेताओं को अपने समुदाय को भड़काना नहीं चाहिए और मुस्लिमों पर अत्याचार की झूठी कहानियां फैलाकर सांप्रदायिक विद्वेष पैदा करने से बचना चाहिए। जमीयत ने भाजपा नीत सरकार पर बहुसंख्यक समुदाय के दिमाग में ज़हर घोलने वालों को संरक्षण देने का आरोप लगाया था और देश में कथित रूप से बढ़ती सांप्रदायिकता पर चिंता व्यक्त की थी। इसके बाद विहिप का यह बयान आया है। जमीयत के नेता मौलाना महमूद मदनी और बदरूद्दीन अजमल पर हमला करते हुए विहिप नेता सुरेंद्र जैन ने आरोप लगाया कि उनके जैसे कट्टरपंथी नेताओं ने देवबंद में एक सम्मेलन में भारत में मुसलमान पीड़ित हैं, का नारा लगाकर एक बार फिर मुस्लिम समाज को भड़काने की कोशिश की है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और कश्मीर से लेकर केरल तक के कट्टरपंथी नेता अपने अलगाववादी एजेंडे को लागू करने के वास्ते संविधान, न्यायपालिका और हिंदू समाज को चुनौती देने के लिए एक साथ आए हैं। जैन ने कहा, यह भारत का दुर्भाग्य है कि कुछ वर्ष पहले तक भारत की राजनीति का केंद्र मुस्लिम तुष्टीकरण था। कट्टरपंथी नेता भारतीय राजनीतिक नेताओं को अपनी नाजायज मांगें स्वीकार करने के लिए ब्लैकमेल करते रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत के विभाजन के लिए कांग्रेस नेताओं की सहमति इसी ब्लैकमेल राजनीति का परिणाम थी। जैन ने एक वीडियो बयान में कहा, लेकिन कुछ वर्षों से भारतीय राजनीति का केंद्र मुस्लिम वोट बैंक या शरीयत नहीं, बल्कि भारत का संविधान है। इसलिए वे मुसलमानों पर अत्याचार की झूठी कहानियां फैलाकर देश में सांप्रदायिक विद्वेष पैदा कर रहे हैं। जमीयत अध्यक्ष मौलाना मदनी ने रविवार को कहा था कि जो लोग मुसलमानों से देश छोड़ने की बात कहते हैं वे खुद देश छोड़कर चले जाएं।संगठन की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, मदनी ने समान नागरिक संहिता लागू करने की कुछ राज्यों की योजना पर आपत्ति जताई। राज्यसभा के पूर्व सदस्य जमीयत की प्रबंधन समिति के सालाना दो दिवसीय अधिवेशन के अंतिम दिन आयोजित सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा, राष्ट्र निर्माण के लिए जो लोग हमख्याल हैं उनको साथ लेना है। समझदारी, हिम्मत और दीर्घकालिक रणनीति के तहत नफरत के सौदागरों को हराना है।

मौलाना मदनी ने कहा, हम नहीं जाएंगे, जिसे हमें भेजने का शौक है वह यहां से चला जाए। संगठन के बयान के मुताबिक, जमीयत उलेमा-ए-हिंद की असम इकाई के अध्यक्ष और लोकसभा सदस्य मौलाना बदरुद्दीन अजमल ने सरकार के रवैए की आलोचना करते हुए कहा कि मुसलमानों की चुप्पी को कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। इसके अलावा संगठन ने अधिवेशन में वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा के शाही ईदगाह तथा समान नागरिक संहिता पर प्रस्ताव पारित किए और एक घोषणापत्र जारी कर सभी मुसलमानों को डर, निराशा और भावुकता से दूर रहने तथा अपने भविष्य की बेहतरी के लिए काम करने की सलाह दी। बयान में कहा गया कि ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा ईदगाह से संबंधित प्रस्ताव में संगठन ने प्राचीन इबादतगाहों पर विवाद खड़ा करके देश में शांति ख़राब करने वाली शक्तियों और उनको समर्थन देने वाले राजनीतिक दलों के रवैए पर गहरी नाराज़गी ज़ाहिर की है।

## मोदी 21 जून को मैसुरु में योग दिवस समारोह में हिस्सा लेंगे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 जून को मैसुरु में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। बोम्मई ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस संबंध में उनके साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस की और कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में बोम्मई ने कहा, सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को बड़े पैमाने पर आयोजित करने के लिए मैसुरु पैलेस परिसर में मंच तैयार है और मैं आपके आगमन की प्रतीक्षा कर रहा हूं।

## आरसीपी सिंह को अभी इस्तीफा देने की जरूरत नहीं: नीतीश

**भाषा।** पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को कहा कि आरसीपी सिंह को अपना कार्यकाल समाप्त होने से पहले केंद्रीय मंत्री के रूप में इस्तीफा देने की जरूरत नहीं है। बिहार से राज्यसभा की पांच सीटों के लिए हो रहे चुनाव में नीतीश की पार्टी जदयू ने आरसीपी को राज्यसभा में एक और कार्यकाल के लिए उम्मीदवार नहीं बनाया है। जद(यू) से खीरू महतो के नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान आरसीपी के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सब लोगों से विचार विमर्श के बाद ही जदयू के उम्मीदवार की घोषणा की गई। उन्होंने कहा, आरसीपी सिंह ने भी आज अपनी बात कही है। पार्टी के अध्यक्ष ने भी कल अपनी बात कही है। पार्टी में किसी भी चीज को लेकर कोई मतभेद नहीं है। हमलोगों की इच्छा हुई कि झारखंड के अपने पुराने साथी को इस बार राज्यसभा भेजें। हमलोगों ने सोचा कि बगल के राज्य के साथी को भी एक मौका देना जरुरी है। यही सब सोच कर जदयू ने खीरु महतो को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया है। नीतीश ने कहा कि इसको लेकर किसी को भी ऐतराज नहीं है, सभी को खुशी है।

उन्होंने कहा कि आरसीपी सिंह ने खुद भी अपनी बात कहते हुए इस पर ऐतराज नहीं जताया है। उनको पार्टी ने शुरू से काफी अवसर दिया है। जदयू में आरसीपी की भूमिका के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी में उनकी भूमिका है और पार्टी में सभी लोगों को जिम्मेवारी मिलती रही है। इससे पूर्व आरसीपी नेता और केंद्रीय इस्पात मंत्री रामचन्द्र प्रसाद सिंह ने झारखंड जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो को दिए जाने के निर्णय पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार जताया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान केंद्र में मंत्री बने रहने के सवाल पर आरसीपी ने कहा कि यह प्रधानमंत्री का विशेषाधिकार है। नीतीश कुमार की इच्छा से केंद्र सरकार में मंत्री बने हैं और पार्टी एवं प्रधानमंत्री का जो आदेश होगा उसका तत्काल पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि अब वह पार्टी के लिए काम करेंगे, वर्ष 2010 से वह लगातार संगठन को मजबूत करने में लगे थे। उन्होंने कहा कि बीच के कुछ दिनों में उन्हें मंत्री बनाया गया और एक बार फिर उनके पास संगठन को ताकतवर बनाने का मौका है। आरसीपी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनका 25 वर्षों का संबंध है और कुमार के सहयोग से वह 12 सालों तक राज्यसभा के सदस्य रहे, राष्ट्रीय अध्यक्ष बने और केंद्रीय मंत्री भी बने। उन्होंने कहा कि इसलिए टिकट नहीं मिलने से नीतीश कुमार के प्रति कोई नाराजगी नहीं है।

एक सवाल के जवाब में आरसीपीसी ने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के बारे में कहा कि उनसे उनका कोई मतभेद नहीं है। ललन सिंह लोकसभा के सदस्य हैं और वे खुद राज्यसभा के इसलिए दोनों के बीच कोई झगड़ा नहीं है।

## किसान नेता राकेश टिकैत पर काली स्याही फेंकी

- बेंगलुरु में हुई घटना
- इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार
- उपद्रवियों और आयोजकों के बीच झड़प, एक दूसरे पर फेंकी कुर्सियां

**भाषा।** बेंगलुरु



**यहां** स्थित गांधी भवन में किसान संगठनों की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सोमवार को शरारती तत्वों ने किसान नेता राकेश टिकैत पर काली स्याही फेंकी। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद आयोजकों और शरारती तत्वों के बीच झड़प हो गई। इसके बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर प्लास्टिक की कुर्सी से हमला किया। उपद्रवियों ने इसके बाद कथित तौर पर मोदी-मोदी के नारे लगाए। द हाई ग्राउंड पुलिस ने इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। कर्नाटक के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने कहा, हम अधिकारियों के संपर्क में हैं। तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। मैं इस कृत्य (स्याही फेंके जाने) की निंदा करता हूं। संविधान के तहत हर किसी को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्राप्त है।

उन्होंने इन आरोपों को भी खारिज किया कि टिकैत को निशाना बनाने वाले भाजपा नेता थे। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम किसान नेता कोडिहल्ली चंद्रशेखर के खिलाफ एक स्टिंग ऑपरेशन के बाद संदेह दूर करने के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें संवाददाता सम्मेलन भी होना था। आयोजकों ने कहा कि इसके लिए टिकैत को आमंत्रित किया गया था।बैठक में बदमाश भीड़ में पत्रकार बनकर बैठ गए और ऐसे दिखाने लगे जैसे वे वहां मंच से बोली जा रही बातों को नोट कर रहे हैं। उनमें से एक टिकैत के सामने लगे माइक्रोफोन को सही करने के लिए मंच पर गया और फिर माइक से उन पर हमला करने की कोशिश की। एक और व्यक्ति वहां आया और उसने टिकैत पर स्याही फेंक दी, जिससे उनकी पगड़ी, चेहरे, सफेद कुर्ते और हरे रंग की शॉल पर स्याही का दाग पड़ गया। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए टिकैत ने कहा कि उन पर हमला राज्य सरकार की मिलीभगत से हुआ है। टिकैत ने संवाददाताओं से कहा, इसके लिए स्थानीय पुलिस जिम्मेदार है और यह सरकार की मिलीभगत की वजह से हुआ।

उन्होंने हमला करने वालों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच की मांग की। इस घटना के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने किसान नेता से मुलाकात की। आम आदमी पार्टी ने भी इस हमले की निंदा की है।

## रेलवे से 35 रुपए वापस लेने के लिए पांच साल लड़ी लड़ाई

**भाषा।** कोटा (राजस्थान)

**कोटा** के एक व्यक्ति ने रेलवे से 35 रुपए वापस पाने के लिए पांच साल तक लड़ाई लड़ी और अंततः जीत हासिल की। उनकी इस जीत से करीब तीन लाख लोगों को भी फायदा हुआ। कोटा के रहने वाले इंजीनियर सुरजीत स्वामी ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) आवेदन के तहत उन्हें मिले जवाब के हवाले से बताया कि रेलवे ने आईआरसीटीसी के 2.98 लाख उपयोगकर्ताओं को 2.43 करोड़ रुपए वापस करने की मंजूरी दी है। स्वामी ने कहा कि उन्होंने सेवा कर के तौर पर वसूले गए 35 रुपए वापस पाने के लिए आरटीआई के तहत करीब 50 आवेदन दायर किए और चार सरकारी विभागों को पत्र लिखे। रेलवे ने जीएसटी व्यवस्था लागू होने से पहले टिकट रद्द कराने के बावजूद सेवा कर वसूल लिया था। स्वामी ने दावा किया कि इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी)ने उनके आरटीआई आवेदन के जवाब में कहा कि 2.98 लाख उपयोगकर्ताओं को प्रत्एक टिकट पर 35 रुपए वापस मिलेंगे जो कुल 2.43 करोड़ रुपए होते हैं। स्वामी (30) ने पीटीआई-भाषा से कहा, पैसे वापसी की मांग को लेकर मैंने बार-बार ट्वीट किए, मैंने प्रधानमंत्री, रेल मंत्री, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, जीएसटी परिषद और वित्त मंत्री को टैग किया जिसने 2.98 लाख उपयोगकर्ताओं को 35-35 रुपए वापस दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इंजीनियर ने दो जुलाई 2017 को यात्रा करने के लिए उस साल अप्रैल में स्वर्ण मंदिर मेल में यहां से दिल्ली तक का रेलवे टिकट बुक किया था। देश भर में एक जुलाई से जीएसटी की नई व्यवस्था लागू हो गई थी। हालांकि, उन्होंने टिकट रद्द कर दिया था, जिसकी कीमत 765 रुपए थी और उन्हें 100 रुपए की कटौती के साथ 665 रुपए वापस मिले जबकि उनके 65 रुपए कटने चाहिए थे। उन्होंने कहा कि उनसे सेवा कर के रूप में 35 रुपए की अतिरिक्त राशि वसूल की गई।

## मोदी ने प्रत्येक नागरिक के सपनों को दिए पंख: केंद्रीय गृहमंत्री

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार के अब तक के आठ साल के दौरान देश के हर नागरिक के सपनों और आकांक्षाओं को पंख देकर उनमें नया विश्वास जगाया है। मोदी नीत सरकार के सत्ता में आठ साल पूरे करने पर सिलसिलेवार ट्वीट में शाह ने कहा कि मोदी के रूप में भारत को ऐसा नेतृत्व मिला है जिस पर हर वर्ग को विश्वास है और गर्व भी। शाह ने हैशटैग सेवा के आठ साल के साथ ट्वीट किया, प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता को सेवा का माध्यम मानकर गरीबों, किसानों, महिलाओं व वंचितों को उनके अधिकार दिए जिससे लोकतंत्र में उनका विश्वास जगा और वे देश की विकास यात्रा में सहभागी बने। अनेकों ऐतिहासिक उपलब्धियों से परिपूर्ण इन आठ वर्षों की सभी देशवासियों को बधाई। उन्होंने ट्वीट किया, मोदी के रूप में आज भारत के पास एक ऐसा नेतृत्व है जिसपर हर वर्ग को विश्वास भी है और गर्व भी। अपने अथक परिश्रम से जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना इस विश्वास का मजबूत स्तंभ है। 130 करोड़ भारतीयों के विश्वास की यह शक्ति आज देश को हर क्षेत्र में आगे ले जा रही है। शाह ने कहा, गत आठ वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने देशके हर नागरिक के सपनों व आकांक्षाओं को पंख देकर उनमें नया आत्मविश्वास जगाया है। मोदी ने अपने सक्षम नेतृत्व व दृढ़ इच्छाशक्ति से न सिर्फ देश को सुरक्षित किया बल्कि कई ऐसे निर्णय लिए जिससे हर देशवासी का सिर गर्व से ऊंचा उठा। शाह ने कहा कि प्रौद्योगिकी हो या खेल, स्वास्थ्य हो या रक्षा, विकास हो या गरीब कल्याण हो, आज भारत की हर नीति और हर उपलब्धि पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि एक सक्षम नेतृत्व से भारत कैसे आपदा को अवसर में बदलता है यह नए भारत ने पूरे विश्व को दिखाया है। गृह मंत्री ने कहा, जम्मू कश्मीर हो या पूर्वोत्तर या वामपंथी उग्रवाद प्रभावित चुनौतीपूर्ण क्षेत्र, जिनकी ओर दशकों तक किसी ने देखने का भी साहस नहीं किया था, वहां मोदी ने अपनी नेतृत्वशक्ति व दूरदर्शिता से विकास और शांति का नया अध्याय लिखा है। आज ए क्षेत्र पूरे देश के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ रहे हैं। शाह ने कहा, मोदी के आत्मनिर्भर भारत का संकल्प देश को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने की नींव रख रहा है। इस संकल्प को सिद्ध करना हम सभी देशवासियों की जिम्मेदारी भी है और कर्तव्य भी, जिससे हम आने वाली पीढ़ी को एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत दे पाएं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार 2014 में सत्ता में आई थी। मोदी नीत सरकार ने 2019 में अपनी सत्ता बरकरार रखी।

## केरल में 15 वर्षीय लड़की से सामूहिक बलात्कार

- पश्चिम बंगाल के प्रवासी मजदूर की बेटी के साथ हुई वारदात

**भाषा।** इडुक्की (केरल)

**केरल** के इडुक्की जिले में पश्चिम बंगाल के प्रवासी मज़दूर की 15 वर्षीय बेटी से चार लोगों ने कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया है।पुलिस ने सोमवार को बताया कि वह अपराध में शामिल संदिग्धों समेत कई लोगों से पूछताछ कर रही है। पत्रकारों से बात करते हुए, इडुक्की के पुलिस अधीक्षक (एसपी) करुप्पासामी आर ने कहा कि संदिग्धों और अन्य लोगों से पूछताछ में कुछ सुराग मिले हैं और उसके आधार पर पुलिस जांच में आगे बढ़ रही है।अधिकारी ने यह भी कहा कि पीड़िता के मेडिकल परीक्षण से पुष्टि हुई कि उसके साथ बलात्कार किया गया है। उन्होंने कहा कि घटना के वक्त वहां मौजूद पीड़िता के पुरुष मित्र से भी पूछताछ की गई है। यह घटना चाय और कॉफी के बागानों के लिए मशहूर इडुक्की के पूप्पारा गांव में एक चाय बागान में हुई है, जहां लड़की अपने दोस्त के साथ गई थी। शिकायत के मुताबिक, जब वह अपने दोस्त से बात कर रही थी तभी चार लोग वहां आ गए, उसके दोस्त को पीटा और लड़की से साथ बलात्कार किया। उसने पुलिस को बताया था कि उसका दोस्त मदद के लिए चिल्लाया तो स्थानीय लोग उनकी सहायता के लिए आए, जिससे अपराधी मौके से भाग गए। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना रविवार देर रात को दी गई थी और सोमवार तड़के प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है। पुलिस ने कहा कि लड़की के माता-पिता पश्चिम बंगाल के प्रवासी श्रमिक हैं और जिले के संथानपारा गांव में एक बागान में काम करते हैं।



नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ आईसीजी की बैठक में कमांडरों के साथ बातचीत करते हुए

## ओडिशा के जगन्नाथ मंदिर में अवैध निर्माण कार्य का आरोप लगाने वाली याचिका पर न्यायालय सुनवाई करने को सहमत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ओडिशा के श्री जगन्नाथ मंदिर में राज्य सरकार द्वारा अवैध खुदाई और निर्माण कार्य किए जाने का आरोप लगाने वाली एक याचिका पर सुनवाई करने को सोमवार को तैयार हो गया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने मामले की सुनवाई मंगलवार के लिए निर्धारित की है। शीर्ष न्यायालय ने वरिष्ठ अधिवक्ता रंजीत कुमार को नोटिस तामील करने को कहा है जो जगन्नाथ मंदिर मामले में न्याय मित्र और राज्य के लिए वकील हैं। याचिका में कहा गया है कि राज्य एजेंसियां प्राचीन स्मारक एवं पुरातात्विक स्थल और अवशेष अधिनियम,1958 की धारा 20 ए का घोर उल्लंघन करते हुए कार्य कर रही हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि ओडिशा सरकार अनधिकृत कार्य कर रही है, जिससे प्राचीन मंदिर के ढांचे को खतरा पैदा हो गया है।

# चीन 10 प्रशांत राष्ट्रों के साथ व्यापक नए समझौते करने में विफल रहा

एपी। सुवा

**चीन** 10 प्रशांत राष्ट्रों के साथ व्यापक नए समझौते करने में सोमवार को विफल रहा। इस क्षेत्र के कुछ लोगों ने इसको लेकर गहरी चिंता भी व्यक्त की है। हालांकि, चीन के विदेश मंत्री वांग ई की यात्रा के दौरान देश को मामूली ही सही, पर कुछ सफलताएं जरूर मिली हैं। वांग 10 द्वीप राष्ट्रों के विदेश मंत्रियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की सह-मेजबानी करने के लिए फिजी पहुंचे हैं। वांग और फिजी के प्रधानमंत्री फ्रैंक बाइनीमारामा ने एक संवाददाता सम्मेलन में 30 मिनट तक बात की, लेकिन पत्रकारों के कई तरह के सवाल पूछने पर अचानक वे वहां से चले गए। बैठक से संबंधी सभी जानकारी नहीं मिल पाई, हालांकि यह स्पष्ट हो गया कि चीन के मंसूबे बैठक में सफल नहीं हो पाए। बाइनीमारामा ने कहा, हमेशा की तरह हम नए क्षेत्रीय समझौतों पर किसी भी चर्चा के दौरान अपने देशों के बीच सर्वसम्मती चाहते हैं। इस क्षेत्र में चीन की सैन्य एवं वित्तीय महत्वाकांक्षाओं के बारे में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंताए व्यक्त की गई हैं, जबकि फिजी के कई लोग विदेशी निवेश को फायदेमंद मानते हैं, लेकिन तब तक ही, जब तक यह लोगों का उत्थान करता है। फिजी की जॉर्जीना मटिल्डा ने कहा कि चीनी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी चाइना रेलवे के लिए काम करने का मतलब है कि वह अपने बच्चों को भोजन मुहैया करवा पाएंगी। मिलियान रोकोलिता ने कहा कि चीन की बढ़ती उपस्थिति से लोगों को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा, उनकी वजह से हमें बड़े घर मिले हैं। फिजी में पैसा आया है। वे अच्छे लोग हैं। द एसोसिएटेड प्रेस को मिले दस्तावेजों के अनुसार, वांग को उम्मीद थी कि बैठक में 10 द्वीप राष्ट्र पूर्व-लिखित समझौते का समर्थन करेंगे। हालांकि, वांग इस पर सभी को सहमत नहीं कर पाएं। माइक्रोनेशिया के संघीय राज्यों के राष्ट्रपति डेविड पैनुएलो ने अन्य प्रशांत नेताओं से कहा कि वह योजना का समर्थन नहीं करेंगे।

## हांगकांग के अगले मुख्य कार्यकारी जॉन ली ने चीनी प्रधानमंत्री से मुलाकात की

**हांगकांग (एपी)। हांगकांग** के अगले नेता जॉन ली को सोमवार को बीजिंग से नियुक्ति का आधिकारिक पत्र मिला। एक महीने बाद वह अर्ध-स्वायत्त शहर के नेतृत्व की बागडोर संभालने वाले हैं। ली को सोमवार को चीनी प्रधानमंत्री ली क्विंग के साथ एक समारोह के दौरान नियुक्ति का पत्र मिला। इस दौरान प्रधानमंत्री ने उन्हें हांगकांग के अगले मुख्य कार्यकारी के रूप में उनकी नियुक्ति पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ली ने सोमवार को कहा, केंद्र सरकार, हमेशा की तरह, एक देश, दो प्रणालियों के ढांचे के साथ-साथ हांगकांग का प्रशासन करने वाले हांगकांग के लोगों के सिद्धांतों और उच्च स्तर की स्वायत्तता को पूरी तरह से और सटीक रूप से लागू करेगी। चीनी प्रधानमंत्री उस ढांचे का संदर्भ दे रहे थे जिसके तहत हांगकांग अर्ध-स्वायत्त रूप से शासित होता है और मुख्य भूमि चीन में नहीं पाई जाने वाली कुछ स्वतंत्रता को अपने लोगों को देता है।

## क्रोएशिया में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, सवार चारों व्यक्तियों की मौत

**जाग्रेब (एपी)।** क्रोएशिया में सप्ताहांत में रडार की पहुंच से गायब हुए एक छोटे विमान का मलबा मिल गया है और उसमें सवार सभी चार व्यक्तियों की मौत हो गई है। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। नागरिक सुरक्षा दलों के प्रमुख दामिर ट्रुट ने कहा कि तलाशी दल को सेसना 182 विमान मध्य क्रोएशिया के ब्रोकनैक के पास मिला। उन्होंने कहा कि पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। ट्रुट ने कहा, जैसे ही विमान को ऊपर से (ड्रोन से) देखा गया, खोजी दल घटनास्थल पर पहुंचा। दुर्भाग्य से, यह पुष्टि की गई है कि सभी यात्रियों की मृत्यु हो गई है। ट्रुट ने दुर्घटना में मारे गए लोगों की नागरिकता का खुलासा नहीं किया। सरकारी एचआरटी टेलीविजन ने कहा कि इन व्यक्तियों में एक स्विट्जरलैंड का नागरिक, दो जर्मन और एक क्रोएशियाई नागरिक शामिल है। रविवार को एड्रियाटिक सागर बंदरगाह स्प्लिट से जर्मनी की ओर उड़ान भरने के बाद विमान लापता हो गया था। स्थानीय मीडिया ने बताया कि क्षेत्र में मौसम खराब था और पायलट ने दुर्घटनाग्रस्त होने से

## जैश-ए-मोहम्मद एवं लश्कर के अफगानिस्तान में प्रशिक्षण शिविरः संयुक्त राष्ट्र

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**मुंबई** में 26 नवंबर, 2008 को हुए आतंकवादी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता हाफिज सईद के नेतृत्व वाले लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों के अफगानिस्तान के कुछ प्रांतों में प्रशिक्षण शिविर हैं और इनमें से कुछ पर तालिबान का सीधा नियंत्रण है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। विश्लेषणात्मक सहायता और प्रतिबंध निगरानी दल की 13वीं रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र के एक सदस्य देश के हवाले से कहा गया है कि वैचारिक रूप से तालिबान के करीबी देवबंदी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के नंगरहार में आठ प्रशिक्षण शिविर हैं, जिनमें से तीन पर तालिबान का सीधा नियंत्रण है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टी एस तिरुमूर्ति ने तालिबान प्रतिबंध समिति के अध्यक्ष के तौर पर सुरक्षा परिषद के सदस्यों के संज्ञान में लाने के लिए रिपोर्ट पेश की और परिषद का दस्तावेज जारी किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि मसूर अजहर के नेतृत्व वाला जैश-ए-मोहम्मद वैचारिक रूप से तालिबान का करीबी है। कारी रमजान अफगानिस्तान में जैश-ए-मोहम्मद का नवनियुक्त प्रमुख है। इसमें कहा गया है कि निगरानी दल की पिछली रिपोर्ट में लश्कर-ए-तैयबा को तालिबान को वित्तीय मदद देने और प्रशिक्षण विशेषज्ञता प्रदान करने वाला बताया गया है।

**SUPRA INDUSTRIAL RESOURCES LIMITED**
1212, Hemkund Tower, 89, Nehru Place, New Delhil – 110 019
Phone: 011-41608996, Website: www.supraindustrialresources.in
Email: supraexchange.com@gmail.com CIN:L65999DL1985PLC019987
Standalone Unaudited Provisional Financial Results for the Quarter Ended 31.03.2022
Rs. In Lakhs (Except EPS)

| S. No | Particulars | Quarter Ending | Previous Quarter Ended | Corresponding three months Ended in the previous year |
|---|---|---|---|---|
| | | 31-Mar-22 | 31-Dec-21 | 31-Mar-21 |
| | | Audited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total income from operations (net) | 0.76 | 0.76 | 0.21 |
| 2 | Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax* | (3.05) | (0.67) | (2.42) |
| 3 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (3.05) | (0.67) | (2.42) |
| 4 | Equity Share Capital | 25.00 | 25.00 | 25.00 |
| 5 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | (1.22) | 5.44 | 5.45 |
| 6 | Earnings Per Share (from ordinary items) (of Rs.10/- each) (In Rs.) 1.Basic: 2.Diluted : | (1.22) | (0.27) | (0.97) |

*The Company does not have any extraordinary item to report for the above period

NOTES:
1: The above is an extract of the detailed format of Quarter ended 31.03.2022 Financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulation, 2015. The full financial results is available on the company's Website www.supraindustrialresources.in and on the stock exchange website www.msei.in
2. The Unaudited standalone financial results of the Company for the quarter ended 31.03.2022 have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on 30.05.2022.
3. This statement has been prepared in accordance with the companies (Indian Accounting Standards)Rules 2015 (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recongnised accounting practices and policies to the extend applicable.

for Supra Industrial Resources Ltd.,
Sd/-
Rajat Agarwal
Director
(DIN 00266205)

Place: New Delhi
Date: 30.05.2022

## एक्यूआईएस की पत्रिका के नाम में बदलाव, संगठन के कश्मीर पर ध्यान केंद्रित करने का संकेतः रिपोर्ट

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**भारतीय** उपमहाद्वीप में अल-कायदा (एक्यूआईएस) की पत्रिका के नाम में बदलाव इस बात का संकेत है कि आतंकवादी संगठन अब अफगानिस्तान से एक बार फिर कश्मीर की ओर ध्यान केंद्रित कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह आशंका जताई गई है। अफगानिस्तान की शांति, स्थिरता एवं सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले तालिबान और अन्य संबद्ध व्यक्तियों एवं संस्थाओं के संबंध में संकल्प 2611 (2021) के तहत विश्लेषणात्मक सहायता और प्रतिबंध निगरानी दल की 13वीं रिपोर्ट शनिवार को पेश की गई। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अल-कायदा के अधीनस्थ होने के कारण एक्यूआईएस अफगानिस्तान में अधिक चर्चा में नहीं रहता, जहां उसके अधिकतर आतंकवादी मौजूद हैं। इसमें कहा गया है, इस समूह के लड़ाकों में बांग्लादेश, भारत, म्यांमा और पाकिस्तान के नागरिक शामिल हैं। वे गजनी, हेलमंद, कांधार, निमरुज, पक्तिका और जाबुल प्रांत में सक्रिय हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, एक्यूआईएस का कांधार के शोराबक जिले में अक्टूबर 2015 में अमेरिका और अफगानिस्तान द्वारा किए गए संयुक्त हमले से हुए नुकसान के कारण अब भी एक कमजोर संगठन के रूप में आकलन किया जा रहा है। एक्यूआईएस को वित्तीय रुकावटों के कारण कम आक्रामक रुख अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। अफगानिस्तान में पिछले साल अगस्त में तालिबान के सत्ता में आने के नौ महीने बाद जारी इस रिपोर्ट में कहा गया है, अफगानिस्तान में नई परिस्थितियां अल-कायदा की तरह एक्यूआईएस को भी खुद को पुनर्गठित करने की अनुमति दे सकती हैं। एक्यूआईएस की पत्रिका का नाम 2020 में नवा-ए-अफगान जिहाद से बदलकर नवा-ए-गजवाह-ए हिंद किया जाना संकेत देता है कि एक्यूआईएस अपना ध्यान एक बार फिर अफगानिस्तान से कश्मीर की ओर केंद्रित कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, पत्रिका ने अपने पाठकों को याद दिलाया है कि अप्रैल 2019 के दाएश श्रीलंका हमलों के बाद अल-जवाहिरी ने कश्मीर में जिहाद का आह्वान किया था। रिपोर्ट में सदस्य देशों ने यह भी बताया है कि 2021 की दूसरी छमाही में अफगानिस्तान से नशीले पदार्थों की तस्करी के मामलों में वृद्धि हुई है।

## पूर्वी यूक्रेन के सिविएरोदोनेत्सक में दाखिल होने के प्रयास में रूसी सैनिक

एपी। क्रामतोर्स्क (यूक्रेन)

**रूसी** सैनिकों की घेराबंदी के कारण पूर्वी यूक्रेन के सिविएरोदोनेत्सक शहर का संपर्क सोमवार को बाकी हिस्सों से कट गया। मारियुपोल के बाद यूक्रेन के औद्योगिक डोनबास क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए रूस हर मुमकिन कोशिश कर रहा है। लुहांस्क के क्षेत्रीय गवर्नर सरहेई हैदई ने कहा कि रूसी सैनिक सिविएरोदोनेत्सक के बाहरी इलाके में पहुंच गए हैं और पास के लिसिचांस्क की तरफ बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूस के हमलों में दो नागरिक मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए।

यूक्रेन की सेना ने कहा है कि रूस की सेना सिविएरोदोनेत्सक के उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पूर्व हिस्से में सैनिकों की नए सिरे से तैनाती कर रही है और आक्रमण तेज करने के लिए अतिरिक्त सैन्य साजो सामान जुटा रही है। यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा है रूस की सेना ने सिविएरोदोनेत्सक में दाखिल होने की कोशिश की थी लेकिन नाकाम रहने के बाद शहर के चारों ओर अपनी मौजूदगी मजबूत करने लगी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने स्थिति को बहुत कठिन बताया है। रूसी सैनिकों द्वारा दागे गए गोलों ने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया और 90 प्रतिशत इमारतों को क्षतिग्रस्त कर दिया। सिविएरोदोनेत्सक रूस की सीमा से करीब 143 किलोमीटर की दूरी पर है। हालिया समय में डोनबास क्षेत्र में लड़ाई का यह प्रमुख केंद्र बन गया है। मारियुपोल अजोव सागर के किनारे स्थित है जहां करीब तीन महीने तक रूसी सैनिकों को प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। बाद में यूक्रेन के सैनिकों ने समर्पण कर दिया। सिविएरोदोनेत्सक और लिसिचांस्क सिवियरस्की दोनेत्सक नदी के किनारे स्थित है। लुहांस्क प्रांत में यूक्रेन के नियंत्रण वाले ए कुछ प्रमुख इलाके हैं। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने फ्रांस के टीएफ1 टेलीविजन चैनल को रविवार को बताया कि मॉस्को की प्राथमिकता दोनेत्सक और लुहांस्क क्षेत्रों को आजाद कराना है। लावरोव ने कहा कि रूस इन इलाकों को स्वतंत्र क्षेत्र के रूप में देखता है। उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन के अन्य क्षेत्रों को रूस के साथ घनिष्ठ संबंध स्थापित करने चाहिए। यूक्रेन की सेना ने कहा है कि दोनेत्सक के आसपास और उत्तर में लेमन में भीषण लड़ाई चल रही है। लेमन एक छोटा शहर है जहां से दोनेत्सक क्षेत्र में पहुंचने के लिए रेलवे लाइन है। जेलेंस्की सोमवार को यूरोपीय संघ के नेताओं को संबोधित करेंगे जो यूक्रेन के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए बैठक करने वाले हैं। जेलेंस्की ने लगातार कहा है कि यूरोपीय संघ को रूस के ऊर्जा क्षेत्र को निशाना बनाना चाहिए और आपूर्ति के जरिए अरबों डॉलर की कमाई से उसे वंचित करना चाहिए। जेलेंस्की ने रविवार को खारकीव में सैनिकों से मुलाकात की। यूक्रेन के सैनिकों ने कई सप्ताह तक कड़े प्रतिरोध के बाद यहां से रूसी सैनिकों को वापस जाने के लिए मजबूर

**PERFECTPAC LIMITED**
Regd. Office: 910, Chiranjiv Tower-43, Nehru Place, New Delhi-110019
Phone No.: 011-26441015-18, Email: complianceofficer@perfectpac.com
Website: www.perfectpac.com
CIN No.: L72100DL1972PLC005971

EXTRACT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS
FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2022
(Rs. In lakhs) except EPS

| PARTICULARS | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2022 | 31.12.2021 | 31.03.2021 | 31.03.2022 | 31.03.2021 |
| | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited |
| Total Revenue from operations | 2518.23 | 2336.13 | 2464.23 | 8849.73 | 6590.14 |
| Net Profit / (Loss) for the year/period (before Exceptional items and Tax) | 78.51 | 15.40 | 74.80 | 158.95 | 107.78 |
| Net Profit / (Loss) for the year/period before tax (after Exceptional items) | 78.51 | 15.40 | 74.80 | 158.95 | 107.78 |
| Net Profit / (Loss) for the year/period after tax and Exceptional items | 52.13 | 2.20 | 57.42 | 103.01 | 77.17 |
| Total Comprehensive Income for the year/ period [Comprising Profit / (Loss) for the year/period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 57.66 | 2.20 | 61.83 | 108.54 | 81.58 |
| Equity Share Capital | 133.26 | 133.26 | 133.26 | 133.26 | 133.26 |
| Earnings Per Share of Rs. 10/- each 1. Basic (Rs.) 2. Diluted (Rs.) | 3.91 3.91 | 0.17 0.17 | 4.31 4.31 | 7.73 7.73 | 5.79 5.79 |
| | Not Annualised | Not Annualised | Not Annualised | Annualised | Annualised |

NOTES:
1. The above audited financial results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its Meeting held on May 30, 2022. The Statutory Auditors of the Company have carried out audit of the aforesaid results.
2. The above is an extract of the detailed format of audited financial results for the quarter and year ended March 31, 2022, filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the audited financial results for the quarter and year ended March 31, 2022 is available under the Investor Section of Company's website at www.perfectpac.com and on the website of the stock exchange i.e. www.bseindia.com.

For Perfectpac Limited
Sanjay Rajgarhia
(Managing Director)

Place : New Delhi
Date : 30th May, 2022

# शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी

भाषा। मुंबई

### सेंसेक्स 1,041 अंक और चढ़ा, निफ्टी चार सप्ताह के उच्चस्तर पर

**शेयर** बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और दोनों मानक सूचकांक, बीएसई सेंसेक्स तथा एनएसई निफ्टी, करीब दो प्रतिशत उछलकर बंद हुए। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस के शेयरों में तेजी के साथ बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,041.08 अंक यानी 1.90 प्रतिशत चढ़कर 55,925.74 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,197.99 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स के 26 शेयर लाभ में रहे।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 308.95 अंक यानी 1.89 प्रतिशत के लाभ के साथ 16,661.40 अंक पर बंद हुआ। यह इसका चार सप्ताह का उच्चस्तर है। तीन दिन की तेजी से सेंसेक्स 2,176 अंक या करीब चार प्रतिशत और निफ्टी 635 अंक या 3.92 प्रतिशत मजबूत हुआ है। केरल में मानसून जल्दी आने और वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति को लेकर चिंता दूर होने तथा हाल में जारी अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के ब्योरे में रुख में नरमी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है।

सेंसेक्स के शेयरों में टाइटन सबसे अधिक 4.94 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा (4.69 प्रतिशत), इन्फोसिस (4.57 प्रतिशत), लार्सन एंड टुब्रो (3.77 प्रतिशत), टेक महिंद्रा (3.5 प्रतिशत), रिलायंस इंडस्ट्रीज (3.44 प्रतिशत) और टीसीएस (3.47 प्रतिशत) में भी मजबूती रही। साथ ही एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो और भारती एयरटेल में तेजी रही। इसके उलट, कोटक महिंद्रा बैंक, सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज और आईटीसी नुकसान में रहे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, बाजार में तीन सप्ताह से जारी गिरावट का दौर समाप्त हो गया और वैश्विक बाजारों में अनुकूल रुख के साथ यह लगभग दो प्रतिशत मजबूत रहा। उन्होंने कहा, फेडरल रिजर्व की हाल की बैठक में ब्योरे में कुछ कम आक्रमक रुख से भी बाजार को मजबूती मिली। घरेलू स्तर पर मानसून के समय से पहले आने की खबर से धारणा मजबूत हुई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका में मुद्रास्फीति के नरम पड़ने से वहां बाजार में मजबूती रही। यह फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक का रुख तय करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा। चीन में लंबे समय से जारी लॉकडाउन में ढील से भी एशियाई बाजारों में धारणा मजबूत हुई। उन्होंने कहा, घरेलू बाजार में निकट भविष्य में स्थिति में बदलाव की प्रवृत्ति है। शेयरों के मूल्य संतोषजनक होने तथा वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख से घरेलू बाजार को समर्थन मिलेगा। चीन में कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए लगाई गई कारोबारी पाबंदियों में ढील से एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे।

## सरकार की गेहूं खरीद अब तक घटकर 184.58 लाख टन पर

**नई दिल्ली (भाषा)।** खाद्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि सरकार ने चालू रबी विपणन वर्ष 2022-23 में अबतक 37,192.07 करोड़ रुपए के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 184.58 लाख टन गेहूं की खरीद की है। इससे 17.50 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं। हालांकि, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) और राज्य खरीद एजेंसियों द्वारा की गई कुल गेहूं खरीद एक साल पहले की अवधि की तुलना में काफी कम है। रबी विपणन वर्ष अप्रैल से मार्च तक चलता है लेकिन अधिकांश खरीद जून तक समाप्त हो जाती है। पिछले विपणन वर्ष में अबतक की सर्वाधिक 433.44 लाख टन गेहूं की खरीद की गई थी। मंत्रालय के अनुसार, चालू विपणन वर्ष में 29 मई तक पंजाब में 96.16 लाख टन, मध्य प्रदेश में 44.45 लाख टन, हरियाणा में 40.97 लाख टन, उत्तर प्रदेश में 2.84 लाख टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है।

## क्रिप्टो करेंसी पर परामर्श पत्र लगभग तैयार, जल्द ही पेश किया जाएगाः सचिव

**नई दिल्ली (भाषा)।** आर्थिक मामलो के सचिव अजय सेठ ने सोमवार को कहा कि क्रिप्टोकरेंसी पर एक परामर्श पत्र को अंतिम रूप दिया जा चुका है और जल्द ही इसे पेश किया जाएगा। वित्त मंत्रालय की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम से इतर सेठ ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी के मुद्दे पर घरेलू एवं अन्य भागीदारों के साथ व्यापक चर्चा की गई है और उसी के आधार पर परामर्श पत्र तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी की वजह से पैदा होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर कदम उठाने की जरूरत है।

**सार्वजनिक सूचना**
इस समाचार-पत्र के माध्यम से जनसामान्य को सूचित कर रहा हूँ कि मेरे क्लाइंट का मूल पट्टा विलेख संख्या-2826 दिनांक 26/08/1985, विक्रेता-नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण, क्रेता-M/S Skipper Fabricaators एवं मूल पट्टा विलेख संख्या-2260/2261 दिनांक 11/08/1997, विक्रेता- M/S Skipper Fabricaators क्रेता-M/S Ganpati Auto Industries, जो कार्यालय उप निबधक, नोएडा में पंजीकृत हैं। उक्त दोनों मूल पट्टा विलेख राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कही गुम हो गया हैं, जिसके गुमशुदी की सूचना क्राइम ब्रांच, दिल्ली में दिनांक 29/04/2022 को दर्ज करा दी गई हैं। उक्त दोनों विलेख जिस सज्जन को प्राप्त हुई हो, कृपया मेरे पते पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें। पहुंचाने वाले सज्जन को सम्मानजनक पारिश्रमिक प्रदान किया जायेगा।
हस्ता/-
(वन्द्रशेखर),
अधिवक्ता, चैम्बर नं0-27
उप निबन्धक कार्यालय कम्पाउन्ड
सेक्टर -33, नोएडा
मो0 नं0-9818881530

**सार्वजनिक सूचना**
ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., कार्यालय संख्या 201-बी, द्वितीय तल, रोड नंबर 1, प्लॉट नंबर बी 3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, थाने, महाराष्ट्र- 400604

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंशुमान मिश्रा/सुभाषचंद्र मिश्रा एवं 41, आईसीआईसीआई बैंक अपार्टमेंट, ऑफ पारसी पंचायत रोड, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-400093/ (LBMUM00000851498) | प्लॉट नंबर 29, 19, खाता नंबर 195, प्लॉट नंबर 17, 27, खाता नंबर 174, प्लॉट नंबर 31, 21, खाता नंबर 60, प्लॉट नंबर 20, 30, खाता नंबर 270, प्लॉट नंबर 28, 18, खाता नंबर 244, सत्यशामापुर, बालिअंटा, भुवनेश्वर-752100 | 27-04-2022 रू. 10,55,818.00/- | 31.01.2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।
तिथि : 31 मई, 2022
स्थान : दिल्ली एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## विश्व बैंक श्रीलंका को 70 करोड़ डॉलर देने के लिए तैयारः रिपोर्ट

**कोलंबो (भाषा)।** विश्व बैंक ने गहरे आर्थिक संकट से गुजर रहे श्रीलंका को 70 करोड़ डॉलर की राशि जारी करने की मंशा जताई है। मौजूदा कर्जों को ही नए मद में आवंटित करने से श्रीलंका को फौरी राहत मिलने की उम्मीद है। समाचार वेबसाइट कोलंबो गजट में प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक, विश्व बैंक के श्रीलंका प्रमुख चियो कांडा ने पिछले हफ्ते विदेश मंत्री जी एल पेइरिस से मुलाकात के दौरान यह आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक पहले से स्वीकृत परियोजनाओं की राशि पुनर्नियोजित कर जारी करेगा।

## जीएसटी फर्जीवाड़े के लिए सूरत के एक कमरे से चल रही थीं550 डमी कंपनियां, पांच गिरफ्तार

**इंदौर (भाषा)।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के करोड़ों रुपए के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) फर्जीवाड़े के लिए गुजरात के सूरत के एक कमरे से करीब 550 डमी कंपनियां चलाने वाले शातिर गिरोह के पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंदौर के केंद्रीय माल एवं सेवा कर आयुक्तालय ने मध्यप्रदेश पुलिस के साइबर दस्ते की मदद से गिरोह के पांच लोगों को सूरत से 25 मई को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि गिरोह द्वारा करीब 550 डमी कंपनियों के नाम पर किया गया कुल 800 करोड़ रुपए का कारोबार जांच के घेरे में है। उन्होंने बताया कि केवल कागजों पर दिखाए गए इस कारोबार के जरिए जीएसटी का 100 करोड़ रुपए से अधिक का आईटीसी फर्जी तौर पर हासिल किया गया और कमीशन लेकर इसे अन्य कंपनियों को बेच दिया गया।

THE PIONEER CLASSIFIEDS
नाम परिवर्तन
मैं, तमन्ना, निवासी फ्लैट नंबर 112, गुरू अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर-06, द्वारका, नई दिल्ली 110075, यहां यह घोषणा करती हूं कि तमन्ना का नाम तमन्ना दहिया
PD(90102)C
1-Cla 5x1-HINDI

**Public Notice**
This is to inform general public that Sh. Roop Basant has acquired the First Floor, without roof/terrace rights area measuring 104 sq. yds "said floor" built on Property bearing no. C-82, on portion of Plot. No. 53, out of Khasra no. 7 (Part of Khasra no. I ETC/7) situated in the area of Village Nangli Jalib, Colony known as Ganesh Nagar, Block. no. 4, Tilak Nagar, New Delhi vide Sale Deed dated 12.03.2020, reg. as doc. no. 5038 executed by Sh. Baljit Singh, and Now, Sh. Roop Basant is intending to sell the above said property to Mr. Hukum Chandra and Mrs. Sita Devi vide Sale Deed. Further Mr. Hukum Chandra and Mrs. Sita Devi is mortgaging the above said property with Fullerton India Home Finance Co. Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**सार्वजनिक - सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार पिरामल केपिटल एंड हाउसिंग फाइनान्स लिमिटेड के पास प्रॉपर्टी फ्लेट नं.793 ग्राउंड फ्लोर पॉकेट ए सेक्टर 17 द्वारका नयी दिल्ली बंधक है. जिसके मूल एलोटमेंट पत्र तारीख 24.03.03/पोजेशन स्लिप/पोजेशन पत्र/अनापत्ति पत्र पक्ष सीता राम तारीख 28.04.04/ पेमेंट स्लिप्स/मुख्तयारनामा, मुख्तयारनामा खास, वसीयत पक्ष अजय कुमार तारीख 07.11.03/इकरारनामा पक्ष अजय कुमार दस्तावेज न. 16416/मुख्तयारनामा पक्ष सुनीता मल्होत्रा दस्तावेज न. 8235/इकरारनामा पक्ष सुनीता मल्होत्रा दस्तावेज न. 11074/मुख्तयारनामा खास तारीख 06.06.07 पक्ष सुनीता मल्होत्रा/मुख्तयारनामा पक्ष सुनील कुमार वैद और अंशु वैद दस्तावेज न. 6023/मुख्तयारनामा खास 21.07.11 और इकरारनामा तारीख 20.07.11 पक्ष सुनील कुमार वैद और अंशु वैद/कन्वेयन्स डीड पक्ष सुनील कुमार वैद और अंशु वैद दस्तावेज न. 4950 और विक्रय विलेख पक्ष मुकेश कुमार शर्मा और कीर्ति शर्मा दस्तावेज न.10822 खो गये है, तथा जिसके लिए शिकायत तारीख 27.05.2022 को थाना हरयाणा को दी गई है. यह सूचित किया जाता है की उक्त दस्तावेजो के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री, बंधक आदि सिवाय मेरा पक्षकार और उक्त संस्था के बीच, मान्य नही होगा. अगर किसी व्यक्ति ने उक्त विलेख को पाया है तथा किसी व्यक्ति को उक्त संपति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न. पर इस प्रकाशन के 07 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति की जानकारी दे दे. तथा उक्त कागजो को वापस कर दे.
एडरेम लिगल सल्यूशन
चैंबर न. ७६०, द्वारका कोर्ट
सेक्टर-१०, द्वारका, नई देल्ही-७५
म:-९८६६०१३६१८

**PUBLIC NOTICE**
The name of Registrant of Plot No. 594 Pkt C-2, Sector 36 Rohini, Delhi-110039, was Sh. Pradeep Kumar Arora but as per all ID proofs the name of registrant is Sh. Pradeep Kumar Khurana. Now plot stand in the name of Dipanka Jain (GPA Holder).
Advocate : Sanjeev Dwivedi
48,Gajanand Block, Tis Hazari, Court, ND-54

**ADDI INDUSTRIES LIMITED**
CIN: L51109DL1980PLC256335
REGD.OFFICE: 23 EASTERN AVENUE , MAHARANI BAGH, NEW DELHI- 110065
Tel.: +91-11-26840825; E -Mail: atul.addi@gmail.com
EXTRACT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2022
(` in Lakh, except per share data)

| Sr. No. | Particulars | Standalone | | | | | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended | | | Year ended | | Quarter ended | | | Year ended | |
| | | 31.03.2022 | 31.12.2021 | 31.03.2021 | 31.03.2022 | 31.03.2021 | 31.03.2022 | 31.12.2021 | 31.03.2021 | 31.03.2022 | 31.03.2021 |
| | | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited |
| 1. | Total income from operations | 72.92 | 61.00 | 9.52 | 216.40 | 39.44 | 76.12 | 64.25 | 12.75 | 229.35 | 52.44 |
| 2. | Net Profit for the period ( before Tax and exceptional items) | 35.67 | 39.88 | (20.40) | (87.31) | (46.46) | 38.85 | 43.06 | (17.24) | (74.52) | (33.67) |
| 3. | Net Profit for the period ( before Tax, after exceptional items) | 36.29 | 1,273.79 | (17.61) | 4,564.52 | (42.70) | 39.46 | 1,276.97 | (14.44) | 4,577.31 | (29.91) |
| 4. | Net Profit for the period after Tax (after exceptional items) | 133.45 | 1,170.62 | 104.04 | 3,727.78 | 102.86 | 136.31 | 1,173.54 | 106.05 | 3,739.47 | 114.50 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax) | 133.50 | 1,170.79 | 100.26 | 3,728.34 | 103.53 | 136.35 | 1,173.71 | 102.26 | 3,740.03 | 115.17 |
| 6. | Paid-up equity share capital (Face Value ` 5/- each) | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 |
| 7. | Earnings Per Share (of ` 5/- each) (Not Annualised) | | | | | | | | | | |
| | Basic | 1.24 | 10.84 | 0.96 | 34.53 | 0.95 | 0.22 | 11.23 | 0.98 | 34.63 | 1.06 |
| | Diluted | 1.24 | 10.84 | 0.96 | 34.53 | 0.95 | 0.22 | 11.23 | 0.98 | 34.63 | 1.06 |

Notes :
1. The above is an extract of the detailed format of quarter/annual financial results filed with the stock exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing and other Disclosure requirements) Regulation, 2015. The full format of the quarter/annual financial results are available on the webites of the stock exchange. (URL-www.bseindia.com).
2. The above results were reviewed and recommended by the Audit Committee and then approved by the Board of Directors at their meeting held on May 30, 2022.The financial results for the quarter and year ended March 31, 2022 have been limited reviewed by the Statutory Auditors of the Company.
3. There is no change(s) in accounting policies which have impact on net profit / loss, total comprehensive income or any other relevant financial item(s).
4. Exceptional items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules.

For and on behalf of Board of Directors
Addi Industries Limited
Sd/-
Chaman Lal Jain
Managing Director, DIN: 00022903

Place : New Delhi
Date : 30.05.2022

# शिव नगरी में हिंदू सम्राट पृथ्वीराज की जय-जयकार

**● अक्षय कुमार अपनी नई फिल्म सम्राट पृथ्वीराज के प्रमोशन के लिए दशाश्वमेध घाट पहुँचे, गंगा आरती को देख हुए भावविभोर**

सुशील कुमार मिश्र। वाराणसी





**फिल्म** अभिनेता अक्षय कुमार अपनी नई फिल्म सम्राट पृथ्वीराज के प्रमोशन के लिए सोमवार को वाराणसी पहुंचे। शाम को गंगा आरती देखने के लिए राजघाट से होकर दशाश्वमेध घाट बजड़े से पहुंचे। अक्षय और टीम को गंगा घाट पर उतरने की अनुमति नहीं दी गई। इस बीच अक्षय कुमार ने काशी विश्वनाथ धाम घाट के सामने बीच गंगा में स्नान करके आरती देखने के लिए पहुंचे।गंगा का जल लेकर अक्षय कुमार और मानुषी छिल्लर राय पिथौरा में लहराएंगे झंडा: अक्षय कुमार, मानुषी छिल्लर और डायरेक्टर सम्राट पृथ्वीराज चौहान के झंडे के साथ सोमनाथ मंदिर और वाराणसी का दौरा करेंगे और आशीर्वाद लेंगे। इसके बाद वे नई दिल्ली में राजा के किले राय पिथौरा में झंडा लगाने के लिए भी जाएंगे। डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, सम्राट पृथ्वीराज चौहान हमारे देश के अंतिम हिंदू सम्राट थे, जो भारत को लूटने वाले निर्दयी आक्रमणकारियों से भारतमाता की स्वतंत्रता और सम्मान की रक्षा के लिए खड़े हुए थे। हमने उनकी शानदार भावना को सलाम करने के लिए यह फिल्म बनाई है और अब हम सम्राट पृथ्वीराज के झंडे के साथ सोमनाथ मंदिर और वाराणसी की यात्रा कर रहे हैं ताकि हमारे देश के लिए स्वतंत्रता का प्रतिनिधित्व करने वाले झंडे के साथ आशीर्वाद लिया जा सके।

**पंचायत वेब सीरीज : बलिया में नहीं है फुलेरा नाम का कोई भी गांव: जिलाधिकारी:** बलिया । ओटीटी प्लेटफॉर्म की वेब सीरीज पंचायत में दिखाए गए फुलेरा गांव को बलिया में ढूंढना दरअसल बेमानी है क्योंकि बलिया में इस नाम का कोई गांव है ही नहीं। बलिया के जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने रविवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि बलिया जिले में न तो फुलेरा नामक कोई गांव है और न ही फकौली नाम का कोई विकास खंड है।



वाराणसी में सोमवार को ज्ञानवापी मस्जिद मामले की सुनवाई के लिए अपने अधिवक्ताओं के साथ अदालत जाती हिंदू महिला वादी

## अब गाड़ियों पर नजर रखेंगे रिकग्निशन कैमरे

**वाराणसी।** योगी सरकार की योजनाएं आम जनता के लिए काफी उपयोगी साबित हो रही हैं। यूपी को अपराध व भय मुक्त करने के लिए सरकार हर कदम उठा रही है। योगी सरकार ने पीएम के निर्वाचन क्षेत्र में एडवांस सर्विलांस सिस्टम के तहत ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरे लगाए हैं। जिससे शहर में प्रवेश और बाहर जाने वाली गाड़ियों पर नज़र रखी जा सके। एएनपीआर सॉफ्ट वेयर किसी भी गाड़ी को पलक झपकते शहर के किसी भी कोने से खोज निकालता है। जिससे अपराधियों का बच पाना अब मुश्किल होगा। स्मार्ट सिटी के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. डी वासुदेवन ने बताया कि कोई भी अपराधी यदि गाड़ी से वाराणसी की सीमा में प्रवेश करता है , भागना चाहता है या शहर में घूम रहा है, तो वह पल भर में पकड़ा जा सकता है। वाराणसी के सीमा में प्रवेश करते ही वे तीसरे नेत्र की नज़र में कैद हो जाएगा। इसके बाद शहर के किसी भी कोने में वह छिपा हो, उसे मिनटों में खोजा जा सकता है। शहर के अंदर भी यदि कोई अपराध करता है तो उसके गाड़ी का नंबर भी सॉफ्टवेयर में डाल देने पर वे किन रास्तों से गुजर रहा है इसका अलर्ट कंट्रोल रूम को मिलता रहेगा। इसके लिए 23 लोकेशन पर 108 ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा ये सॉफ्टवेयर सेकंडों में किसी भी गाड़ी की हिस्ट्री निकाल लेने में भी सक्षम है। डॉ. डी वासुदेवन ने बताया कि एडवांस सर्विलांस सिस्टम के तहत 400 किलोमीटर तक ऑप्टिकल फाइबर बिछाया गया है। जिसमें 720 लोकेशन पर 2183 अत्याधुनिक कैमरे लगाए गए हैं। ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन, फेस रिकग्निशन कैमरा, गतिसीमा उल्लंघन, ट्रिपलिंग अलर्ट यातायात और कानून व्यवस्था के लिए एडवांस सर्विलांस सिस्टम कारगर साबित हो रहा है। जो काशी इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर से जुड़ा है। पुलिस कर्मी लाइव फीड व्यूइंग सेंटर में देख कर आवश्यक कार्यवाही सकते है। एडवांस सर्विलांस सिस्टम का प्रोजेक्ट 128 करोड़ की लागत से पूरा हुआ है।

## आपसी झगड़े को लेकर पति ने पत्नी की हत्या की

**बदायूं** । जिले के सिविल लाइंस क्षेत्र में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर आपसी विवाद को लेकर अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिविल लाइंस क्षेत्र के मिचौना की मड़ैया गांव निवासी प्रमोद कुमार ने रविवार रात अपनी पत्नी माधुरी (21) को कथित रूप से आपसी विवाद को लेकर गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। माधुरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने प्रमोद के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह के मुताबिक, माधुरी अपने चचेरे देवर के साथ हिमाचल प्रदेश चली गई थी और उसी के साथ रहना चाहती थी। उन्होंने बताया कि प्रमोद कुछ दिन पहले ही माधुरी को वापस ले आया था और उसे उसकी बुआ के घर बादशाहबाद में छोड़ दिया था। सिंह के अनुसार, माधुरी के पिता ने बताया कि प्रमोद रविवार रात तमंचा लेकर माधुरी के पास पहुंचा और उसकी बुआ के सामने ही उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

**मुजफ्फरनगर में पुलिस कर्मियों पर हमला करने के आरोप में तीन गिरफ्तार :** मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में वाहनों की जांच के दौरान पुलिस कर्मियों पर हमला करने और उनकी वर्दी फाड़ने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि घटना बुढाना इलाके में मेरठ-करनाल राजमार्ग पर सखवतपुर जांच चौकी के पास रविवार शाम को हुई थी। उन्होंने बताया कि कार में सीट बेल्ट नहीं लगाने पर पुलिस कर्मी अंकित और सूरज ने गाड़ी को रोका। गाड़ी में मुज़ुज़मिल, ताजमुल, हमीद और अन्य सवार थे। पुलिस ने बताया कि कार सवार लोगों ने पुलिसकर्मियों पर कथित रूप से हमला कर दिया और उनकी वर्दी फाड़ दी। बढाना थाने के एसएचओ रविंदर सिंह यादव ने बताया कि इस बाबत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## लेखनी और समाज के बीच सामंजस्य सबसे बड़ी चुनौती

**गाजीपुर।** हिन्दी पत्रकारिता दिवस 30 मई को गाजीपुर पत्रकार एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला पंचायत सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डाण् आनन्द सिंह द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि अपने उद्बोधन मे बताया कि गाजीपुर पत्रकार एसोसिएशन एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास रखने वाली संस्था है जिसमें लोकतंत्र के तहत चुनाव कराकर पदाधिकारियों का चयन होता है इसलिए पत्रकारिता यहां कायम रहेगी और सभी पत्रकारों का समस्याओं का समाधान होता रहेगा। अगले क्रम में डाण् सानन्द सिंह ने गोष्ठी का विषय आज के परिवेश में पत्रकारिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की पत्रकारिता बहुत महत्वपूर्ण हो गयी है। लेखनी और समाज के बीच सामंजस्य स्थापित करना किसी चुनौती से कम नहीं है। अगले क्रम में डाण् डीपीण् सिंह ने बताया कि पत्रकारिता से पत्रकारों को जीवन यापन करना काफी कठिनाइयों भरा है। जब तक यह अपने समस्याओं से उभर नहीं पाते तब तक उनकी लेखनी कठिनाइयों की दौर गुजरती रहेगी। अगले क्रम में समाजसेवी ब्रजभूषण दूबे ने कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता अब सोशल मीडिया पर आधारित हो चुकी है अब लोग अपने खबरों के लिए अखबार नहीं खोजते अब मोबाइल पर ही सोशल मीडिया व यूण्ट्यूब के माध्यम से समाचार घर बैठे बैठे ही मिल जाता है। आज जरूरी है कि जो स्थानीय पत्रकार के खबरों से बड़े अखबारों व टीवीण् चैनलों की सुर्खिया बनती है उन्हीं अखबारों एवं टीवीण् चैनलों के पत्रकार आर्थिक संकट से जूझना पड़ता है। पत्रकारों को अपनी आम दिनचर्या व खर्चों का वहन करना किसी चुनौती से कम नहीं होता है इसलिए आज जरूरी है कि पत्रकारों को आर्थिक तरीके से मजबूत किया जाना बहुत जरूरी है।

### बांग्लादेश के रेलमंत्री आज करेंगे बरेका का भ्रमण

**वाराणसी।** बांग्लादेश के रेल मंत्री नुरुल इस्लाम सुजान का अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर सोमवार को सायं बनारस स्टेशन पहुँचे । बांग्लादेश के रेल मंत्री नुरुल इस्लाम सुजान भारत के सात दिवसीय दौरे पर हैं । आज रेल मंत्री इस्लाम दोपहर में विशेष ट्रेन से रायबरेली से रवाना होकर बनारस स्टेशन के प्लेटफार्म 08 पर शाम 6:30 बजे उतरे। रेलमंत्री बांग्लादेश के आगमन के अवसर पर उनकी अगवानी करते हुए रामाश्रय पाण्डेय/मंडल रेल प्रबंधक/वाराणसी द्वारा पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन,पूर्वोत्तर रेलवे एवं उत्तर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मीडिया आज भी सशक्त: वीके सिंह



**मथुरा।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडियाए उण्प्रण् जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन व ब्रज प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 30 वां पत्रकारिता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। महामंडेश्वर डाण् अवशेषानन्द जी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस समारोह में केन्द्रीय केन्द्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं विमानन नागर राज्यमंत्री जनरल डॉ विजय कुमार सिंह व केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इनके अलावा नेशनल यूनियन जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी पूर्व विधायक व वरिष्ठ पत्रकार रूप चौधरी, यूपी बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डा. देवेन्द्र शर्माए व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन रविकान्त गर्ग, समाजसेवी व भाजपा नेता पंण्शोभाराम शर्माए उद्योगपति पवन चतुर्वेदीए राजीव ब्रजवासीए पब्लिक एशिया के प्रधान संपादक मुकेश वत्सए जी न्यूज डिजीटल के एडिटर अभिषेक मल्होत्राएवरिष्ठ पत्रकार मोहन स्वरूप भाटिया और एण्एसण् देशभक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पत्रकारिता दिवस समारोह का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि जनरल वीके सिंह और प्रो. एसपीसिंह बघेल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर किया। एनयूजेआई के राष्ट्रीय सचिव उपजा के प्रदेश उपाध्यक्ष व ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डाण् कमलकान्त उपमन्यु एडवोकेट ने सभी अतिथियों का पटका उढ़ाकर व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में जनपद भर से आए प्रिंट व इलेक्ट्रोनिक्स मीडिया के पत्रकारों व नगर के गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने लोकतंत्र के चारों स्तंभों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समय के साथ हर क्षेत्र में बदलाव आया है और कठिनाईयां भी बढ़ी हैं मगर इनसे हताश व निराश होने की बजाए आत्ममूल्यांकन व समय के साथ खुद को लगातार अपडेट करते रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मीडिया इस दौर में संवाद का वेहद सशक्त माध्यम है।मुख्य अतिथि केन्द्रीय सड़क परिवहन व नागर विमानन राज्य मंत्री जनरल वीण्केण् सिंह ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कि मीडिया इस देश ही नहीं बल्कि दुनियां में अपनी सशक्त भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं जब मीडिया ने सकारात्मक दृष्टि से प्रगतिशील विचारधारा के लिए लोगों की राय बनाई है। जनरल वीण्केण् सिंह ने कहा कि समाज में आज भी पत्रकार की छवि कुरीतियों के खिलाफ लड़ने वाले और आम आदमी की आवाज उठाने वाले के रूप में है।

## फिरोजाबाद अस्पताल को किया उच्चीकृत

**● सात विशिष्टताओं में पैरा मेडिकल कोर्स हुए संचालित, 210 छात्रों के प्रवेश की प्रक्रिया आरम्भ छह विशिष्टताओं में डीएनबी डिग्री, डिप्लोमा कोर्स के लिए 18 सीटों पर अनुमोदन**

**लखनऊ।** एक जनपद एक मेडिकल कॉलेज की मुहिम को तेज करते हुए योगी सरकार ने फिरोजाबाद जिले के अस्पताल को उच्चीकृत कर राजकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना की। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की ओर से केन्द्र सहायतित योजना फेज-1 के तहत जिला चिकित्सालय फिरोजाबाद को उच्चीकृत कर राजकीय मेडिकल कालेज की स्थापना की गई। ऐसे में अब जनपदवासियों को अत्याधुनिक चिकित्सीय सेवाएं मिल रही हैं। जनपदवासियों को अपने ही जिले में इलाज मिलने से उनको दूसरे जिलों या प्रदेशों के अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे हैं। यहां पर एक ओर जहां मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं, वहीं दूसरी ओर मेडिकल क्षेत्र में अपना करियर बनाने वाले छात्र छात्राओं के लिए 100-100 एमबीबीएस छात्रों के तीन बैच संचालित किए जा रहे हैं।

मेडिकल कॉलेज की सुविधाओं में इजाफा करते हुए 06 विशिष्टाओं में डीएनबी डिग्री व डिप्लोमा कोर्स के लिए 18 सीटों पर अनुमोदन हो गया है। मेडिकल कालेज के संचालन के लिए शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक के कुल 624 पद सृजित किए गए हैं। इसके अलावा 792 पदों के सृजन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जा चुका है। इस समय इस मेडिकल कॉलेज में कुल 124 चिकित्सक (चिकित्सा शिक्षक 51, सीनियर 18 व जूनियर रेजीडेन्ट-55),171 स्टाफ नर्स, 287 पैरा मेडिकल स्टाफ कार्य कर रहे हैं। यहां पर 22 विभागों का संचालन किया जा रहा है। बीएसएल-2 लैब कॉलेज परिसर में संचालित होने से प्रतिदिन लगभग 2000 सैंपल की जांच की जा रही है। मेडिकल कॉलेज में 07 विशिष्टाओं में पैरा मेडिकल कोर्स संचालित हैं और 210 छात्रों के प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

### राज्य सूचना आयुक्त ने सुने 59 मामले

## लापरवाह अधिकारियों को दी सख्त चेतावनी

**संतकबीरनगर।** राज्य सूचना आयुक्त श्रीमती रचना पाल ने सूचना का अधिकार अधिनियम- 2005 के अन्तर्गत विभिन्न विभागों से संबंधित 59 मामलों की कलेक्ट्रेट सभागार में सुनवाई किया। राज्य सूचना आयुक्त द्वारा एक-एक करके वादकारियों एवं संबंधित जन सूचना अधिकारी/ प्रथम अपीलीय अधिकारी का पक्ष सुनते हुए सुनवाई की गई। इस दौरान उन्होने निर्देश दिया कि सूचना अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदन पत्र पर बिन्दुवार सूचना उपलब्ध करायी जाय। सुनवायी के दौरान उन्होने पाया कि कुछ विभागों ने सूचना न देकर आख्या उपलब्ध कराया है अथवा विभाग द्वारा बिंदुवार और संपूर्ण सूचना नहीं उपलब्ध कराई गई है। राज्य सूचना आयुक्त ने सुनवाई के उपरांत सभी विभागों के जन सूचना अधिकारियों/ प्रथम अपीलीय अधिकारियों के बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिया कि सूचना उपलब्ध कराने के दौरान आवश्यक प्रपत्र संलग्नक के रूप में अवश्य लगाये जाय, जिसमें सूचना मांगने वाले का आशय की पुष्टि हो, आधी-अधूरी अथवा भ्रामक सूचना कदापि न उपलब्ध कराई जाए। सूचना आयुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक जनसूचना अधिकारी अपने कार्यालय में एक रजिस्टर रखें, जिसमें जनसूचना आवेदन पत्र की प्राप्ति एवं उसके निस्तारण से संबंधित विवरण क्रमवार, तिथिवार अंकित किया जाय, यदि कोई आवेदन पत्र विभाग से संबंधित नही है, तो 05 दिन के भीतर संबंधित विभाग को अन्तरित कर दिया जाए। बैठक के अंत में अपर जिला अधिकारी/नोडल अधिकारी, जन सूचना मनोज कुमार सिंह ने जनपद में राज्य सूचना आयुक्त के पधारने एवं जनपद स्तर पर लंबित प्रकरणों की सुनवाई करने पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि भविष्य में सूचना अधिकार अधिनियम से संबंधित प्रकरणों को ससमय निस्तारित करा दिया जाएगा। राज्य सूचना आयुक्त द्वारा लंबित प्रकरणों की विशेष सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी एस एन श्रीवास्तव सहित सभी विभागों के जन सूचना अधिकारी/ प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## अस्पताल में मिली लैब टेक्नीशियन की लाश हत्या का लगाया आरोप

**बरेली** । कल रात को ड्यूटी पर गए एक अस्पताल के लैब टेक्नीशियन की अस्पताल में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई सुबह होने पर उसकी लाश अस्पताल में मिली मृतक के घर वालों ने अस्पताल के मालिक पर हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी।कैंट थाना क्षेत्र के ग्राम चनहेटी निवासी दिलीप राठौर पुत्र राम बहादुर राठौर की लाश आज सुबह बारादरी थाना क्षेत्र में बीसलपुर रोड स्थित न्यू भारत हॉस्पिटल के केबिन में पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक की पत्नी छाया राठौर ने बताया कि दिलीप कल रात लगभग 10 बजे न्यू भारत अस्पताल में रात की ड्यूटी करने के लिए गए थे जहां पर वह लैब टेक्नीशियन के पद पर काम करते थे छाया ने बताया कि दिलीप ने अस्पताल के मालिक तस्लीम को अस्पताल का निर्माण कराने के लिए 20 लाख रुप दिए थे और उनकी अस्पताल में पार्टनरशिप भी थी और वहां अस्पताल में भी काम करते थे कल रात को वह ठीक-ठाक घर से अस्पताल गए थे आज सुबह अस्पताल कर्मचारियों ने उनके शव को केबिन में देखा और अस्पताल प्रबंधक को सूचना दी मौके पर पहुंचे अस्पताल प्रबंधक ने घरवालों को सूचना दी कुछ देर बाद सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी।

## बांग्लादेश को भा गए आरेडिका के कोच और कंटेनर

**रेलमंत्री मो. नूरुल इस्लाम की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने फैक्ट्री परिसर का दौरा किया, रखी डिमांड**




**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में सोमवार को बांग्लादेश के रेलमंत्री मो. नूरुल इस्लाम सुजान एवं एडीजी (ऑपरेशन) बांग्लादेश सरदार शहादत अली ने फैक्ट्री परिसर का दौरा किया। इस दौरान बांग्लादेश के उच्चायुक्त एवं उच्च प्रतिनिधिमण्डल ने भी आरेडिका में तैयार हो रहे कोचों का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि राइट्स के माध्यम से आरेडिका विदेशों में कोचों का निर्यात कर रहा है, इसी कड़ी में बांग्लादेश का एक उच्च प्रतिनिधिमंडल ने आज एमसीएफ का दौरा किया। उपरोक्त प्रयासों को साकार रूप प्रदान करने लिए आरेडिका के महाप्रबंधक एसएस कलसी ने बांग्लादेश के रेलमंत्री एवं उच्च प्रतिनिधि मण्डल को आरेडिका में चल रही विभिन्न प्रकार के कोचों के निर्माण एवं प्रौद्योगिकी के बारे मेंए एमसीएफ पर बनी कॉरपोरेट फिल्म एवं प्रेजेंटेशन के द्वारा अवगत कराया। बांग्लादेश के रेलमंत्री एवं अन्य प्रतिनिधि मंडल ने आरेडिका के कोचों की तकनीकीए डिजाइन एवं गुणवश्रा देख कर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर रेलमंत्री ने बताया कि भारत से बांग्लादेश का संबंध बहुत पुराना है तथा भारत के सहयोग से ही बांग्लादेश का पुनर्जन्म हुआ था। बांग्लादेश में ब्रॉडगेज तथा मीटर गेज के विभिन्न वेरिएंट के लिए कोचों के साथ साथ कंटेनर वैगन एवं एमजी टूरिस्ट कोचों की भी आवश्यकता है जिसे वे अपने पड़ोसी देश भारत की मदद से पूरा करना चाहते हैं। इसके साथ ही साथ बांग्लादेश में रेलवे के इंफ्रास्ट्रचर को विकसित करने के लिए भारत के सहयोग की अपेक्षा भी की। इस अवसर पर डा. अतीक उल हक, मिनिस्टर (कमर्शियल) बांग्लादेश, मो. सफी उल आलमए काउंसलर (पॉलिटिकल), बांग्लादेश हाई कमीशनए राहुल मिथाल सीएमडी राइट्स एके सिंह जीएमध्एक्सपोटेकए ग्रीन वर्ल्ड सोल्युशन लिमिटेड ढाका बांग्लादेश की अध्यक्ष श्रीमती निहाद कबीर, एमडी मोण् दिदारूल हक खान, डायरेक्टर मो. अल्तमस कबीर और आरेडिका के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक एनडीण्राव पीएफ जेएन पाण्डेय, आर के एम पासीए सीडब्लयू ट्रेनसेटए सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हार्दिक ने धोनी की तरह अपनी कूल कप्तानी की छाप छोड़ी

भाषा। अहमदाबाद

**फाइनल** मैच खत्म होने के चंद पलों बाद ही हार्दिक पंड्या आईपीएल की ट्रॉफी को यूं प्यार से सहेजते नजर आए मानों कोई पिता अपने बच्चे से लाड़ कर रहा हो। आखिर उनकी कड़ी मेहनत का ही फल था कि गुजरात टाइटंस अपने पहले ही सत्र में इस लोक लुभावनी लीग की विजेता बनी। हार्दिक को उनकी पत्नी नताशा ने गले लगाया मानों विश्वास दिला रही हो कि बुरे दौर में उनके पीछे खड़ा रहने वाला परिवार अच्छे दिनों में भी उसी तरह उनके साथ है। अपने हरफनमौला प्रदर्शन से फाइनल में टीम को जीत दिलाने वाले हार्दिक ने कहा , मैं प्यार पर ही जीता हूं जो मुझे अपने परिवार से भरपूर मिलता है। चमकीले जैकेट और कान में हीरे के टॉप्स पहनने वाले हार्दिक शुरूआती दिनों में ग्लैमर में डूबे युवा की तरह नजर आते थे लेकिन एक लापरवाह युवा से जिम्मेदार कप्तान बनने तक का उनका सफर उनके जीवट की कहानी कहता है। पत्नी नताशा, बेटा अगस्त्य, भाई कृणाल और वैभव , भाभी पंखुड़ी उनकी ढाल की तरह रहे हैं। हार्दिक ने कहा , नताशा काफी भावुक है और मुझे अच्छा करते देख बहुत खुश हो जाती है ।उसने मेरे कैरियर में काफी उतार चढाव देखें हैं और उसे पता है कि मैने कितनी मेहनत की है। मेरा परिवार मेरी ताकत रहा है। मेरा भाई कृणाल, भाभी पंखुड़ी, दूसरा भाई वैभव। इन सभी नहीं कठिन दौर में भी मुझे मानसिक सकून दिया। मैने फोन



किया तो भाई और भाभी दोनों रो पड़े। ए खुशी के आंसू थे। मुझे पता है कि जब तक ऐसे लोग मेरे पीछे हैं, मैं अच्छा खेल सकता हूं। महेंद्र सिंह धोनी की तरह शांतचित्त होकर कप्तानी करने वाले हार्दिक को जब गुजरात का कप्तान बनाया गया तो क्रिकेट पंडितों ने टीम को मैदान पर उतरने से पहले ही दौड़ से बाहर मान लिया था। लेकिन हार्दिक ने हार नहीं मानी थी और मोर्चे से अगुवाई करते हुए 487 रन बनाने के साथ आठ विकेट भी लिए। उन्होंने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा , मैने हमेशा जिम्मेदारी का मजा लिया है। मैं मोर्चे से अगुवाई करना पसंद करता हूं ताकि मिसाल दे सकूं। अगर मैं टीम से कुछ अपेक्षा करता हूं तो मुझे सबसे पहले उसके अनुरूप खेलना होगा ताकि दूसरों के लिए मिसाल बन सकूं। अपने छह बरस के अंतरराष्ट्रीय कैरियर में हार्दिक चैम्पियंस ट्रॉफी 2017 फाइनल खेल चुके हैं और टी20 विश्व कप 2016 तथा वनडे विश्व कप 2019 सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। नौ जून को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के लिए वह नीली जर्सी में वापसी करेंगे और उनका लक्ष्य विश्व कप खिताब जीतना है। भारत के लिए विश्व कप जीतना सपना है। मैं हमेशा से टीम को पहले रखता आया हूं और लक्ष्य टीम को आईसीसी खिताब दिलाना है। इससे पहले चार बार मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल खिताब जीत चुके हार्दिक ने गुजरात टाइटंस के साथ मिली कामयाबी को खास बताया। यह खिताब खास है क्योंकि मैने बतौर कप्तान जीता है।

## भारतीय टीम की कप्तानी के दावेदार के रूप में उभरे हैं हार्दिक : गावस्कर

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग 2022 में हार्दिक पंड्या की नेतृत्व क्षमता से प्रभावित पूर्व महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि यह स्टार आलराउंडर निकट भविष्य में भारतीय टीम की अगुआई करने के प्रबल दावेदार के रूप में उभरा है। पिछले साल टी20 विश्व कप में लचर प्रदर्शन के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर रहे हार्दिक ने गुजरात टाइटंस की अगुआई करते हुए टीम को उसके पहले ही सत्र में खिताब दिलाया। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, हां निश्चित तौर पर। यह सिर्फ मेरा आकलन नहीं बल्कि सभी का आकलन है (नेतृत्वकर्ता के रूप में हार्दिक का दर्जा बढ़ा है)। यह उसके खेल का ऐसा पहलू था जिसके बारे में किसी को अधिक जानकारी नहीं थी। जब आपके अंदर नेतृत्व क्षमता होती है तो निकट भविष्य में भारतीय राष्ट्रीय टीम की कप्तानी के सम्मान का रास्ता स्वत: ही खुल जाता है। यह रोमांचक है, तीन या चार और नाम दौड़ में हैं। मैं यह नहीं कहूंगा कि अगला वही होगा लेकिन चयन समिति के पास विकल्प होना शानदार है। हम सभी को पता है कि वह बल्ले के साथ क्या कर सकता है, वह गेंद के साथ क्या कर सकता है लेकिन सत्र की शुरुआत से पहले थोड़ी चिंता थी कि क्या वह अपने कोटा के पूरे ओवर गेंदबाजी कर पाएगा। उसे ऐसा किया, उसने ऐसा करके दिखाया।



## खुली बस में सड़कों पर उतरी गुजरात टाइटंस की टीम, सीएम से मुलाकात की

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग के अपने पहले ही सत्र में खिताबी जीत का जश्न मनाने के लिए सोमवार को ऊपर से खुली बस में सड़कों पर उतरी तो उनकी एक झलक पाने के लिए हजारों प्रशंसक शहर की सड़कों पर जमा हो गए। सोमवार को ही गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने भी नए आईपीएल चैंपियन की मेजबानी की और उन्हें सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, आईपीएल 2022 विजेता गुजरात टाइटंस के खिलाड़ियों से बात करने का मौका मिला। उन्होंने टीम के सभी सदस्यों के हस्ताक्षर वाला बल्ला मुझे भेंट में दिया।

## अगर भारत को अगले कुछ साल में कप्तान की जरूरत होगी तो मैं हार्दिक को चुनूंगा: वॉन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान ने पदार्पण कर रहे गुजरात टाइटंस को अपनी अगुआई मे इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जिताने के बाद भारत के भविष्य के कप्तान के रूप में हार्दिक पंड्या के नाम की वकालत की है। हार्दिक ने पूर्व चैंपियन राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट चटकाने के अलावा 34 रन की उम्दा पारी खेली जिससे टाइटंस ने सात विकेट से जीत दर्ज करते हुए आईपीएल 2022 का खिताब जीता। वॉन ने ट्वीट किया, नई फ्रेंचाइजी की शानदार उपलब्धि... अगर भारत को अगले कुछ वर्षो में नए कप्तान की जरूरत है तो मैं हार्दिक पंड्या के अलावा किसी के नाम पर गौर नही करूंगा। शानदार काम किया गुजरात। आईपीएल 2022। रोहित शर्मा अभी तीनों प्रारूप में भारतीय टीम के कप्तान है। उन्होंने विराट कोहली से यह जिम्मेदारी ली है। हार्दिक के नेतृत्व कौशल की सराहना कई मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों ने की है जिनमें सुनील गावस्कर और टाइटंस टीम के मार्गदर्शक गैरी कर्स्टन भी शामिल है। हार्दिक ने आईपीएल 2022 में 487 रन बनाने के अलावा आठ विकेट भी चटकाए। फाइनल में उनके शानदार प्रदर्शन की बदौलत टाइटंस ने रॉयल्स को नौ विकेट पर 130 रन के स्कोर पर रोक दिया। हार्दिक ने 34 रन की अहम पारी भी खेली जिसके बाद शुभमन गिल (नाबाद 45) और डेविड मिलर (नाबाद 32) ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। टाइटंस ने 18.1 ओवर में जीत दर्ज की।

## हर कोई याद रखेगा, टीम थी जिसने इस सफर की शुरुआत की थी : हार्दिक

**अहमदाबाद।** पांच बार के आईपीएल चैम्पियन हार्दिक पंड्या ने कहा है कि पहली बार टूर्नामेंट में उतरी गुजरात टाइटंस के साथ इस ताजा जीत के बारे मे आने वाली पीढियां बात करेंगी। हार्दिक की कप्तानी मे गुजरात टाइटंस ने अपने पहले ही सत्र मे इंडियन प्रीमियर लीग खिताब अपने नाम किया। हार्दिक के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर फाइनल मे रविवार को टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से मात दी। हार्दिक मुंबई इंडियंस के साथ चार बार आईपीएल जीत चुके है। हार्दिक ने जीत के बाद कहा , हर कोई याद करेगा कि यह टीम थी जिसने सफर की शुरूआत की थी और पहले ही साल मे चैम्पियनशिप जीतना खास है। उन्होंने कहा कि आईपीएल 15 के लिए मेगा नीलामी के बाद ही उन्हे पता था कि वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। जब नीलामी खत्म हुई तो मुझे पता था कि मै चौथे नंबर पर उतरूंगा। हार्दिक ने चार ओवर मे 17 रन देकर तीन विकेट लिए। अपनी गेंदबाजी के बारे मे उन्होने कहा , मै सही समय पर दिखाना चाहता था कि मैने कितनी मेहनत की है। वह यही दिन था। गेंदबाजी के नजरिए से मैने सर्वश्रेष्ठ दिन के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बचा रखा था। सही लैंग्थ पर बने रहने से और बल्लेबाज को शॉट खेलने के लिए मजबूर करने से कामयाबी मिलती ही है।

## एक लाख दर्शकों के सामने पदार्पण सत्र में खिताब जीतना अद्भुत : कर्स्टन

**अहमदाबाद।** राजस्थान रॉयल्स पर सात विकेट से जीत के बाद अपने पहले ही सत्र में आईपीएल खिताब जीतने वाली गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने कहा कि एक लाख दर्शकों के सामने पदार्पण सत्र में खिताब अपने नाम करना अद्भुत है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर एक लाख से अधिक दर्शकों के सामने हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली गुजरात टीम ने आईपीएल फाइनल जीता। भारतीय टीम के साथ विश्व कप 2011 जीत चुके कर्स्टन ने कहा , नीलामी में टीम संतुलन और गहराई की तलाश रहती है लेकिन सबसे महत्वपूर्ण था हरफनमौलाओं का चयन। हमारी गेंदबाजी पूरे टूर्नामेंट में मजबूत थी और आखिर में तो एक अतिरिक्त गेंदबाज के साथ उतरे। उन्होंने फाइनल में बल्ले और गेंद के जौहर दिखाने वाले पंड्या की तारीफ करते हुए कहा , हार्दिक बहुत विनम्र और सीखने को लालायित रहता है। उसने उम्दा बल्लेबाजी की और जिम्मेदारी लेकर खेला जबकि आईपीएल में उसका यह रूप हमने अभी तक नही देखा था। उन्होंने कोच आशीष नेहरा की तारीफ करते हुए कहा , आशीष के साथ काम करने में मजा आया। वह रणनीति बनाने में बहुत अच्छा है।

## तैराक माना पटेल ने सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय हासिल किया

**नई दिल्ली।** भारतीय तैराक माना पटेल ने फ्रांस में मारे नोस्ट्रम तैराकी के कैनेट चरण में महिलाओं की 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकाला। गुजरात की 22 साल की ओलंपियन तैराक ने प्रतियोगिता के आखिरी दिन रविवार रात को एक मिनट 03.69 सेकंड के समय के साथ अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इससे पहले भी यह रिकॉर्ड पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में भाग ले चुकी इस तैराक के नाम ही था। उन्होंने पिछले साल बेलग्रेड में एक मिनट 03.87 सेकंड का समय लिया था।

## सतेंदर के मामले यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने जगबीर का फैसला सही माना

**नई दिल्ली।** यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने राष्ट्रमंडल खेलों के चयन ट्रायल में 125 क्रिग्रा वर्ग में भारतीय पहलवान सतेंदर मलिक के बाउट (मुकाबले) की समीक्षा करने के बाद कहा कि रेफरी जगबिर सिंह का प्रतिद्वंद्वी पहलवान मोहित को दो अंक देने का फैसला सही था। सतेंदर ने सोशल मीडिया पर इस मामले मे भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पर पक्षपात करने का आरोप लगाया था। इसके बाद डब्ल्यूएफआई ने खेल की वैश्विक संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू के रेफरी आयोग को इस विवादित बाउट का वीडियो भेज कर उनकी राय मांगी थी।

## शुभंकर डच ओपन में 14वें स्थान पर

**क्रॉम्वॉयर्ट (द नीदरलैंड)।** भारत के शुभंकर शर्मा डीपी विश्व टूर के डच ओपन गोल्फ टूर्नामेंट मे संयुक्त 14वे स्थान पर रहे। शर्मा ने टूर्नामेंट के दौरान 18 बर्डी की लेकिन 13 बोगी भी कर गए। शुभंकर ने अंतिम दौर मे छह बर्डी की लेकिन तीन बोगी भी कर गए जिससे उनका स्कोर तीन अंडर 69 रहा। शुभंकर का इस प्रदर्शन से आत्मविश्वास बढ़ेगा क्योंकि वह पिछले पांच टूर्नामेंट मे से चार मे कट हासिल करने मे नाकाम रहे थे। दो अन्य भारतीय गगनजीत भुल्लर (73-74) और एसएसपी चौरसिया (74-77) कट से चूक गए।

## वाणी बेल्जियम में संयुक्त 41वें स्थान पर

**वांजे।** भारतीय गोल्फर वाणी कपूर लेडीज यूरोपीय टूर पर मित्रा बेल्जियन लेडीज ओपन मे संयुक्त 41वे स्थान पर रही। दिल्ली की 28 वर्ष की गोल्फर वाणी ने 75-70-71 का स्कोर किया। भारत की अमनदीप ड्राल और रिधिमा दिलावारी कट मे प्रवेश से चूक गई थी। स्वीडन की लिन ग्रांट ने पांच अंडर 67 का स्कोर करके खिताब अपने नाम किया।

## महिला कुश्ती टीम कजाखिस्तान जाएगी

**लखनऊ।** गत फरवरी से चल रहे सीनियर महिला कुश्ती प्रशिक्षण शिविर से चुनी गई टीम कजाखिस्तान में होने वाली दूसरी रैंकिग सीरीज में भाग लेने जाएगी। यह टूर्नामेंट 2 जून से 6 जून तक आयोजित की जाएगी। टीम-नीलम, पूजा गहलोत, सुषमा शौकीन, मानसी, सरिता, साक्षी, मनीषा, दिव्या काकरान, पूजा व बिपाशा। वहीं कैडेट महिला कुश्ती प्रशिक्षण शिविर भी प्रारंभ हो गया है। यह 22 मई तक चलेगा इसमें अब तक 14 खिलाड़ी शामिल हो चुके हैं।

# पांच सेट में जीते नडाल, अब सामना जोकोविच से



भाषा। पेरिस

**रोलां गैरो** पर रा फा रा फा के शोर के बीच अपने कैरियर का 112वां मैच खेल रहे रफेल नडाल ने पांच सेटों में जीत दर्ज करके साबित कर दिया कि उन्हें लाल बजरी का बादशाह क्यो कहा जाता है। नडाल ने साढ़े चार घंटे तक चले चौथे दौर के मुकाबले में फेलिक्स ओगर एलियास्सिमे को 3–6, 6–3, 6–2, 3–6, 6 –3 से हराया। जीत के बाद उन्होंने कहा , ईमानदारी से कहूं तो जब भी यहां खेलता हूं तो पता नहीं चलता कि क्या यह रोलां गैरो पर मेरा आखिरी मैच होगा। अब हालात ऐसे ही हो गए हैं इसलिए मैं हर मैच का मजा लेना चाहता हूं। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना नोवाक जोकोविच से होगा। जोकोविच का नडाल के खिलाफ कैरियर रिकॉर्ड 30 . 28 का है लेकिन फ्रेंच ओपन में नडाल ने उनके खिलाफ सात मैच जीते और दो हारे हैं। जोकोविच ने 15वीं वरीयता प्राप्त डिएगो श्वार्त्जमैन को 6–1, 6–3, 6 –3 से हराया। अन्य क्वार्टर फाइनल में ज्वेरेव का सामना दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी स्पेन के अलकाराज से होगा। ज्वेरेव ने क्वालीफायर मिरालेस को 7–6, 7– 5, 6– 3 से हराया।

## रूने ने गत उपविजेता सितसिपास को बाहर किया

**पेरिस।** डेनमार्क के 19 साल के होल्गर रूने ने फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम-16 के मुकाबले मे सोमवार को उलटफेर करते हुए गत उपविजेता स्टेफानोस सितसिपास को हराकर पहली बार ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल मे जगह पक्की की। विश्व रैंकिंग मे 40वें स्थान पर काबिज इस खिलाड़ी ने पुरूष एकल मे चौथी वरीयता प्राप्त सितसिपास को 7-5, 3-6, 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। यूनान के सितसिपास रैंकिंग मे शीर्ष आठ मे शामिल खिलाड़ियों मे टूर्नामेंट से बाहर होने वाले पहले खिलाड़ी हैं। छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अलकाराज ने पहले ही क्वार्टर फाइनल का टिकट पक्का कर लिया है जिससे 1994 के बाद फ्रेंच ओपन मे यह पहला मौका है जब अंतिम आठ मे दो किशोर खिलाड़ियों ने अपनी जगह बनाई है। मौजूदा फ्रेंच ओपन से पहले ग्रैंडस्लैम का एक भी मुकाबला नही जीतने वाले रूने के सामने अब आठवी वरीयता प्राप्त नॉर्वे के कैस्पर रूड की चुनौती होगी। रूने ने चौथे सेट मे 5-2 की बढ़त लेने के बाद कुछ समय के लिए लय गंवा दी थी। उन्होंने लगातार नौ अंक गंवाए जिससे स्कोर 5-4 हो गया। उन्होंने इसके बाद तीन ब्रेक प्वाइंट का शानदार बचाव कर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। रूड का भी यह पहला ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल है। उन्होंने 12वी वरीयता प्राप्त हुबर्ट हुरकाज को रोलां गारो मे 6-2, 6-3, 3-6, 6-3 से शिकस्त दी। रूड फ्रेंच ओपन के अंतिम आठ मे पहुंचने वाले नॉर्वे के पहले पुरूष खिलाड़ी है। महिला एकल मे दारिना कसातकिना ने प्री-क्वार्टर फाइनल मे कैमिला जियोर्जिया को 6-2, 6-2 से शिकस्त देकर इस ग्रैंडस्लैम मे अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी की। रूस की 20वी वरीयता प्राप्त इस खिलाड़ी ने मुकाबला जीतने के लिए सर्विस करते हुए जियोर्जिया की सहज गलतियों का फायदा उठाते हुए ब्रेक प्वाइंट बचाने के बाद मैच को अपने नाम किया। अंतिम आठ मे उनका सामना हमवतन वेरोनिका कुदरमेतोवा से होगा। कुदरमेतोवा ने पहला सेट गंवाने के बाद अमेरिका की मैडिसन कीज को।-6, 6-3, 6-। से हराया। कीज पहले सेट को आसानी से जीत गई थी लेकिन रूस की खिलाड़ी ने इसके बाद शानदार वापसी की और

## कसातकिना और कुदरमेतोवा क्वार्टर फाइनल में



कसातकिना

### जोकोविच के खिलाफ अपने पंसद के समय पर नहीं खेल पाएंगे नडाल

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन का खिताब 13 बार जीत चुके रफेल नडाल दुनिया के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी नोवाक जोकोविच के खिलाफ इस ग्रैंडस्लैम का क्वार्टर फाइनल मैच मंगलवार को अपनी पसंद के अनुसार दिन के समय नही खेल पाएंगे। आयोजकों ने टूर्नामेंट के प्रसारक के साथ चर्चा के बाद इस बड़े मुकाबले को रात में कराने का फैसला किया। क्ले कोर्ट की गति रात में थोड़ी धीमी हो जाती है, इसलिए नडाल मुकाबले को दिन में खेलना चाहते थे। उन्होंने रविवार को साढ़े चार घंटे तक चले पांच सेट के चौथे दौर के मुकाबले में फेलिक्स ओगर एलियास्सिमे को हराया। अब उनके सामने जोकोविच की चुनौती होगी।

## फुटबॉल खिलाड़ियों को सही मौका देने की जरूरत: बाइचुंग भूटिया



भाषा। शिलांग

**भारत के** पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया ने सोमवार को कहा कि देश में फुटबॉल के परिदृश्य में काफी बदलाव आ रहा है और खिलाड़ियों को सही मौका देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत में खेलों में काफी प्रतिभा है। भूटिया ने यहां असम राइफल्स पब्लिक स्कूल में बाइचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल (बीबीएफएस) के उद्घाटन के मौके पर पीटीआई–भाषा से कहा, भारत में फुटबॉल के परिदृश्य में काफी बदलाव आ रहा है और अब खिलाड़ियों के लिए अधिक मौके हैं।


## भारतीय पुरुष व महिला राइफल टीम पदक दौर में

**नई दिल्ली।** भारत की पुरुष और महिला टीमें अजरबैजान के बाकू में चल रहे आईएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) विश्व कप में सोमवार को पदक दौर में पहुंचने में सफल रही। महिला टीम का प्रदर्शन हालांकि पुरुष टीम से बेहतर रहा जो मंगलवार को स्वर्ण पदक के लिए डेनमार्क से भिड़ेगी। पुरुष टीम के सामने इसी दिन कांस्य पदक मैच में क्रोएशिया की चुनौती होगी। पूर्व विश्व नंबर एक इलावेनिल वलारिवन, रमिता और श्रेया अग्रवाल ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा के क्वालीफिकेशन के शुरुआती चरण में 90 निशानों के संयुक्त प्रयास से 944.4 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में 17 टीमों ने भाग लिया।

# अश्विन को प्रदर्शन में सुधार करके आफ स्पिन गेंद अधिक डालनी होंगी : संगकारा

भाषा। अहमदाबाद

**राजस्थान रॉयल्स** के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा का मानना है कि रविचंद्रन अश्विन एक महान क्रिकेटर हैं लेकिन उन्हें सुधार के बारे में सोचकर पारंपरिक आफ ब्रेक गेंद अधिक डालनी चाहिए। भारत के लिए सर्वाधिक टेस्ट विकेट (442) लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर काबिज अश्विन अपनी गेंदबाजी में काफी प्रयोग करते हैं। वह कई बार पारंपरिक आफ ब्रेक से अधिक कैरम बॉल डालते हैं। संगकारा ने आईपीएल फाइनल में गुजरात टाइटंस से सात विकेट से हार के बाद कहा , अश्विन ने हमारे लिए



बेहतरीन प्रदर्शन किया है। क्रिकेट के मैदान पर उसकी उपलब्धियां उसे लीजेंड बनाती हैं। इसके बावजूद सुधार की गुंजाइश है , खास तौर पर उसे आफ स्पिन गेंद अधिक डालनी चाहिए। अश्विन इस सत्र में 17 मैचों में 12 विकेट ही ले सके। फाइनल में भी उन्होंने आफ ब्रेक गेंदों की बजाय कैरम बॉल अधिक डाली। उन्होंने तीन ओवर में 32 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिल सकी। राजस्थान की टीम नौ विकेट पर 130 रन ही बना सकी और संगकारा का मानना है कि वह काफी नहीं थे। 130 रन कभी काफी नहीं थे। हम यह भी बात कर रहे थे कि पहले गेंदबाजी चुनी जाए ।जब हम मैदान पर पहुंचे तो पिच सूखी थी और हमें लगा कि यह धीमी हो जाएगी जिससे हमारे स्पिनरों को टर्न मिलेगा। हम 160 . 165 रन की उम्मीद कर रहे थे। , हमने दस ओवर में एक विकेट पर 70 रन बनाए थे और हम अच्छी स्थिति में थे लेकिन संजू के आउट होने के बाद उनके गेंदबाजों ने दबाव बना लिया।

## क्यूरेटर और मैदानकर्मियों को एक करोड़ 25 लाख का पुरस्कार देगा बोर्ड

**मुंबई।** बीसीसीआई ने हाल में संपन्न इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान पिच तैयार करने वाले क्यूरेटर और मैदानकर्मियों को एक करोड़ 25 लाख रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की है। पदार्पण कर रहे गुजरात टाइटंस ने रविवार रात खिताबी मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से हराकर आईपीएल 2022 का खिताब जीता। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने ट्वीट में कहा, मुझे उन व्यक्तियों के लिए एक करोड़ 25 लाख रुपए का पुरस्कार घोषित करने की खुशी है जिन्होंने टाटा आईपीएल 2022 के दौरान हमें सर्वश्रेष्ठ मुकाबले दिए। गुमनाम नायक: इस सत्र में आईपीएल के छह स्थलों के क्यूरेटर और मैदानकर्मी।

## दिसंबर में टी-20 श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगी भारतीय महिला टीम

**मेलबर्न।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम इस साल दिसंबर में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए विश्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने सोमवार को इस सत्र के लिए महिला और पुरूष टीम के कार्यक्रम की घोषणा की। भारतीय महिला टीम ने आखिरी बार मार्च में वनडे विश्व कप खेला था। अब वह जुलाई में राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेगी और सितंबर में इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे और तीन टी20 मैचों की श्रृंखला खेलेगी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकली ने कहा , टीम के लिए अगले आठ महीने काफी रोमांचक होंगे जिसमें भारत का दौरा, पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला , द हंड्रेड और अपना घरेलू सत्र शामिल है ।इसके बाद टी20 विश्व कप होना है। आस्ट्रेलियाई पुरूष टीम भी सितंबर में तीन टी20 मैच खेलने भारत आएगी। टी20 विश्व कप आस्ट्रेलिया में 17 अक्टूबर से 14 नवंबर के बीच होना है। आस्ट्रेलियाई पुरूष टीम को इस साल भारत के दौरे पर चार टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 खेलने थे लेकिन कोरोना महामारी के कारण टी20 विश्व कप एक साल खिसकने के कारण अब लाल गेंद के मैच अगले साल फरवरी और मार्च में होंगे। भारतीय पुरूष टीम नौ से 19 जून तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेगी जिसके बाद आयरलैंड दौरे पर दो टी20 खेलने हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां और आखिरी टेस्ट एक जुलाई से होगा जो पिछले साल भारतीय खेमे में कोरोना संक्रमण के मामले आने के बाद स्थगित कर दिया गया था।

## श्रीशंकर ने यूनान में स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली।** तोक्यो ओलंपियन लंबी कूद खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने यूनान के चानिया में वेनिजेलिया–चानिया 2022 एथलेटिक्स मीट में 7.95 मीटर की कूद के साथ स्वर्ण पदक जीता। रविवार को फ्रांस के पोमेरी (7.73 मीटर) और कोनाटे (7.71 मीटर) ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। पिछले महीने 8.36 मीटर की कूद के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाले श्रीशंकर ने इससे पहले यूनान में ही 12वीं अंतरराष्ट्रीय जंपिंग मीट में 8.31 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता था। केरल के इस एथलीट ने सत्र की पहली इंडिया ओपन जंप्स मीट में 8.14 और 8.17 मीटर की कूद लगाई थी। उन्होंने कोझिकोड में फेडरेशन कप में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ कर विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2022 के लिए क्वालीफाई किया था।

# भारत फाइनल में पहुंचने की कोशिश करेगा

## कोरिया से एशिया कप फाइनल में भिड़ंत

भाषा। जकार्ता

**गत चैम्पियन** भारतीय टीम सुपर 4 चरण के आखिरी राउंड रॉबिन लीग मैच में दक्षिण कोरिया को हराकर एशिया कप पुरूष हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने के इरादे से उतरेगी। भारत ने रविवार को मलेशिया के खिलाफ मुकाबले में जीत की ओर कदम रख ही दिया था लेकिन रजी रहीम ने हैट्रिक लगाकर भारत को 3–3 से ड्रॉ पर रोक दिया। भारत ने पहले मैच में शनिवार को जापान को 2 –। से हराया था। सुपर 4 अंकतालिका में कोरिया प्लस दो के गोल अंतर के साथ शीर्ष पर है जबकि भारत प्लस एक के गोल अंतर के साथ दूसरे स्थान पर है। दो मैच हारने के बाद जापान दौड़ से बाहर है जबकि मलेशिया अगर जापान को न्यूनतम दो



गोल से हरा देता है तो उसके पास मौका है बशर्ते भारत और दक्षिण कोरिया का मैच ड्रॉ रहे। भारतीय टीम के इरादे कोरिया को हराकर अगर मगर के फेर से बचने के होंगे। वैसे यह चुनौती उतनी आसान भी नहीं है। सुपर 4 चरण में कोरिया ने मलेशिया को 2–2 से ड्रॉ पर रोका और जापान को 3–1 से हराया है। भारत ने भी पहले दो पूल मैचों के बाद अपने खेल में काफी सुधार किया है।

## भारतीय पुरूष हॉकी टीम रैंकिंग में चौथे स्थान पर फिसली, महिला टीम छठे पायदान पर पहुंची

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरूष टीम अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) की सोमवार को जारी नवीनतम रैंकिंग मे एक स्थान फिसल कर चौथे पायदान पर आ गई तो वही महिलाओं की टीम एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे पायदान पर पहुंच गई। पुरूष और महिला वर्ग मे क्रमशः ऑस्ट्रेलिया (2842.258) और नीदरलैंड (3049.495) की टीमें शीर्ष पर काबिज हैं। पुरूष वर्ग मे नीदरलैंड (2465.707) ने एफआईएच प्रो लीग मे शानदार प्रदर्शन के दम पर तीसरे स्थान पर काबिज भारत (2366.990) को चौथे स्थान पर धकेल दिया। बेल्जियम (2764.735) की टीम दूसरे स्थान पर है। इस रैंकिंग मे जर्मनी (2308.156) पांचवें जबकि हाल ही मे फ्रांस और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत दर्ज करने वाली इंग्लैड की टीम छठे (2171.354) स्थान पर पहुंच गई। अर्जेटीना (2147.179) की टीम सातवे स्थान पर खिसक गई है। शीर्ष 10 मे इसके बाद न्यूजीलैंड, स्पेन और मलेशिया का नंबर है। महिलाओं की रैंकिंग मे अर्जेन्टीना (26744.837) की टीम दूसरे जबकि ऑस्ट्रेलिया (2440.750), इंग्लैड (2204.590) और जर्मनी (2201.085) की टीमे क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवे स्थान पर बनी हुए है। भारतीय टीम (2029.396) ने छठे स्थान पर स्पेन (2016.149) की जगह ली, जो सातवें पायदान पर खिसक गया। इसके बाद बेल्जियम, न्यूजीलैंड और जापान की टीम शीर्ष 10 मे है।

## महाराट्र अंतरराष्ट्रीय शतरंज में ग्रैंडमास्टर अमोनातोव व ग्रैंडमास्टर ललित बाबू पर नजरें

**पुणे।** ताजिकिस्तान के ग्रैंडमास्टर फारूख अमोनातोव मंगलवार से यहां शुरू हो रहे पहले महाराष्ट्र अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र होंगे जिसमें 17 ग्रैंडमास्टर सहित 140 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार 2000 से अधिक ईएलओ रेटिंग वाले खिलाड़ियों के इस टूर्नामेंट में 17 ग्रैंडमास्टर के अलावा 29 अंतरराष्ट्रीय मास्टर और कुछ महिला ग्रैंडमास्टर हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट में कुल 24 देशों के खिलाड़ी खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। ग्रैंडमास्टर अमोनातोव ईएलओ रेटिंग 2622 के साथ शीर्ष वरीय खिलाड़ी हैं जबकि भारतीय चुनौती की अगुआई ग्रैंडमास्टर ललित बाबू (2563) करेंगे जो मेजबान देश के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं। यूक्रेन के पूर्व विश्व चैंपियन रुस्लान पोनोमारियोव के टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की उम्मीद थी लेकिन उनका वीजा आवेदन अधिकारियों ने रद्द कर दिया है। वीजा रद्द करने का कारण पता नहीं चल पाया है। प्रतियोगिता आठ जून तक खेली जाएगी जिसमें स्विस लीग के 11 दौर के मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता में भारत के शीर्ष खिलाड़ियों के अलावा ताजिकिस्तान, बेलारूस, जॉर्जिया, अजरबेजा, अमेरिका, श्रीलंका, बांग्लदेश जैसे देशों के खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। इसके साथ ही सात देशों के 455 से अधिक खिलाड़ियों ने पहले पुणे ओपन शतरंज टूर्नामेंट (2000 से कम ईएलओ रेटिंग वालों के लिए) में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है जिसका आयोजन महाराष्ट्र अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के साथ ही किया जाएगा।